डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स
81,006.61 -494.75
डॉलर
84.071 +0.022
पलामू सर्राफा
10 ग्राम 77,110
01 किलो 91,650

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर
कार्तिक कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024, वर्ष-31, अंक-05, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10
बेंगलुरु टेस्ट में भारत
46 रन पर...





आईआरसीटीसी की एप या वेबसाइट से ऑनलाइन टिकट लें या रेलवे टिकट काउंटर से नया नियम सभी जगह लागू होगा

31 अक्टूबर तक वर्तमान नियम के तहत 120 दिन पहले एडवांस बुकिंग होगा

# रेलवे ने एडवांस टिकट बुकिंग की समय सीमा घटाकर 60 दिन की

**ब्यूरो/नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने सवारी ट्रेन में यात्रा करने के लिए एडवांस टिकट बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इसकी अधिसूचना गुरुवार (17 अक्टूबर) 2024 को जारी कर दी गई। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि ताज एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस जैसी कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में अग्रिम आरक्षण समय सीमा में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां पहले से ही कम समय सीमा लागू है।



**120** से घटा कर अब 60 दिन कर दी गयी है एडवांस रिजर्वेशन की समयसीमा

**04** महीने की बजाय अब दो महीने पहले से रिजर्वेशन करवा पाएंगे आम यात्री

**365** दिनों की एडवांस बुकिंग नियम विदेशी पर्यटकों के लिए यथावत जारी रहेगा

**01** नवंबर 2024 से पूरे देश में लागू होगा भारतीय रेलवे का यह नया नियम

## दीपावली में 2 घंटे
## क्रिसमस में 35 मिनट
# आतिशबाजी



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दीपावली, छठ और गुरु पर्व पर आतिशबाजी के लिए समय का निर्धारण कर दिया है। इन तीनों पर्व पर दो घंटे तक आतिशबाजी की जा सकेगी, जबकि क्रिसमस और न्यू ईयर पर इसके लिए मात्र 35 मिनट का समय तय किया गया है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसे लेकर दिशा-निर्देश तैयार किए हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने भी 16 अक्टूबर को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रांची में शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती से रोक लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर शिकायतें दर्ज कराने वालों के नाम हर हाल में गोपनीय रखे जाएं। इस मामले में कोर्ट ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश भी जारी किया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से पारित आदेश के आलोक में आतिशबाजी के लिए मापदंड निर्धारित किए हैं। झारखंड के उन शहरों में जहां वायु गुणवत्ता का स्तर अच्छा या संतोषप्रद है, वहां निर्धारित समय पर ही पटाखे चलाये जा सकेंगे। पटाखों की बिक्री को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर वायु प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर राज्य के सभी उपायुक्तों को भी पत्र लिखा गया है।



**दीपावली की रात**
08 से 10 बजे तक पटाखे चलाने की अनुमति

**छठ के दिन सुबह**
06 से 08 बजे तक पटाखे चलाने की अनुमति

**गुरु पर्व की रात**
08 से 10 बजे तक पटाखे चलाने की अनुमति

**क्रिसमस की रात**
11.55 से 12:30 आतिशबाजी की अनुमति

**31 दिसंबर की रात**
11.55 से 12:30 आतिशबाजी की अनुमति

**ध्वनि सीमा तय**
125 डेसिबल से कम के पटाखों की ही बिक्री होगी

**साइलेंट जोन**
100 मी. की परिधि में आतिशबाजी पर रहेगी रोक

## सोन नदी में नहाने गए भाई-बहन की डूबने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड के लोहरगाड़ा गांव में गुरुवार को स्कूल की छुट्टी के बाद सोन नदी में नहाने गए दो सगे भाई-बहन की डूबने से दुखद मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, उपेन्द्र चौधरी का दस वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार और सात वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी अपने घर लौटने के बाद भोजन कर सोन नदी में नहाने गए थे। साथ में गांव के कुछ अन्य बच्चे भी थे। नदी में बने एक गहरे गड्ढे में नहाने के दौरान दोनों भाई-बहन गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना के बाद अन्य बच्चों ने तुरंत घर जाकर परिजनों को सूचित किया। परिजन और ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर काफी प्रयास के बाद दोनों बच्चों को नदी से बाहर निकाला और तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कांडी ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोनों को



मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को अपने कब्जे में लिया। शुक्रवार की सुबह शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा जाएगा। इस हृदयविदारक घटना से गांव का माहौल गमगीन हो गया है, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों के मौत के बाद मां की कोख सुनी हो गई। घर का चिराग बुझ गया। दोनों बच्चों की मौत से घर-परिवार में रो-रो कर बुरा हाल है।

### प्रमंडलीय आयुक्त ने किया विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण
## दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए न्यूनतम सुविधाओं पर विशेष जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी विधानसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत प्रमंडलीय आयुक्त श्री बाल किशुन मुंडा ने पलामू जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया। आयुक्त ने कहा कि मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता से चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जा सकता है। आयुक्त ने निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए पंजीकरण, परिवहन सुविधा, रैंप, व्हीलचेयर, कतार में बेंच या कुर्सी, शेड, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ



शौचालय, समुचित प्रकाश व्यवस्था और पंखे जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इन सुविधाओं से मतदाताओं को बेहतर अनुभव होगा और मतदान प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। **मतदान केंद्रों की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण :** आयुक्त ने संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर बीएलओ से की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और मतदान केंद्रों की सुविधाओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय, शौचालय की स्वच्छता, रनिंग वाटर और साइनेज लगाने का भी निर्देश भी दिए। आयुक्त ने यह भी कहा कि 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं के लिए घर से शेष पृष्ठ 11 पर

**विश्रामपुर, छतरपुर और डालटनगंज के मतदान केंद्रों का भ्रमण**

आयुक्त ने 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के गुरी, कधवान, कमता, केतात और रेहला के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा, 78 छतरपुर और 76 डालटनगंज विधानसभा क्षेत्रों के शहरी मतदान केंद्रों का भी दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के सचिव विजय वर्मा, विश्रामपुर के अंचल अधिकारी राकेश तिवारी, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, पंडवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा, और सदर अंचल अधिकारी अमरदीप सिंह बलहोत्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आज से शुरू होगा 43 विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि 18 अक्टूबर से प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन शुरू होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। नामांकन दिन के 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक होगा। अवकाश के दिन नामांकन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बताया कि इस दौरान नामांकन स्थल के 100 मीटर की परिधि के भीतर सिर्फ तीन गाड़ियों के प्रवेश की अनुमति होगी। प्रत्याशी के साथ सिर्फ चार लोग नामांकन कक्ष में जा सकेंगे। प्रत्याशी के नामांकन के लिए 10 लोगों का प्रस्ताव अनिवार्य होगा। हर सामान्य प्रत्याशी को 10 हजार रुपये बतौर जमानत राशि जमा करानी होगी। वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए यह राशि पांच हजार रुपये होगी। शपथपत्र के रूप में हर प्रत्याशी को फार्म 26 को स्पष्ट रूप से पूरा भरना होगा। प्रत्याशियों को अपने आपराधिक मामलों से जुड़ी जानकारी कम से कम तीन समाचार पत्रों में विज्ञापित करानी होगी। उसे अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर भी प्रदर्शित करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक



**11** बजे से पूर्वाह्न 03 बजे तक नामांकन स्थल में दाखिल कर सकेंगे पर्चा

**04** लोग प्रत्याशी के साथ नामांकन कक्ष में जा सकेंगे

**25** अक्टूबर है नामांकन की अंतिम तिथि, अवकाश के दिन नामांकन नहीं

**10** हजार रुपये बतौर जमानत राशि सामान्य प्रत्याशी को जमा करानी होगी

**10** लोगों का प्रस्ताव सभी उम्मीदवार के नामांकन के लिए अनिवार्य होगा

**05** हजार रुपये जमानत राशि एसटी व एससी प्रत्याशी को जमा करानी होगी

प्रत्याशी चुनाव खर्च के ब्योरा के लिए अलग से बैंक अकाउंट खुलवा लें।

**दो दिवसीय कला महोत्सव का उद्घाटन आज :** उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से जुड़ा दो दिवसीय कला महोत्सव जयपाल सिंह स्टेडियम में शुरू हो रहा है। इसका उद्घाटन शुक्रवार को दिन में 11 बजे होगा। महोत्सव में 81 नामचीन कलाकार झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी सांस्कृतिक सरोकार पर अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कई तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर सभी मतदाताओं को आमंत्रित करते हुए सपरिवार आने की अपील की। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 37 लाख रुपये के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। पत्रकार वार्ता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार और उप निदेशक, जनसंपर्क आनन्द मौजूद थे।

## विधायक भानू पर आचार संहिता का मामला दर्ज

**- गलत रिपोर्ट पर सीओ अनिल रविदास के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गलत रिपोर्ट सौंपने के मामले में रमकंडा के सीओ अनिल रविदास पर कार्रवाई के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड से अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की है। वहीं, बंशीधर नगर के एसडीओ ने भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही पर आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज की है। **रमकंडा प्रखंड में आचार संहिता का उल्लंघन :** उपायुक्त ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जयप्रकाश यादव नामक व्यक्ति ने रमकंडा प्रखंड के पुनदाग गांव से सी-विजिल पोर्टल पर 16 अक्टूबर को दोपहर 01:03 मिनट का एक वीडियो क्लिप डाला। वीडियो में कुछ महिलाएं हाथ में साड़ी लेकर खड़ी हैं और कह रही हैं कि यह साड़ी राजकिशोर मुखिया ने दी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर को इस शिकायत के बाद उन्होंने रमकंडा के अंचल अधिकारी को तुरंत जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के द्वितीय उड़नदस्ता दल रंका-रमकंडा प्रखंड के शिफ्ट बी में रमकंडा सीओ अनिल रविदास की प्रतिनियुक्ति थी। सीओ ने शिकायत की जांच की और ऑनलाइन जवाब शेष पृष्ठ 11 पर

## रांचीवासियों ने दिल खोलकर किया ड्रीम गर्ल का स्वागत



**रांची। ड्रीम गर्ल हेमामालिनी और उनकी बेटी ईशा देओल गुरुवार को एक व्यावसायिक कार्यक्रम में भाग लेने रांची पहुंचीं। रांची पहुंचने पर उनके फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। उन्होंने हाथ हिलाकर अपने फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। ड्रीम गर्ल और उनकी पुत्री का एक झलक पाने के लिए कार्यक्रम स्थल के बाहर काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिससे यातायात व्यवस्था भी कुछ घंटों तक प्रभावित रही। इससे पहले हेमा मालिनी सिल्ली में आयोजित गूंज महोत्सव में शिरकत कर चुकी हैं। यह दूसरा मौका है जब हेमा मालिनी रांची पहुंची हैं।**

## इंडिया
# एटीएम मास्टर के बजाय रोजगार के नाम पर कराई जा रही साइबर ठगी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड का जामताड़ा साइबर अपराधों के लिए विश्व में कुख्यात हो गया है जिसपर फिल्म और धारावाहिक तक बने हैं। पर अब साइबर अपराध के तौर तरीके बिलकुल बदल गए हैं। हाल ही में 67 भारतीय नागरिकों को फर्जी नौकरी का लालच देकर कंपाउंड घोटाले में फंसाया गया, जिन्हें कंबोडियाई पुलिस ने बैंत मीन्ची प्रांत के पोईपेट शहर से मुक्त कराया था। इन व्यक्तियों को फर्जी एजेंटों द्वारा यह भरोसा दिलाते हुए अवैध साइबर अपराध गतिविधियों में फंसाया गया था कि वे वैध रोजगार के प्रस्ताव को स्वीकार रहे हैं। कंबोडियाई सरकार के सहयोग से भारतीय दूतावास ने मुक्त कराए गए अपने नागरिकों को अलग-अलग समूहों में वापस स्वदेश भेजा। स्कैम कंपाउंड धोखाधड़ी करने वाले संगठनों का समूह है जो आम तौर पर मानव तस्करी में शामिल रहते हैं। जनवरी, 2022 से भारतीय दूतावास एक हजार से ज्यादा भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी करा चुका है। वर्ष 2024 के पहले नौ महीनों के दौरान ही करीब 770 भारतीय नागरिक स्वदेश लौटे। भारत सरकार ने अपने नागरिकों को विभिन्न मिशनों के जरिये कंबोडिया और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में संदिग्ध एजेंटों और सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से मिलने वाली नौकरियों के प्रस्तावों से बचने व सावधानी बरतने की चेतावनी जारी करती रही है। भोले-भाले भारतीय नागरिकों को वैध रोजगार का वादा कर साइबर अपराधों में फंसाया जाता है, विशेषकर डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसी नौकरियों का प्रलोभन देकर। इन साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसने पर भारतीय नागरिकों को अवैध साइबर गतिविधियों में शामिल होने के लिए बाध्य किया जाता है। जैसे-फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाना, बिना सोचे-समझे लोगों को धोखा देने के लिए धोखाधड़ी वाली साजिशों में शामिल होना। इन पीड़ितों में दूसरे देशों के लोग भी शामिल हैं, जिन्हें साइबर अपराध के लिए मजबूर किया जाता है, इनमें 'पिग बुचरिंग' घोटाले भी है जहां ये साइबर ठग लोगों के साथ ऑनलाइन संबंध स्थापित कर उन्हें सोशल मीडिया या डेटिंग एप्स के जरिये गलत निवेश के लिए मजबूर करते हैं। 'पिग बुचरिंग', जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, जिस तरह जानवर को मारने से पहले उसे खिला-पिलाकर मोटा-ताजा किया जाता है। ठीक उसी तरह ये धोखेबाज लालच देकर पीड़ितों



को पहले विश्वास में लेते हैं और फिर उनसे भारी मात्रा में धन ऐंठ लेते हैं। धोखेबाजी का यह खेल पिछले करीब दो वर्षों से चल रहा है। 2022 में द लाओशियन टाइम्स ने खबर प्रकाशित की कि 130 भारतीय पेशेवरों को लाओस, म्यांमार और कंबोडिया से मुक्त कराया गया। उन्हें थाईलैंड में नौकरी का प्रस्ताव देकर फंसाया गया था, लेकिन दूसरी जगह ले जाया गया और आपराधिक नेटवर्क के जरिये उन्हें साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया गया। भारत में राज्य सरकारों के साथ ही केंद्र सरकार ने भी बार-बार सलाह जारी कर भारतीयों को विदेश में फर्जी नौकरियों के प्रस्तावों के प्रति सचेत किया है। अपने सपनों की नौकरी के बजाय पीड़ित खुद को जेल में पाते हैं, विशेष रूप से म्यांमार, लाओस, कंबोडिया के कुछ हिस्सों में, जहां उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी का काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। आपराधिक गिरोह जान-बूझकर युवा, शिक्षित और थोड़ी-बहुत तकनीकी जानकारी रखने वाले, लेकिन दुनिया से कम परिचित लोगों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) की सितंबर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों को नौकरी के विज्ञापनों द्वारा लुभाया जाता है, जो उच्च वेतन और दिलचस्प काम का प्रस्ताव देते हैं। झूठे इंटरव्यू के बाद पीड़ित नौकरी हासिल कर लेता है, छह महीने के कार्य-अनुबंध पर हस्ताक्षर करता है और फिर उसे दक्षिण पूर्व एशिया भेजा जाता है, जिसके बारे में उसे लगता है कि वहां उसकी एक रोमांचक नई पेशेवर भूमिका होगी। मुख्य रूप से विश्वविद्यालयों से निकले स्नातक छात्रों को शिकार बनाते हैं, जो कई भाषाओं में पारंगत होते हैं, सूचना प्रौद्योगिकी कौशल से युक्त होते हैं, सोशल मीडिया से परिचित होते हैं और जिन्हें क्रिप्टोकरेंसी का कामचलाऊ ज्ञान होता है। संगठित आपराधिक समूह के लिए ये शर्तें जरूरी होती हैं, क्योंकि उन्हें एक कुशल कार्यबल की जरूरत होती है, जो साइबर स्पेस में आपराधिक गतिविधियों-विभिन्न घोटालों से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध जुए तक को अंजाम दे सके। यूएनओडीसी ने बताया कि अपराध नेटवर्क के भर्तीकर्ता चुनिंदा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निशाना बना रहे हैं, जो युवाओं के लिए कंफर्ट जोन होता है। फेसबुक (मेटा) और इंस्टाग्राम पर भी धोखाधड़ी वाले नौकरी के विज्ञापन और पोस्ट की पहचान की गई है। संगठित अपराध समूहों और संभावित पीड़ितों के बीच संपर्क व्हाट्सएप, लाइन, टेलीग्राम और मैसेंजर के माध्यम से होता है। विदेश में नौकरी की ललक और बाहरी दुनिया के बारे में कम जानकारी, दोनों घातक साबित होते हैं। भारत की सरकारी एजेंसियों को उन युवाओं को सचेत करने के लिए उनकी तरह एआई सहित हर संभावित मंच का उपयोग करना चाहिए और हमें भी सजग रहना चाहिए।

### टीपीसी ने जारी किया निर्देश
## कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा चालक नहीं चलायें वाहन, नहीं तो जाएगी जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग और चतरा में कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा चालकों को टीपीसी ने चेतावनी देते हुए वाहन नहीं चलाने का फरमान जारी किया है। संगठन ने कहा है कि बड़कागांव, केरेडारी से टंडवा, टंडवा से पिपरवार तक हाइवा चलाने वाले सभी चालकों और उपचालकों को कड़ी हिदायत के साथ चेतावनी दी जा रही है। पहले भी कई बार चेतावनी दी गयी है। पहली चेतावनी सदाबह नदी के पास गोलीबारी करके दी गयी थी, फिर भी कंपनी ने संगठन से बात नहीं किया। इस वजह से केरेडारी में आगजनी और गोलीबारी के साथ चालकों के साथ मारपीट की गयी। फिर भी कंपनी को कोई फर्क नहीं पड़ा। इसलिए, आप सभी हाइवा चालकों और उपचालकों से निवेदन है कि आप इस कंपनी में

**बड़कागांव, केरेडारी से टंडवा, टंडवा से पिपरवार तक हाइवा चलाने वाले सभी चालकों और उपचालकों को कड़ी हिदायत**

**हाइवा चालक, उपचालक कंपनी में गाड़ी नहीं चलाएं : टीपीसी**

गाड़ी नहीं चलाएं। टीपीसी ने आगे कहा कि आपकी जान जायेगी तो कंपनी को नया आदमी मिल जायेगा, लेकिन आपका घर परिवार सड़क पर आ जायेगा, आपकी पत्नी को नया पति नहीं मिलेगा और आपके मां-बाप को दूसरा बेटा नहीं मिलेगा। इतना बोलने के बाद भी संगठन की बात को दरकिनार करते हैं तो आपकी जान जायेगी और उसकी जवाबदेही आपकी खुद की होगी।

# बाघवनवा नदी किनारे दफन महिला का शव बरामद, हत्या का आरोप पति और अन्य दो पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के नासो जमालपुर गांव के पास बाघवनवा नदी किनारे गुरुवार को एक महिला का शव दफनाया हुआ पाया गया। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर शव को मिट्टी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। मृतका की पहचान रीता देवी के रूप में हुई, जिसकी हत्या के आरोप में उसके पति गोरख भुइयां और दो अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, रीता देवी का तीन महीने पहले गोरख भुइयां से प्रेम विवाह हुआ था। शादी के बाद से दोनों के बीच लगातार विवाद होता था। 14 अक्टूबर को रीता देवी अचानक गायब हो गई, जिसके बाद उसके घरवालों ने उसकी खोजबीन शुरू की। 16 अक्टूबर को ग्रामीणों ने बाघवनवा नदी के पास एक जगह पर शव दफनाए जाने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया, जिसकी पुष्टि रीता देवी के रूप में हुई।

**पति समेत तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**

मृतका की भाभी लक्ष्मी देवी ने हुसैनाबाद थाना में अपने पति के भाई गोरख भुइयां, उसकी बहन ममता देवी और ममता के पति कुलदीप भुइयां के खिलाफ हत्या की शिकायत दर्ज कराई है। लक्ष्मी देवी ने पुलिस को बताया कि रीता देवी के पति गोरख भुइयां ने उसकी हत्या की और शव को छिपाने के लिए उसे नदी किनारे दफन कर दिया।

**पोस्टमार्टम और पुलिस की कार्रवाई**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पलामू के उपायुक्त के आदेश पर गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान दंडाधिकारी की उपस्थिति में चिकित्सकों ने शव का परीक्षण किया। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद है।

**जांच जारी**

हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनंत सिंह ने बताया कि हत्या के मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मृतका कहां की रहने वाली थी, इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल



**मेदिनीनगर।** पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक दोनों मेदिनीनगर से नीलांबर पितांबरपुर स्थित अपने घर जुरु जा रहे थे।घायलों की पहचान स्व. सुरेश उरांव के 30 वर्षीय बेटे संतोष उरांव व महावीर उरांव के बेटे अनिल उरांव के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को ऑटो के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। मिली सूचना के अनुसार महावीर मोड़ के निकट एक लोहे के खंभे में टक्कर मार दी।

### राजद प्रत्याशी संजय 24 को करेंगे नामांकन दाखिल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव आगामी 24 अक्टूबर को नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने बताया कि इंडिया गठबंधन के तहत उनको प्रत्याशी बनाया है। इस अवसर पर उन्होंने सभी अभिभावक, युवा, माताएं, बहनें, पार्टी के सभी सम्मानित नेता, कार्यकर्ता को शामिल होने की अपील की है।

## रेल पटरी से युवक का शव बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पुलिस ने मोहम्मदगंज-सतबहिनी स्टेशन के मध्य नवगढ़ गांव के पास खंभा संख्या- 341/13 के करीब रेल पटरी से एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की जेब से मिले पैन कार्ड के आधार पर उसकी पहचान गढ़वा जिले के खरौंधी थाना अंतर्गत बतरा गांव के बीरबल राम के रूप में हुई है। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भेज दिया है। आसपास के ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह युवक का शव को देख इसकी सूचना उंटारी रोड थाना प्रभारी दी थी। सब इंस्पेक्टर मनोज सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई की। वहीं घटना को लेकर सभी बिंदुओं पर छानबीन करने की बात कही। ग्रामीणों ने युवक की मौत किसी ट्रेन से गिरने से होने की आशंका जताई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होने की बात कही जा रही है।

## सांसद से नई ट्रेनों को बढ़ाने व कई ट्रेनों के ठहराव की उठी मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** डीडीयू रेलमंडल के बीडी रेलखंड पर सीमित रेलयात्री का परिचालन होने के अलावे खासकर गढ़वा रोड से सोननगर स्टेशन के बीच रेल यात्रियों को देश के कई प्रमुख स्थानों तक सीधा रेलयात्रा की सुविधा नहीं मिल सकी है। गुरुवार को युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा सिंह, मनोज सिंह, प्रदीप सिंह, कमलेश विश्वकर्मा, महेन्द्र राम, भोला पासवान, सुदर्शन लाल, गुरुप्रताप साहिदेव, संतन चौधरी, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति सहित कई लोगों ने पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम को मांग पत्र भेजने के अलावे ट्वीट कर बताया है कि पलामू के लोगों के लिये रांची के लिये सीधा पैसेंजर ट्रेन परिचालन कराने की अत्यंत जरुरत है। जिससे छोटे छोटे स्टशनों के गरीब व मध्यम वर्ग के यात्री सीधा रांची तक सुलभ यात्रा कर सकें। जबकि रांची चोपन एक्सप्रेस का परिचालन प्रतिदिन कराने की मांग भी उठी है। वहीं हैदरनगर में बढ़ते व्यवसायिक व पर्यटन क्षेत्र को देखते हुए टाटानगर - पटना वंदे भारत व रांची दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस का हैदरनगर स्टेशन पर ठहराव दिलाने की मांग उन्होंने की है। इसके अलावे 23 अक्टूबर से शुरू होने वाली गया लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को सप्ताह में एक दिन वाया सोननगर, डाल्टनगंज, लातेहार, लोहरदगा, रांची होकर चलाने की मांग की है। जिससे पलामू जिले के अधिकांश रेलयात्री सीधा मुंबई तक आवागमन कर सकेंगे। वहीं रेलवे बोर्ड से प्रस्तावित गोमती नगर से पुरी अमृत भारत नई ट्रेन को इस रेलमार्ग से ही परिचालन कराने की मांग करते हुए कहा है कि इससे तीर्थस्थल अयोध्या तक यहां के यात्रियों का आवागमन सुलभ होगा।

## न्यूज बॉक्स

### फुटवियर कारोबारी की बेटी नीट क्वालीफाई की



**छतरपुर।** नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या चार स्थित बारा के रहने वाली रीमा कुमारी ने घर पर रहकर सेल्फ स्टडी कर एमबीबीएस इंट्रेंस की नीट एग्जाम क्वालीफाई कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रीमा के पिता रामजीवन राम पेशे से फुटवेयर कारोबारी है। इस बाबत रीमा ने बताया कि बचपन से ही शौक था कि वह एक डॉक्टर बनकर समाज की सेवा कर सकें। उसकी प्राइमरी शिक्षा से लेकर मैट्रिकुलेशन तक सरकारी विद्यालय में ही पूरी हुई। इसके बाद छतरपुर स्थित आरके प्लस टू उच्च विद्यालय में आईएससी की शिक्षा पूरी हुई। उसने ऑनलाइन क्लास कर नीट एग्जाम परीक्षा में सफलता पाई। पिता राम जीवन ने कहा रात के कभी 2:00 बजे उठकर भी देखता वह पढ़ते नजर आती थी। रीमा की इस सफलता पर मां कुसुम देवी, मेडिकल ऑफिसर डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. रागिनी रंजन, समाजसेवी निवर्तमान क्षेत्र के संबंधित वार्ड पार्षद रवि राज सहित अन्य लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाइयां दे उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सड़क पर दर्जनों गड्ढे, बारिश में कीचड़, धूप में धूल बनी मुसीबत



**हरिहरगंज।** करोड़ों की लागत से निर्मित पीपरा प्रखंड के दुबटिया मोड़ से पीपरा बाजार होते हुए जपला-पथरा जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से दोपहिया और चौपहिया वाहन चालक हादसों के शिकार हो रहे हैं। इस पथ पर यात्रा के दौरान लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि चार साल पहले ही तातेया कंस्ट्रक्शन द्वारा करीब 52 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य की शुरूआत में ही ग्रामीण सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठा चुके थे। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के इस हाल के लिए निर्माण कार्य के संवेदक और इलाके के क्रशर संचालक भी जिम्मेदार हैं, जिनके द्वारा रात-दिन गिट्टी और स्टोन डस्ट ओवरलोडेड हाइवा का परिचालन किया जाता है। जहां बारिश होती है, वहां लोगों को सड़क के गड्ढों में भरे कीचड़ और गंदे पानी से जूझना पड़ता है। बारिश के थमने के बाद कीचड़ के सूखने पर हालत और भी बदतर हो जाती है। जर्जर सड़क पर उड़ती धूल से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी पैदल चलने वालों को हो रही है। वाहनों के गुजरने से उनके शरीर पर धूल की परत जम जा रही है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत की कोई पहल नहीं हो रही है। हालांकि धूल से राहत दिलाने के लिए पानी का छिड़काव किया जाता है, लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहा है। धूल के कारण आसपास के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो रही हैं।

## युवाओं ने विधायक पर वादाखिलाफी के खिलाफ किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालिम।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लेस्लीगंज प्रखंड के युवाओं ने भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता के खिलाफ गुरुवार को मौन प्रदर्शन किया। डॉ. शशिभूषण मेहता के मौर्य फॉर्म हाउस के गेट पर बैठ कर पांच वर्षों का हिसाब मांगते नजर आए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधायक ने 2019 के चुनाव के दौरान जो वादा किया था, उनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने विधायक पर आरोप लगाया कि वह सिर्फ अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए काम कर रहे हैं और युवाओं के मुद्दों को अनदेखा कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि डॉ. शशिभूषण मेहता ने चुनावी वादों में 101 गरीब लड़कियों की शादी कराने, गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने और किसानों के लिए हरेक पंचायत में पांच पांच डीप बोरिंग की सुविधा देने के अलावा युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। 5 वर्षों के बाद भी इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हो सका है, जिससे जनता में गहरा असंतोष फैल गया है। युवाओं ने तख्तियों के सहारे विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण रैली निकाली और कहा कि उनका विरोध किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि विधायक की विफलताओं के खिलाफ है।

## शिक्षक संघ ने डीईओ को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने उन्हें माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। परिचय संबोधन शिक्षिका जितेंद्र तिवारी द्वारा दिया गया। जिलाध्यक्ष अजय कुमार ने पलामू जिले की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों की समस्याओं पर संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। संगठन के सचिव ने शिक्षक हित में कार्य करने का अनुरोध किया और समस्याओं के समाधान के लिए आग्रह किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि वे शिक्षकों की सभी समस्याओं को सुनकर यथासंभव समाधान करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षकों के सहयोग से ही विभाग आगे बढ़ेगा। इस समारोह में कोषाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद सोनी, उपाध्यक्ष मोहम्मद अशरफ अली, बिगु राम, मो. रफी अहमद, संयुक्त सचिव बालमुकुंद, रोहित कुमार, विनय पाठक, कार्यकारी सदस्य प्रदीप प्रजापति, राज्य कार्यकारिणी सदस्य शैलेश कुमार यादव के अलावा कई अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे, जिनमें शाहिद अनवर, मृत्युंजय सर, कमलेश विश्वकर्मा सर, सूर्य देसी राम, दौलत पासवान, पुष्कर नाथ मिश्रा, अमित कुमार, गीतांजलि कुमारी, मीनू कुमारी और पुष्पा कुमारी शामिल थे।

## हरिहरगंज-पीपरा में डिग्री कॉलेज की कमी से छात्र-छात्राएं वंचित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** डेढ़ लाख से अधिक की आबादी वाले पलामू जिले के सबसे सुदूरवर्ती हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड में आजादी के 77 साल बाद भी शिक्षा के समुचित विकास के लिए डिग्री कॉलेज की स्थापना नहीं की गई है। इस कारण इन दोनों प्रखंडों के हजारों छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। स्थानीय प्रबुद्धजनों का कहना है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में सफल होने के बावजूद इंटर से आगे की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। संपन्न परिवारों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए पटना, रांची, बनारस, मेदिनीनगर, औरंगाबाद, गया आदि स्थानों पर एडमिशन कराने में कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन डिग्री कॉलेज की अनुपस्थिति के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। यहां के प्रतिभाशाली छात्र हर वर्ष मैट्रिक और इंटर परीक्षा में प्रखंड, जिला और राज्य के टॉप टेन में नाम दर्ज कराते हैं, फिर भी हरिहरगंज में डिग्री कॉलेज की कमी के कारण उनकी प्रतिभा कुंठित हो रही है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध लोगों ने कई बार हरिहरगंज में डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए संबंधित विभाग और शिक्षा मंत्रालय को गुहार लगाई है, लेकिन अब तक किसी भी संबंधित विभाग या जनप्रतिनिधियों ने इस मुद्दे पर संज्ञान नहीं लिया। इस संबंध में पूर्व बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता ने पलामू सांसद वीडी राम से हरिहरगंज में डिग्री कॉलेज की स्थापना कराकर विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने की मांग की है।

## दागी नेताओं को समर्थन देने का फैसला शीर्ष नेतृत्व करती है तो स्वीकार्य नहीं : कर्नल




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय सिंह की अध्यक्षता में हुसैनाबाद- हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के कर्नल ब्रिगेड और किसान ब्रिगेड की एक अहम बैठक हुई। बैठक में कर्नल संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने भाजपा में तन-मन-धन से काम किया। पार्टी की सेवा की। वे चाहते थे कि भाजपा के माध्यम से ही हुसैनाबाद की सेवा करें, लेकिन हाल के दिनों में जो कुछ घटनाक्रम हुए हैं, उसको देखते हुए वे अब बड़ा फैसला लेने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के माध्यम से हुसैनाबाद के भ्रष्टाचार से मुक्त कराना चाहते थे। इसके लिए किसान ब्रिगेड, महिला ब्रिगेड और युवा ब्रिगेड का माध्यम से काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज किसान ब्रिगेड, महिला ब्रिगेड और यूथ ब्रिगेड की बैठक में आगे रणनीति तय की जायेगी और विधानसभा चुनाव में अपना प्रतिनिधि उतारेंगी। विचार-विमर्श के बाद उम्मीदवार का नाम तय किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की जनता को तय करना है कि वह अपना मान सम्मान के लिए सच्चा प्रतिनिधि चुनेगी। इस अवसर पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दल एनसीपी, राजद, बीएसपी, भाजपा के कई लोगों ने किसान ब्रिगेड की सदस्यता ग्रहण किया। उन्हें कर्नल संजय कुमार सिंह ने फूल माला देकर उनका किसान ब्रिगेड में स्वागत किया। मौके पर बिन्देश्वरी यादव, विनोद पासवान, पूर्व प्रमुख सतनारायण पासवान, पंसस सतेन्द्र भुईयां,जुगनू मेहता, राजाराम पासवान, उपेन्द्र मेहता, रनधीर पटेल, संतोष राम, संगीता, शाहबुद्दीन अंसारी, सराजु अंसारी, इशरार अहमद उर्फ गुड्डू देवी, देवन्ती देवी, मीना देवी, लालमती देवी सहित काफी संख्या में किसान ब्रिगेड के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भक्ति जागरण में गायिका अनुपमा यादव के गाने पर झूमे श्रोता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न होने के उपलक्ष्य में सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति द्वारा प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय के मैदान परिसर में बुधवार की देर शाम भक्ति जागरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा की प्रतिमा के पास अखंड दीप जलाकर, दुर्गा आरती गाकर एवं 11 ब्राह्मणों द्वारा शंखनाद के साथ की गई। सम्मान समारोह कार्यक्रम में पांकी विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों संगीत कला से जुड़े कलाकार गायक, नाल वादक, बैंजो वादक, पैड वादक,छला वादक को सनातन धर्म सभा द्वारा सम्मानित किया गया। भोजपुरी के सुप्रसिद्ध गायिका अनुपमा यादव ने भर दे झोली मैयां मोरी से शुरूआत की। उसके बाद कई झुमाने वाले गाने गाए। कार्यक्रम के दौरान दर्शक झूमते रहे। गायक प्रशांत विश्वकर्मा व उमा शंकर मिश्रा ने एक से बढ़कर एक भक्ति गाना गाकर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर सनातन धर्म के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म विश्व कल्याण की बात करता है। सनातन का न आदि है न अंत है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गे क्षेत्र के हर नागरिक के अंदर सद्बुद्धि दे और सभी को एक अच्छा समाज का निर्माण करने का शक्ति दे। मौके पर सनातन धर्म सभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, सचिव राजू राय, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, संरक्षक मुनीन्द्र नाथ दुबे, आनंद कुमार, बालकेश पासवान, सुरेश भगत, दिलीप तिवारी, प्रसिद्ध नारायण तिवारी, पंकज मिश्रा, सीताराम दुबे आदि ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन चंदन कुमार दुबे ने किया। कार्यक्रम में बच्चन पाठक, प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान,अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, बच्चन ठाकुर,संजय वर्मा, चैंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, निहोरा गिरी, उमेश सोनी, ओम प्रकाश सेंडिक, तिवारी, कार्तिक सिंह, ब्यास प्रेम गिरी, अंकू राय, सुशील दुबे, प्रवीण मिश्रा सहित हजारों की संख्या में श्रोता मौजूद थे।

## आस्था

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए कलश यात्रा का आयोजन

# शिव संपत धाम मंदिर में 22 अक्टूबर तक चलेगा महायज्ञ



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी।** प्राचीन शिव संपत धाम मंदिर परिसर में 17 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शिव संपत धाम मंदिर से प्रारंभ होकर थाना रोड होते हुए कोयल नदी के संगम तट पर पहुंची, जहां से श्रद्धालुओं ने पवित्र जल उठाया और उसे लेकर मंदिर परिसर लौटे। इस महायज्ञ का आयोजन पूज्य श्री लक्ष्मी प्रप्पन जीयर स्वामी जी के देखरेख में हो रहा है। शिव संपत धाम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सह यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महायज्ञ में रामकथा वाचक अयोध्यानाथ स्वामी जी, भागवत कथा के लिए महंत संजय जी महाराज और शिव कथा के लिए मानस मर्मज्ञ पूज्य संत मारुति किंकर जी कथा सुनाएंगे। उन्होंने बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र से लोगों का इस महायज्ञ में महत्वपूर्ण योगदान है और यह आयोजन क्षेत्र में अमन, शांति, और खुशहाली लाने में सहायक होगा। कलश यात्रा में अभिमन्यु सिंह ऊर्फ बब्लू सिंह, विकास दुबे, बृजेंद्र पाठक, विभाकर पांडेय, धीरेन्द्र कुमार सिंह ऊर्फ पप्पू सिंह, विजय सिंह कमल, ब्रिक्स, विश्रामपुर सांसद प्रतिनिधी अनुज पांडे सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लगा स्वास्थ्य शिविर

### 470 मरीजों को जांचोपरांत उपचार, मुफ्त दवा का वितरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल द्वारा गुरुवार को रेहला स्थित एलसीएम कॉलेज परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या नूतन रानी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद अरुण कुमार सिंह ने किया। नूतन रानी ने कहा कि लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल आम लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करता है। इसके लिए हॉस्पीटल प्रबंधन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर मरीजों का मुफ्त इलाज करता है। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 470 मरीजों का जांचोपरांत उपचार किया गया। मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया। मरीजों का जांच व इलाज में डॉ ज्योतिका, डॉअभिषेक प्रसाद, डॉ नंदिता कुमारी,अनुपमा कुमारी, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी,आनंद कुमार, बेबी कुमारी,आरती कुमारी ने उल्लेखनीय योगदान दिया। मौके पर डीग्री कॉलेज के प्राचार्य नीलम केशरी,आशुतोष सिंह,मिथलेश पांडे, राकेश कुमार, पुष्पा कुमारी, राकेश कुमार, नीरज दीक्षित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### युवक का मोबाइल चोरी, सीसीटीवी में कैद

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर से पाटन के कजरी निवासी नंदन सिंह का मोबाइल चोरी हो गया। घटना तब घटी जब वह अपनी बहन को रांची चोपन एक्सप्रेस से रांची भेजने आए थे। लगभग 10:30 बजे, उन्होंने मोबाइल गुम पाया और तुरंत जीआरपी को सूचना दी। सीसीटीवी फुटेज में चोर की गतिविधियां कैद हो गई हैं। नंदन सिंह ने लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए मोबाइल चोरी का मामला दर्ज करने की मांग की है।

विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी पूरी

# प्रशासन मुस्तैद, नामांकन आज से



### सीसीटीवी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



सभी निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालयों को सीसीटीवी से लैस किया गया है और नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी सुनिश्चित की गई है। कार्यालयों के प्रवेश द्वारों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि विधि-व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखी जा सके। प्रत्याशियों को कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में केवल तीन गाड़ियों के साथ आने की अनुमति होगी और नाम निर्देशन कक्ष में प्रत्याशी के साथ अधिकतम पांच लोग ही प्रवेश कर सकेंगे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधानसभा चुनाव 2024 का नामांकन शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। जिला प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुक्रवार को अधिसूचना जारी होते ही नामांकन की प्रक्रिया आरंभ होगी, जो 25 अक्टूबर तक चलेगी। नामांकन की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तय की गई है।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशी संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। पांकी विधानसभा के लिए जिला आपूर्ति कार्यालय में, विश्रामपुर के लिए अपर समाहर्ता कार्यालय में, डालटनगंज के लिए सदर अनुमंडल कार्यालय में, छतरपुर के लिए छतरपुर अनुमंडल कार्यालय में, और हुसैनाबाद के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में नामांकन दाखिल किया जाएगा।

### डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट और नया फुटओवर ब्रिज चालू

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट और नया फुटओवर ब्रिज पूरी तरह से चालू हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में लोग इनका उपयोग कम कर रहे हैं। लिफ्ट स्वचालित होने के कारण बुजुर्ग, दिव्यांग और मरीज इसे आसानी से उपयोग कर सकते हैं। नया फुटओवर ब्रिज 70 मीटर लंबा और छह मीटर चौड़ा है, जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने में सुविधा हो रही है। इसके बावजूद, लोग पुराने फुटओवर ब्रिज का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, क्योंकि लिफ्ट स्टेशन के मुख्य द्वार से काफी पीछे है, जिससे लोग इसे कम इस्तेमाल कर रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन



**मेदिनीनगर।** बृहस्पतिवार को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में न्यू एज इंटरनेशनल पब्लिकेशन, नई दिल्ली द्वारा एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, बॉटनी, कंप्यूटर साइंस, विधि, पर्यावरण, भूगर्भ शास्त्र समेत 250 से अधिक विषयों की पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। न्यू एज इंटरनेशनल पब्लिकेशन ने इस अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय को 72 पुस्तकें भेंट कीं। प्रदर्शनी का आयोजन केंद्रीय पुस्तकालय प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार पासवान द्वारा किया गया, जिसमें शिक्षक और छात्रों ने पुस्तकों का अवलोकन किया। इस आयोजन में पुस्तकालय सहायक विजय द्विवेदी, सफाई कर्मी चंपा देवी, और पब्लिकेशन के जनरल मैनेजर जे.के. द्विवेदी एवं क्षेत्रीय मैनेजर आर.आर. चौबे का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों और छात्रों ने इस तरह के प्रदर्शनी को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की, ताकि नई पुस्तकों तक उनकी आसानी से पहुंच हो सके।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेडमा स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2024-25 के परिणाम पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर वर्ग नर्सरी से अष्टम तक के छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों की उपस्थिति में मूल्यांकन परिणामों की घोषणा की गई। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। विद्यालय की अध्यक्ष सुधा सिंह ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, 'आप सभी में प्रतिभा की कमी नहीं है, केवल परिश्रम की कमी है। अपने विषयों को गहराई से पढ़ें और अपनी कमियों को सुधारें। आज की परीक्षाएं वस्तुनिष्ठ हो गई हैं, इसलिए गहन अध्ययन करना आवश्यक है।' विद्यालय के प्राचार्य नंदकिशोर भारती ने छात्रों से समय के महत्व को समझने और अपनी कमजोरियों को दूर करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करना बड़ी बात नहीं है, असली महत्व इस बात का है कि आपका ज्ञान कितना समृद्ध हो रहा है।' समारोह के अंत में प्राचार्य नंदकिशोर भारती ने सभी छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्नेह सुरभि, सब्या कुमारी, रीता सिन्हा, प्रिया रंजनी तिवारी, पूनम तिवारी, स्वर्णा तिवारी, निभा कुमारी, काजल कुमारी, अर्चना पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पलामूः 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल चौथे दिन खत्म



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज चौथे दिन समाप्त हो गई। सभी ड्राइवर और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) काम पर लौट आए हैं।

ज्ञात हो कि तीन महीने से वेतन न मिलने के कारण 92 कर्मचारी हड़ताल पर थे।

हड़ताल खत्म करने के लिए जीवीके एमआरआई के प्रोग्रामिंग मैनेजर नीरज मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने ड्राइवरों और टेक्नीशियनों से हड़ताल समाप्त करने की अपील की और आश्वासन दिया कि अगर उनकी कंपनी का झारखंड सरकार के साथ रिनुअल होता है, तो उन्हें पीएफ प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि ईएसआईसी केवल एक अस्पताल के लिए फायदेमंद है। आश्वासन मिलने के बाद सभी ड्राइवर और टेक्नीशियन काम पर लौट आए।

इस अवसर पर विजय यादव, नारद चौधरी, आशीष तिवारी, ओमप्रकाश गुप्ता, अनूप पासवान आदि मौजूद थे।

#### प्रमुख मांग इस प्रकार है

- एनआरएचएम के माध्यम से वेतन भुगतान
- तीन महीने का बकाया वेतन तुरंत जारी करना
- भारत सरकार के न्यूनतम मानदेय के अनुसार वेतन देना
- पीएफ और ईएसआईसी की सुविधा प्रदान करना
- कंपनी टेंडर प्रक्रिया को प्रति वर्ष बंद करना

# पिता के अवैध संबंध ने पुत्र की ली जान

- 48 घंटे के अंदर आरोपी पिता प्रेमिका के साथ गिरफ्तार
- हत्या में प्रयुक्त टांगी बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस ने सतबरवा थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह में पुत्र के हत्या के आरोपी पिता को उसकी प्रेमिका के साथ 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की घटना में साथ देने वाले और दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। गुरुवार को सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने एसपी कार्यालय में पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खामडीह के पूर्णाडीहा टोला में सकेन्द्र साव (24) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी थी। मृतक की मां रविंदा देवी ने लेस्लीगंज के रजहरा की रहने वाली बेबी देवी (31) के खिलाफ सकेन्द्र की हत्या करा देने की एफआइआर दर्ज करायी थी। हत्याकांड में पिता पर भी संदेह था। पुलिस ने मौके से पिता को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद 24 घंटे के भीतर हत्या मामले का खुलासा पुलिस ने कर लिया। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर की सुबह सकेन्द्र साव की हत्या की जानकारी होने पर थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गयी। टीम में पुअनि विश्वनाथ कुमार राणा, सअनि बसंत दुबे, सुबोध कुमार, जवान संजय तिग्गा व वीरेन्द्र कुमार को शामिल किया गया। छानबीन व एफआइआर के आधार पर हत्या का मामला सुलझ गई है।

**पांच वर्ष से था अवैध संबंध :** एसडीपीओ ने बताया कि सरेश साव और बेबी देवी के बीच पांच वर्षो से अवैध संबंध था। बेबी भी शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। उसके पति का पिछले पांच साल से कोई लापता है। इसअवैध संबंध का सकेन्द्र विरोध करता था। कई बार मारपीट भी हुई थी। घटना वाली रात भी सकेन्द्र और उसके पिता के बीच विवाद हुआ था। लगातार विवाद और विरोध के कारण बेबी और सरेश ने मिलकर सकेन्द्र की हत्या की योजना बनायी। इस घटना में दो अन्य लोगों को भी शामिल किया गया। घटनास्थल पर तीन लोगों की मौजूदगी रही। टांगी से सकेन्द्र की हत्या की गयी। हत्या में इस्तेमाल टांगी गांव के माइंस के गड्ढे के पानी से बरामद किया गया। घटना वाले दिन सकेन्द्र हर दिन की तरह पुराने घर से भोजन करने के बाद नये अर्द्धनिर्मित पक्का मकान में सोने चला गया था। बरामदे पर सोया हुआ था। इसके बारे में मृतक के पिता को पूरी जानकारी थी। 14-15 अक्टूबर की रात पिता दो अन्य सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचा और फिर उसने बेटे के सिर पर टांगी से कई बार वार किया और मौत के घाट उतार दिया। मृतक डालटनगंज-रांची मुख्य मार्ग पर पंचर की दुकान चलाता था।

## पलामू के प्रत्यय कुमार ने जीता गोल्ड मेडल, खेलो झारखंड प्रतियोगिता में किया स्कूल का नाम रोशन



रांची में आयोजित खेलो झारखंड एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शॉट पुट में मिली सफलता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में 16 से 19 अक्टूबर 2024 तक रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में खेलो झारखंड एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में पलामू जिला के पोखर कला मध्य विद्यालय के खिलाड़ी प्रत्यय कुमार ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग के शॉट पुट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

प्रत्यय ने अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार पाठक और कोच रेशमा पांडे का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि पलामू जिला के लिए गौरव की बात है। प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि प्रत्यय कुमार को विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्यय को जिला स्तर पर विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी, जिससे वह नेशनल प्रतियोगिता में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

सुभकामना देने वालों में प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार पाठक, स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, पलामू डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, पलामू योगासन संघ के सचिव अनिल कुमार पांडे, पलामू जिला वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, वूशु संघ के सचिव सुमित सरस, वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव अभिलाष चंचल, शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद, प्रदीप कुमार मेहता, रविंद्र उरांव, वेद प्रकाश, और रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी के एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे एवं प्रीति कुमारी शामिल हैं। सभी ने पलामू खेल जगत में खुशी व्यक्त करते हुए प्रत्यय को शुभकामनाएं दी हैं।

# आचार संहिता लगने के 48 घंटे बीतने पर भी नहीं उतारे गए राजनीतिक बैनर-पोस्टर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के रेड़मा चौक और पोखराहा क्षेत्र से आचार संहिता लगने के लगभग 48 घंटे बाद भी कई राजनीतिक बैनर और पोस्टर नहीं हटाए गए हैं। कचहरी के सामने उपयुक्त आवास के मुख्य दरवाजे के सामने भी एक बैनर लगा हुआ था। पलामू के डीसी ने आचार संहिता लागू होने के बाद सभी राजनीतिक और सरकारी बैनर, पोस्टर, झंडे आदि हटाने का निर्देश दिया था। हालांकि, रेड़मा चौक पर लगे बैनर पर किसी का ध्यान नहीं गया। सूचना मिलने पर, शाम के समय पोखराहा क्षेत्र के बिजली के खंभे पर लगे पोस्टर को हटा लिया गया। लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बावजूद कचहरी के सामने डीसी आवास के बगल से पोस्ट नहीं हटाया जाना असमंजस का विषय है। गौरतलब है कि आज से प्रत्याशियों का नामांकन शुरू होना है, जिसके कारण कचहरी क्षेत्र में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इस संबंध में जानकारी लेने पर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने बताया कि शहर और निगम क्षेत्र सहित पूरे इलाके में बैनर और पोस्टर हटाने का काम पूरा हो चुका है। जिन स्थानों पर बैनर छूट गए हैं, उन्हें जल्द ही हटा लिया जायेगा।




# बच्चों के बेहतर परिणाम से संत मरियम स्कूल ने भरी नई उड़ान : अविनाश देव

- संत मरियम स्कूल के अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम से अभिभावक और विद्यार्थी प्रसन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय, नावाटोली में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से विद्यार्थी और अभिभावक उत्साहित नजर आए। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को परिणाम पत्र वितरित करते हुए कहा कि संत मरियम स्कूल विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास और शिक्षकों की मेहनत से नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल के बच्चों की सफलता से अभिभावकों का विश्वास और मजबूत हो रहा है। शनिवार को कजरी और नावाहाता ब्रांच के परीक्षा परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।

## राशन वितरण में डीलर कर रहा धांधली, ग्रामीणों ने की बर्खास्तगी की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** पतरिया कला पंचायत के ग्रामीणों ने दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह और माता महिला स्वयं सहायता समूह के डीलरों पर राशन वितरण में धांधली करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार को इस संबंध में आवेदन देकर डीलरों की बर्खास्तगी की मांग की। ग्रामीणों, जिनमें शंभू चौधरी, चतनी देवी, सीमा देवी, ललन चौधरी, और मनीष चौधरी प्रमुख हैं, ने बताया कि पिछले छह महीनों से दोनों स्वयं सहायता समूह के डीलर कार्डधारियों को प्रति यूनिट निर्धारित पांच किलो राशन के बजाय साढ़े तीन या साढ़े चार किलो राशन ही दे रहे हैं। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो डीलरों ने धमकी देते हुए कहा कि चाहे जहां शिकायत कर लें, उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार की योजना के तहत गरीबों को हर महीने पांच किलो राशन मिलना चाहिए, जिससे उनकी मदद हो सके, लेकिन डीलर गरीबों के हक को हड़पने में लगे हैं। इस मामले पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि जांच कर दोषी डीलरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रगतिशील शायर डॉ. शोएब राही की स्मृति में 'याद ए राही' मुशायरा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एदारा ए फिक्र ओ अदब व प्रगतिशील लेखक संघ (पलामू) के संयुक्त तत्वावधान में उर्दू के प्रसिद्ध प्रगतिशील शायर डॉ. शोएब राही की पुण्यतिथि पर 'याद ए राही' नामक शानदार मुशायरे का आयोजन स्थानीय उर्दू लाइब्रेरी में हुआ। इस अवसर पर प्रो. मुजफ्फर बलखी की अध्यक्षता और श्री एम.जे. अजहर के संचालन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सासाराम से हास्य कवि हसन इमाम, शायर तनवीर अहमद, और भागलपुर से डॉ. तस्लीम आरिफ विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले सत्र में अतिथियों का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। डॉ. मकबूल मंजर ने डॉ. शोएब राही के व्यक्तित्व पर एक स्मृति पत्र पढ़ा। इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेन्द्र कुमार ने आज के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में शायरी की महत्ता पर जोर दिया। अंतिम सत्र में मुशायरे का आयोजन हुआ, जिसमें शायरों ने अपनी बेहतरीन गजलें पेश कीं। तनवीर अख्तर की पंक्तियां ₹जो शख्स हौसलों की जमीं से निकल गया / मायूसियों की धूप में आकर पिघल गया₹ को खूब सराहा गया। हसन इमाम ने व्यंग्य और हास्य से श्रोताओं को हंसाया। अंत में नौशाद खान ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।

# मानवता, राष्ट्र, और संस्कार का संरक्षण ही सच्ची भक्ति : जीयर स्वामी





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिंगरा में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के दौरान कथा में श्री प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि सच्ची भक्ति वह है जो मानवता, राष्ट्र और संस्कार का संरक्षण करे। स्वामी जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे हम गंगा से सिर्फ शुद्ध जल ग्रहण करते हैं, वैसे ही हमें व्यक्ति के गुणों को अपनाना चाहिए और दोषों को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्ति वही है जो मानव कल्याण के साथ-साथ राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा करे।

स्वामी जी ने कहा कि साधनों में संस्कार का होना आवश्यक है, अन्यथा वे बोझ बन जाते हैं। उन्होंने सत्संग और भक्ति की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने भी कहा था कि सत्संग और भक्ति से उन्हें सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। स्वामी जी ने संन्यासियों के लिए अनुशासन का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें महिलाओं को माता के रूप में देखना चाहिए और लकड़ी, मिट्टी, या कागज से बनी महिला की मूर्ति या तस्वीर को स्पर्श नहीं करना चाहिए।

इस अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन में दो सौ से अधिक संतों ने भाग लिया। संतों ने मानव धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के संरक्षण पर विस्तृत चर्चा की और कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

## एक नजर

### पीएचईडी पाइप चोरी करते ट्रक समेत दो गिरफ्तार



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के मसरा गांव के जंगल से जल नल योजना में लगाई जाने वाली पाइप को चोरी करते एक ट्रक समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना बुधवार देर रात्रि की बताई जा रही है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को चिनियां पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के मसरा गांव के जंगल में रखे पीएचईडी विभाग का पाईप जो जल नल योजना में लगाई जानी थी उसे बुधवार की देर रात ट्रक पर लोड किया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मौके से ट्रक पर लदे 33 पाईप व दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर चिनियां थाना ले आई। गिरफ्तार प्राथमिक अभियुक्त सोहन सिंह उम्र 40 वर्ष पिता भजन सिंह जो दलिया हनुमानगढ़ राजस्थान का रहने वाला है। दूसरा गुरप्रीत सिंह पिता गुरबचन सिंह पता तारमाल थाना लंबी,जिला मुक्तसर शाहिल, पंजाब का रहने वाला है। जब्त आईसर ट्रक हरियाणा का बताया जा रहा है। दोनों प्राथमिकी अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय गढ़वा भेज दिया गया है।

# एसपी व डीसी ने सीमावर्ती बिलासपुर चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

## निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रशासन सख्त, सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाई गई

**चेक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी**



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** आगामी विधानसभा चुनाव को भयमुक्त, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गुरुवार को उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने सीमावर्ती बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि आचार संहिता का सख्ती से पालन हो सके। पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने चेक पोस्ट पर आने-जाने वाले सभी वाहनों की गहन जांच का निर्देश दिया और कहा कि चेक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने भवनाथपुर विधानसभा 81 की चुनावी तैयारियों को लेकर अनुमंडल और प्रखंड अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बनाए गए विभिन्न कोषांगों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश जारी किए गए। उपायुक्त शेखर जमुआर ने बैठक के बाद बताया कि निर्वाचन आयोग से मिले निर्देशों के अनुसार चुनावी तैयारियों की समीक्षा की गई है। सीमावर्ती चेक पोस्टों, जैसे बिलासपुर और खोखा, का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, अंचल अधिकारी विकास कुमार सिंह, बीडीओ रौशन कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्रा, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, नगर प्रबंधक प्रमेय मंडिलवार समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बीडीओ ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**केतार।** अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने गुरुवार को आधा दर्जन मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने मध्य विद्यालय परती स्थिति मतदान केन्द्र संख्या 49,50, आमवाडीह मध्य विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 51,52, छाताकुड़ मध्य विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 53,54 प्राथमिक विद्यालय बत्तो कला स्थित,55 मध्य विद्यालय पाचाडुमर मतदान केन्द्र संख्या 56, 57 और प्राथमिक विद्यालय सोनवर्षा स्थित मतदान केन्द्र संख्या 63 का निरीक्षण किया। बीडीओ ने मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, पीने की पानी की व्यवस्था, शौचालय मतदान केन्द्रों पर पेयजल, साफ-सफाई , शौचालय , रैप, सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। बीडीओ ने बूथों पर प्रर्याप्त बिजली की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### भानू प्रताप शाही ने जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया



**धुरकी।** प्रखंड के रक्सी खाला, खुटिया अंबाखोरिया में गुरुवार को विधायक भानू प्रताप शाही ने जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में प्रखंड के चार पंचायत के बूथ अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को विधायक के द्वारा गमछी,टी शर्ट देकर सम्मानित किया गया। आशीर्वाद यात्रा में विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पांच गारंटी का वादा किया है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो गोगो दीदी योजना में हर एक महिलाओं को 2100 प्रति माह दिया जाएगा। बेघरों को आवास मुहैया कराया जाएगा। विधायक ने उन्होंने विपक्षियों पर कई तरह के कटाक्ष भी किया। कहा कि 5 साल मेहनत किया। अब वोटर की बारी है। मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल, इंद्रमणि जायसवाल, संतोष जायसवाल, दीपक सिंह, तेजू कोरवा दामोदर जायसवाल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### झारखंड छत्तीसगढ़ सीमा सील, बढ़ाई गई सुरक्षा बॉर्डर कि जांच करने पहुंचे कई पदाधिकारी

**चिनियां।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाका चिनियां थाना क्षेत्र के गायघाट, कनहर नदी बॉर्डर पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा बैरिकेटिंग लगाकर बॉर्डर को सील कर दिया गया है। वहां आने-जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों की जांच गहनता पूर्वक की जा रही है। इस दौरान संदिग्ध लोगों से पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर रही है। बताते चले कि झारखंड विधानसभा चुनाव की तिथि घोषणा के साथ ही प्रशासनद्वारा सीमा क्षेत्रों में चेक नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी गई हैं। साथ ही थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में व वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बॉर्डर पर सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। बैरिकेटिंग लगाए जाने के दूसरे दिन ही चिनियां प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार व अंचलाधिकारी उमेश्वर यादव ने पहुंच कर बॉर्डर का निरीक्षण कर सुरक्षा में तैनात मजिस्ट्रेट व सुरक्षा कर्मियों को कई तरह के आवश्यक निर्देश भी दिया। इस दौरान सुबोध कुमार ने बताया कि चिनियां छत्तीसगढ़ के बॉर्डर गायघाट पर बैरिकेडिंग लगाकर प्रशासन द्वारा प्रत्येक वाहन की गहनता से जांच की जा रही है, जिसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। विधानसभा चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन करने वाली वस्तुओं के आने-जाने की संभावना है। इसमें प्रशासन हर संदिग्ध गतिविधि पर सख्त निगरानी रख रही है। मौके पर मौजूद अंचलाधिकारी उमेश्वर यादव ने भी स्टाफ को चौबीस घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिया। कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से और भयमुक्त चुनाव करवाने को लेकर प्रखंड प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। मौके पर सीआइ विनोद कुमार गुप्ता, एसाई बबन टुडू, एएसआई काशिद हुसैन, ब्लॉक ऑपरेटर अमित कुमार, सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद थे।

### मतदाता जागरूकता के लिए बच्चों ने बनाई मानव शृंखला



**खरौंधी।** ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता को देखते हुए निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। गुरुवार को इस क्रम में खरौंधी प्रखंड के स्कूली बच्चों ने ग्रामीण मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मानव शृंखला बनाई। इस अभियान में प्लस टू उच्च विद्यालय राजी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय अमरोरा, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय तोरेलावा समेत कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सुबह से ही बच्चे सड़क किनारे कतार में खड़े होकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील कर रहे थे। उनके हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर और पोस्टर थे, जिन पर मतदान के महत्व का संदेश लिखा हुआ था। बच्चों ने सड़क से गुजरने वाले लोगों से बातचीत कर उन्हें जागरूक किया। इस अवसर पर संबंधित विद्यालयों के शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों के इस प्रयास की सराहना की। इस प्रकार के कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### विश्वकर्मा समाज टिकट देने वाली पार्टी का करेगा समर्थन

**मेराल।** विश्वकर्मा समाज के लोगों ने कहा कि जो पार्टी विधानसभा चुनाव में समाज के सदस्यों को उचित संख्या में टिकट देगी, समाज उसी पार्टी को अपना समर्थन देगा। बैठक में उपस्थित बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव, विश्वकर्मा समाज के संरक्षक शिवकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी किए हैं। पार्टी मौका देती है तो मजबूती से चुनाव लड़ेंगे तथा जीत का परचम लहराएंगे। समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा, संरक्षक कृष्णा विश्वकर्मा आदि ने कहा कि अगर बहुजन समाज पार्टी इन्हें टिकट देती है तो समाज तन, मन और धन से चुनाव में समर्थन करेगी। साथ ही कहा कि अगर अन्य पार्टी भी दूसरे सीट से समाज के लोगों को टिकट देती है तो वहां समाज समर्थन करेगी।

## प्रमुख पति और सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप



नवीन मेल संवाददाता

**विशुनपुरा।** प्रमुख दीपा कुमारी और उनके पति चंदन मेहता पर 15वीं वित्त योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लग रहा है। प्रमुख पति चंदन मेहता ग्राम विशुनपुरा में अभय गुप्ता के घर से पोखरा तक नाली निर्माण कार्य को पूर्ण बताकर फर्जी निकासी कर रहे हैं। योजना के सचिव शिव ठाकुर का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि योजना का कार्य अभय गुप्ता के घर से दोहर तक चल रहा है। हालांकि, प्रमुख पति का फोटो दूसरे योजना के कार्य स्थल का है, जिसमें फेकू राम के घर से दोहर तक नाली सफाई और मरम्मती का कार्य दिखाया गया है। विशुनपुरा मुख्यालय में वर्षों से नाली की मांग हो रही है, लेकिन प्रमुख द्वारा नाली का निर्माण नहीं कराया गया। इसके परिणामस्वरूप जलजमाव और दुर्गंध की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि नाली नहीं बनने से उनके घर के पीछे पानी भर जाता है, जिससे दीवारें भी कमजोर हो रही हैं।

## छापेमारी में देशी-विदेशी शराब बरामद, कारोबारी को भेजा जेल



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** अचार संहिता लागू होते ही पुलिस प्रशासन का अवैध शराब कारोबारियों पर बड़ी करवाई से अवैध कारोबारियों में खलबली मच गयी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र नारायण सिंह ने गुरुवार को रमना थाना में बताया कि मड़वनीया पंचायत के मानदोहार ग्राम में अवैध शराब का कारोबार की गुप्त सूचना थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी को मिला। सत्यापन के बाद सुबह ही सूचित स्थान पर दल-बल के साथ छापेमारी की गई। मौके से अशोक राम पिता स्व.शंकर भूइयां के घर से 20 लीटर देशी महुआ शराब,10 केन बियर, 8 बोतल बियर, 22 बोतल छोटा-बड़ा विदेशी शराब बरामद किया गया। इसके बाद जब्ती सूची तैयार कर थाना लाया गया और अभियुक्त अशोक राम के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छपेमारी दल में थाना प्रभारी पुअनि आलोक कुमार सअनि कमलेश कुमार, आरक्षी श्रीकांत पासवान, रामपवन राम और चालक आरक्षी लव कुमार दुबे शामिल थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार की सूचना थाना प्रभारी को बेहिचक लोग दें। अवैध कारोबारी को बख्शा नहीं जायेगा। मौके पर निरीक्षक रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी भी मौजूद थे।

### चुनावी सरगर्मी के बीच स्थानीय मुद्दों पर चर्चा

**डंडई।** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रखंड क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी एकाएक बढ़ गई है। चौक-चौराहों से लेकर चाय-पान की दुकानों तक लोग चुनावी चर्चा करने लगे हैं। समर्थित पार्टी के कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा कर रहे हैं, वहीं आम जनता भी प्रत्याशियों के आचार-विचार और क्षेत्र में विकास के तरीकों पर चर्चा करती नजर आ रही है। विशेष रूप से, डंडई के मोहर होटल में शाम के समय और अरगदेव होटल में सुबह के समय लोग एकत्र होकर चाय के साथ राजनीतिक चचाएं कर रहे हैं। इस दौरान क्षेत्र में कई योजनाओं के अधूरे रहने का मुद्दा भी उठाया जा रहा है, जिनमें केहूनीया नाला योजना शामिल है। लोगों का कहना है कि केहूनीया नाला योजना शुरू हुए 14 वर्ष हो गए हैं, लेकिन अभी तक इसका पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंचा है। इसके अलावा, प्रखंड मुख्यालय में न तो कोई उच्च विद्यालय है और न ही डिग्री कॉलेज। चुनाव में विकास मुख्य मुद्दा रहेगा, और लोग हर बार के चुनाव में नेताओं द्वारा की गई घोषणाओं के बहकावे में आकर अपने कीमती वोट दे देते हैं, लेकिन जब उन नेताओं को प्रतिनिधित्व का मौका मिलता है, तो वे चुनावी वादों से मुंह मोड़ लेते हैं।

### लौहवंशीय विश्वकर्मा परिवार का दशहरा मिलन समारोह संपन्न

**मेराल।** लौहवंशीय विश्वकर्मा परिवार द्वारा जिला मुख्यालय के कल्याणपुर (बेलवाटीकर) में दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। स्वागत कार्यक्रम के संयोजक शंकर प्रताप विश्वकर्मा तथा विषय प्रवेश शिवकुमार विश्वकर्मा ने किया। मंच संचालन अशोक विश्वकर्मा द्वारा किया गया। परिचय सत्र से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। मिलन समारोह में जिले भर से पहुंचे सभी लोगों का स्वागत कुम्भी निवासी अजय विश्वकर्मा द्वारा अंग वस्त्र देकर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लौहवंशीय विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दते हुए कहा कि समाज तथा राष्ट्र हित में हम सभी को एकजुट रहने की जरूरत है। उन्होंने संगठन की जरूरत पर प्रकाश डालते हुए संगठन को धारदार बनाने के कई टिप्स बताया। समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष व सेवानिवृत शिक्षक कृष्णा विश्वकर्मा ने कहा कि हमारा लौहवंशीय परिवार जन्मजात इंजीनियर हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग के साथ-साथ शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़कर काम करने पर जोर दिया। विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि जो पार्टी हमारे लौहवंशीय परिवार के सदस्यों को टिकट देगा उसे तन, मन और धन से चुनाव में सहयोग किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद विश्वकर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा,प्रभु विश्वकर्मा, कामेश्वर विश्वकर्मा द्वारा सामाजिक संगठन और किया गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मौके पर बीरबल विश्वकर्मा, बलराम कृष्ण शर्मा, लक्ष्मी विश्वकर्मा आदि ने सामाजिक चर्चा करते हुई समाज के सशक्तिकरण के लिए पुनर्गठन पर जोर दिया।

## बीडीओ ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**विशुनपुरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में आचार संहिता को लेकर सर्व दलीय बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो, भाजपा, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, के कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ सह अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि चलो चले मतदान करें को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने 60 प्रतिशत से नीचे वाले मतदान केन्द्रो पर मतदान प्रतिशत बढाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लोगों की पलायन सबसे बड़ी समस्या है। पलायन करने वाले मतदाताओं को जागरुक कर रोकने की जरूरत है। जिसको लेकर छठ पूजा में सभी छठ घाटों पर बैनर पोस्टर के साथ मतदाता जागरूकता अभियान विशेष रूप से चलाया जाएगा। उन्होंने सभी दलों के लोगों से आदर्श आचार संहिता का नियमों का पालन करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि वोटिंग के दिन मतदान केन्द्रों पर सुबह 5:30 से लेकर 7:00 तक मॉक पोल किया जाएगा.उसके बाद सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान किया जाएगा। मौके पर धर्मेंद्र सिंह, अशोक पासवान, संजय चंद्रवंशी, अजय पाल, ललन सोनी, भारदूल राम चंद्रवंशी, मानिक सिंह, दयाशंकर गुप्ता, सुदामा राम, सहित प्रखंड अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।



### सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन घायल, एक गंभीर

**रमना।** गढ़वा एनएच 75 परसवान ग्राम में गुरुवार सुबह पिकअप असंतुलित होकर पेड़ से टकरा जाने से उस पर सवार आधा दर्जन सवारी घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र रमना में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल सनाहुल अंसारी उम्र 25 वर्ष पिता जैनुल अंसारी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल खुसता बीबी 25 वर्ष, सैफूउलाह अंसारी 60 वर्ष, अनीशा खातून, रविजान अंसारी 60 वर्ष ग्राम कधवन थाना वंशीधर नगर और गफूर अंसारी 60 वर्ष ग्राम चना को सीएचओ निशा कुमारी द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी।

### चुनावी गतिविधियों में उबाल, केतार में बढ़ी राजनीतिक चहल-पहल

**केतार।** विधानसभा चुनाव की तिथि निर्धारित होते ही प्रखंड में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। केतार बाजार और अन्य गांवों के चौक-चौराहों पर राजनीतिक चचाएं तेज हो गई हैं। कार्यकर्ता अपने-अपने दल और नेता की जीत के दावे कर रहे हैं और ग्रामीणों से संपर्क साध रहे हैं। सत्ता पक्ष के कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बता रहे हैं, जबकि विपक्षी कार्यकर्ता इस सरकार को फेल करार दे रहे हैं और भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं।

## एसडीपीओ ने थाना का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़।** विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के अनुपालन व चुनाव की तैयारी का जायजा रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह व रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रुद्र प्रताप ने संयुक्त रूप से लिया। उक्त दोनों पदाधिकारी ने सर्वप्रथम बड़गड़ थाना का निरीक्षण किया। पदाधिकारियों को निर्देश दिया। इसके बाद बड़गड़ स्थित मुख्य पथ पर अंतरराज्यीय चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारी व कर्मियों को आदर्श आचार संहिता के तहत बरते जाने वाले सावधानियां सहित अन्य जानकारी दी। उन्होंने चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की जांच अपनी उपस्थिति में कराया। साथ ही निर्देश दिया कि वाहनों की जांच में थोड़ी सी भी कोताही नहीं बरतनी है। चेक पोस्ट पर 24 घंटे पुलिस बल दंडाधिकारियों को तैनात रहना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव भय मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराना सभी की जिम्मेवारी है। इसीलिए किसी तरह की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। मौके पर दंडाधिकारी प्रिंस कुजूर, पुअनि विजय शंकर राय सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं बल के जवान उपस्थित थें।

### विस चुनाव की तैयारी: बीडीओ की नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक

# निष्पक्ष और निर्भीक तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने पर जोर



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने गुरुवार को गठित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में बीडीओ ने कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, ईवीएम प्रबंधन, आदर्श आचार संहिता, वाहन कोषांग और स्वीप कोषांगों के दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी साझा की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और निर्भीक तरीके से सम्पन्न कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों तक पहुंचने वाली सड़कों, मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में काम करें। इसके अतिरिक्त, चुनाव में इस्तेमाल होने वाली सामग्री को जल्दी से जल्दी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बीडीओ ने चुनाव में लगने वाले वाहनों का आकलन करने और उनकी सूची तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र से राजनीतिक दलों के बैनर और पोस्टर हटवाने के लिए कहा गया। उन्होंने आचार संहिता के उल्लंघन में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने का विशेष निर्देश दिया। इस बैठक में बीपीआरओ राम सुरेश राम, नवल-किशोर यादव, राकेश कुमार, शिवकुमार यादव, अमर भारती, सत्यम कुमार, राकेश गुप्ता, अरबिंद पासवान, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, राम कुमार प्रजापति, सिराज अंसारी, जयारत अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## डीसी- एसपी ने खोखा बॉर्डर का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** उपायुक्त शेखर जमुआर तथा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने गुरुवार को प्रखंड के खोखा बॉर्डर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। साथ ही चेक पोस्ट पर उपस्थित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग के अधिसूचना के बाद विधान सभा चुनाव को लेकर पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। गढ़वा जिला में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। शुक्रवार से गढ़वा और भवनाथपुर विधानसभा का नामांकन शुरू है। इस निमित एसपी खोखा बॉर्डर पर लगे चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। साथ ही चेक पोस्ट से गुजरने वाले छोटी बड़ी सभी तरह की वाहनों की बारीकी से जांच कर छोड़ने का निर्देश दिया है। वापसी में श्रीवंशीधर अनुमंडल कार्यालय तथा गढ़वा अनुमंडल कार्यालय में नामांकन की तैयारी का भी जायजा लिया। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा विधान सभा चुनाव को लेकर गढ़वा जिला में साथ इंटर स्टेट चेक पोस्ट बनाया गया है। मौके पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, बीडीओ रविन्द्र कुमार, सीओ गौतम कुमार लकड़ा, थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी दल बल के साथ उपस्थित थे।

## एक नजर

### 500 छात्र छात्राओं के बीच किया जाना था साइकिल का वितरण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के आठवीं कक्षा के करीब 500 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया जाना था। साइकिल का आवंटन कल्याण विभाग द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व मिला था। परंतु साइकिल की फिटिंग का कार्य नहीं होने के कारण वितरण समय पर नहीं हुआ। वैसे में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने के कारण साइकिल का वितरण नहीं हो पाएगी। फिलहाल कारीगरों द्वारा 240 साइकिल की फिटिंग का कार्य किया गया है। जबकि शेष साइकिल की फिटिंग का कार्य जारी है। प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी चितरंजन शर्मा ने कहा कि जिला से गाइडलाइन मिलने के पश्चात ही साइकिल का वितरण किया जाएगा। बहरहाल आदर्श चुनाव आचार संहिता के कारण साइकिल वितरण फंस गई है। जबकि छात्र छात्राओं को फिलहाल साइकिल से वंचित रहना पड़ रहा हैं।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैंक समन्वयक के साथ की बैठक, दिए निर्देश

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित अग्रणी जिला प्रबंधक चतरा एवं जिले में स्थित सभी बैंक के समन्वयक के साथ बैठक की गई। उन्होने कहा चतरा और सिमरिया विधानसभा चुनाव प्रथम चरण में 13 नवंबर को होना है। इसके लिए 18 से 25 अक्टूबर तक उम्मीदवारों द्वारा नामांकन किया जाएगा। सभी प्रत्याशियों का नया खाता खोला जाना है। सभी बैंक समन्वयक अपने शाखा में एक अलग काउंटर का अधिष्ठापन कर ले जिससे उम्मीदवारों को खाता खोलवाने में असुविधा न हो। उम्मीदवारों का जो खाता खुलेगा वो नामांकन के एक दिन पहले का खाता खुला हुआ होना चाहिए। इस खाता का उपयोग उम्मीदवारों द्वारा चुनावी खर्चों में किया जाएगा। साथ ही सभी बैंक कैश वाहन के द्वारा जो राशि का स्थानांतरण करते है उनका विवरण सीविजिल एप्प पर किया जाय। साथ ही साथ कैश वाहन पर सीविजिल एप्प द्वारा प्राप्त क्यूआर कोड को भी लगाया जाय ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा

# बांसकरचा स्थित तंबोली चेकनाका का निरीक्षण कर दिया निर्देश

**स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली, मतदाता सिग्नेचर, मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से लातेहार, गारू, महुआडांड़ प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में लातेहार प्रखंड के बूथ संख्या197 (मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका), बूथ संख्या 198 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीएमसी, मकतब तरवाडीह उत्तरी), बूथ संख्या 203, 204 (उत्क्रमित उच्च विद्यालय आश्रम), गारू प्रखंड के बूथ संख्या 215,216,( मध्य विद्यालय सरयू) बूथ संख्याझ 218, (राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाइ), बूथ संख्या 223,221, (राजकीय मध्य विद्यालय गोइंदी), (राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, साल्वे) एवं महुआडांडप्र प्रखंड के बूथ संख्या 244 (राजकीय कृत मध्य विद्यालय, बांसकरचा) का निरीक्षण कर बूथों पर पेयजल की व्यवस्था, साफ सफाई ,कर्मियों के रहने की व्यवस्था, कुर्सी टेबल की व्यवस्था का जायजा लेकर सभी उचित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बूथों पर (एमएफ ) के तहत मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को केंद्र पर पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की जांच करते हुए केंद्र परिसर की साफ-सफाई कराने का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। साथ ही बूथ निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बीएलओ, सुपरवाईजर को कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बांसकरचा स्थित तंबोली चेकनाका का निरीक्षण के दौरान चेक नाका पर मौजूद दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान से जांच के दौरान की जाने वाली कार्रवाई तथा उसकी संपुष्टि से संबंधित जानकारी लेते हुए वाहन चेकिंग के दौरान सभी प्रकार के वाहनों का सघनता से जांच करने तथा इस क्रम में सभी आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों व परिचालन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसके अलावे आईआरबी कैंप महुआडांड़ का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया।

**मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक**

साथ ही स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बूथ संख्या 244 में राजकीय कृत मध्य विद्यालय, बांसकरचा में रंगोली, वोटर सिग्नेचर कैंपेन कार्यकम का आयोजन किया गया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने मतदाता जागरूकता सिग्नेचर पट पर सिग्नेचर कर मतदाताओं को जागरूक किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं को मतदान की महत्ता के प्रति जागरूक किया। मतदाताओं से वार्ता कर उन्होंने अपील की कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान करें। लोग निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन व पुलिस सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन में आए बिना अपने मत का उचित प्रयोग करें। इसके पश्चात कुटमू चौक में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यकम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। मतदान को लेकर जागरूक किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### करम त्योहार को लेकर शोभायात्रा निकाली गई



**महुआडांड़।** कार्तिक मास में बहनों द्वारा भाई की लंबी व दीर्घायु को लेकर निर्जला उपवास रखकर बहनों ने भगवान करमा और धरमा की कहानी सुनी। बुधवार को प्राकृतिक पर्व करम पूजा महुआडांड़ पंचायत के रांची मोड़ अखाड़ा के डीपाटोली व बडाईकटोली में रखा गया। मोहल्ले के सभी बहने द्वारा निर्जला उपवास रखकर पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व गांव के पहान द्वारा करम डाली लाकर अखाड़ा के परिसर में विधि-विधान के साथ गाड़ा गया। बहनों ने करम की डाली को पकड़ कर कहा- आपन करम, भैया कर धरम। दूसरी ओर, करम पर्व को लेकर पूरे प्रखंड के गांवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कमर त्यौहार को लेकर धूमधाम से महुआडांड़ अखाड़ा से रांची मोड़ होते डालटनगंज रोड तक शोभायात्रा निकाली गई। क्षेत्र में करम पर्व को लेकर नागपुरी गीतों के साथ मांदर की थाप में नृत्य किया गया। करम पर्व के अवसर पर लोगो ने अपने-अपने घरों पर तरह-तरह के भोजन बनाये। मौके में सभी आदिवासी उपस्थित थे।

### बीडीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक



**हेरहंज।** बीडीओ अमित कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में मतदान को लेकर बीएलओ व पर्यवेक्षक की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे। बैठक में मतदाता जागरूकता से संबंधित तिथिवार कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। अनुपस्थित व मृत मतदाताओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिया गया। बीएलओ को एएसडी के बारे में आवश्यक निर्देश व मतदाता सूचना पर्ची का ससमय वितरण करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ अमित कुमार ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि 30 अक्टूबर से 8 नवंबर तक मतदाता सूचना प्रति का वितरण करना हर हाल में सुनिश्चित करें। बैठक में मतदान से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। बैठक से पूर्व मतदाता शपथ ग्रहण करवाया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बीडीओ अमित कुमार,प्रखंड नाजीर महेश राम,अंचल नाजीर अरुण कुमार, बीपीआरओ समीर सुमन भेंगरा सहित प्रखंड व अंचल कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## लातेहार व मनिका विस के लिए नामांकन आज से, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड विधानसभा के तारीखों का शंखनाद हो चुका है। शुक्रवार से लातेहार जिले के दो विधानसभा क्षेत्र लातेहार और मनिका के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रहा हैं। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। अनुमंडल क्षेत्र के 100 मीटर परीधि में निषेज्ञाधा लागू रहेगी। लातेहार विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी सह एसडीएम अजय कुमार रजक ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो रहा है। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्तूबर है। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्तूबर को होगी। नाम वापसी 30 अक्तूबर को होगी। मतदान 13 नवंबर को होगा।

**नामांकन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता :** नामांकन स्थल पर सुरखा को लेकर पर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। अनुमंडल कार्यालय के चारों ओर बैरिकैटिंग किया गया है। सुरक्षा को लेकर तीन मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। नामांकन स्थल के चारों ओर चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

**आयोग के गाइडलाईन के अनुसार होगा नामांकन :** भारतीय चुनाव आयोग के द्वारा बताए गए नियमों का अक्षरस पालन करते हुए नामांकन प्रकिया संपन्न कराया जाएगा। इसे लेकर सभी ने रिर्हसल भी कर लिया है। नामांकन प्रकिया से लेकर चुनाव के सभी प्रकिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त संपन्न कराने को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### ठाकुर समाज के वृद्ध व्यक्ति का निधन, शोक

**चंदवा।** ठाकुर समाज के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति भगतु ठाकुर का निधन गुरुवार तड़के 4 बजे हो गया। भगतु ठाकुर करीब 105 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार भूषाड़ घाट पर किया गया। इकलौते पुत्र सखेन्द्र ठाकुर ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। बता दें कि भगतु ठाकुर मृदु भाषी थे और उन्हें जमीन संबंधित मामलों की काफी जानकारी थी। भगतु ठाकुर पिछले 1 वर्षों से बीमार चल रहे थे। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। इनकी सात पुत्रीयां और एक पुत्र समेत करीब 37 नाती,नतनी और पोते पोतीयां हैं। शोक व्यक्त करने वालों में महेंद्र प्रसाद साहू,सुधीर प्रसाद,प्रेम उरांव,आदर्श रवि राज,कमलेश ठाकुर,जगमोहन ठाकुर,जागेश्वर गंझु,नरेश भगत समेत अन्य कई लोग शामिल हैं।

## आरएसएस ने धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने बुधवार को स्थानीय खेल स्टेडियम में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया। मौके पर आरएसएस के झारखंड प्रांत के बौद्विक प्रशिक्षण प्रमुख ज्वाला तिवारी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू पंचांग में आश्विन मास की पूर्णिमा का खास महत्व है। हिन्दू समाज वर्षों से इस दिन शरद पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाते आ रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूरे वर्ष में केवल इसी दिन चन्द्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है और अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण रहता है। पृथ्वी पर शीतलता,पोषक,शक्ति एवं शांति रूपी अमृत वर्षा करता है। चन्द्रमा की किरणें विशेष अमृतमयी गुणों से युक्त रहती है जो कई बीमारियों का नाश करती है। कहा कि वैज्ञानिक भी मानते है कि शरद पूर्णिमा की रात स्वास्थ्य व सकारात्मक परिणाम देने वाली होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश प्रसाद ने किया तो वही खंड कार्यवाह डा अनिल ने शाखा लगाई। मौके पर नरेन्द्र अग्रवाल, राजेश चंद्र पाण्डेय, निर्मल शर्मा, महेन्द्र अग्रवाल,संदीप कानोडिया, राजू सिंह, रविंद्र प्रसाद, संतोष साहू, राजकुमार पाठक, रमण महतो, मोहिनीश कुमार, नीतीश कुमार, राहुल कुमार, राजन विश्वकर्मा, राकेश सिंह, विष्णु गुप्ता, अजय साहू, विजय साहू, संजू साहू, नारायण गुप्ता, देवेंद्र प्रसाद,जयेश वरु, लाल कौशल नाथ शाहदेव, श्याम करण साहू, रामकरण साहू, सुरेंद्र वैद्य,अजय वैद्य,पप्पू आजाद, अमर लाल, प्रहलाद वर्मा, प्रशांत सिंह, हिमांशु सिंह, हरी सिंघल, मनीष उर्फ चांदो, सचिन,दारा सिंह, अनूप साहनी, जयशंकर, दीपक निषाद समेत बड़ी संख्या में नारी शक्ति व सैकड़ो स्वयं सेवक मौजूद थे।

## उपविकास आयुक्त की मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला जनसंपर्क कार्यालय में मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया गया कि जिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी (एमसीएमसी) गठित की गयी है। (एमसीएमसी) के माध्यम से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोशल मीडिया, केबल नेटवर्क एवं अन्य मामलों की गतिविधियों में निगरानी का कार्य किया जा रहा है। विधानसभा निर्वाचन-2024 के दौरान जिला एमसीएमसी के दायित्वों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर निर्बन्धन से सभी को अवगत कराया गया। आदर्श आचार संहिता का पालन किये बगैर उम्मीदवार अथवा राजनीतिक दल के प्रचार सामग्रियो का प्रसारण करते है या प्रिंटिंग करते है तो उनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। एमसीएमसी कोषांग को सुचारू रूप से संचालन कर जिले में संचालित न्यूज चैनलों, अखबार में छपी खबरों और अन्य विज्ञापनों पर विशेष नजर रखने का कार्य करने का निर्देश दिया गया है। बताया गया कि जिला एमसीएमसी इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया की निगरानी करेगी और आयोग के निर्देशानुसार पेड न्यूज के प्रकरणों पर कार्यवाही और प्राप्त आवेदनों-विज्ञापनों का परीक्षण कर प्रकाशन-प्रसारण की अनुमति प्रदान करेगी। समिति भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों द्वारा किये जाने वाले विभिन्न प्रचार संबंधी पोस्ट का परीक्षण कर आदर्श आचरण संहिता के निर्देशों का उल्लंघन, शिकायत आदि की स्थिति में तत्संबंधी कार्यवाही करेगी। बैठक में निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सोशल मीडिया पदाधिकारी सुधा राज, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से लातेहार, गारू, और महुआडांड़ प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में, उपायुक्त ने लातेहार प्रखंड के विभिन्न बूथों, जैसे बूथ संख्या 197 (मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका), बूथ संख्या 198 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीएमसी, मकतब तरवाडीह उत्तरी) और अन्य स्थानों पर पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, कर्मियों के रहने की व्यवस्था, तथा कुर्सी-टेबल की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने सभी उचित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया।

**मतदान के प्रति जागरूकता और सुरक्षा के उपाय :** बूथ निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को केंद्रों पर पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजर से कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है, इसलिए उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर जागरूक करें।

इस क्रम में, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बांसकरचा स्थित तंबोली चेकनाका का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चेक नाका पर मौजूद दंडाधिकारी और पुलिस जवानों से वाहन चेकिंग और आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

**स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता :** साथ ही, स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ संख्या 244 में रंगोली और वोटर सिग्नेचर कैंपेन का आयोजन किया गया। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने मतदाता जागरूकता सिग्नेचर पट पर सिग्नेचर कर मतदाताओं को जागरूक किया और मतदान की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने सभी से अपील की कि लोग निर्भीक होकर मतदान करें और किसी के बहकावे में न आएं। इसके बाद, कुटमू चौक में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत जिला जज-1, पलामू।

**सिविल अपील वाद संख्या - 11 सन् 23**

नवीन कुमार सिन्हा वगैरह... अपीलार्थी।

**बनाम**

अलकारी देवी वगैरह.... उतरवादी।

**नोटिस बनाम**

1. अलकारी देवी जौजे कामेश राम 2. मदन कुमार, 3. मदन कुमार, 3. ददन कुमार, 4. संजय कुमार, वलदान स्व. कामेश राम।
निवासी ग्राम बारालोटा, पो.-जी.एल.ए. कॉलेज, डालटनगंज, पलामू।
5. गिरजा देवी जौजे उमेश कुमार, निवासी नावाटोली, पो. एवं थाना-डालटनगंज, पलामू। 6. सुष्मा देवी जौजे लाल कुमार, निवासी ग्राम+पो.-मुरमा, थाना-विश्रामपुर, जिला-पलामू। 7. चिन्ता देवी जौजे मनोज कुमार निवासी ग्राम-रानीगंज, पो. डुमरिया, थाना-इमामगंज, जिला गया, बिहार। 8. गीता देवी जौजे सतीश कुमार निवासी रैणुकुट, पो.-रेणुकुट, जिला-सोनभद्र, उत्तरप्रदेश।

इस नोटिस के द्वारा आप सभी को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी नवीन कुमार सिन्हा के द्वारा आपके न्यायालय के द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध मेरे न्यायालय में सिविल अपील 11 सन 2023 दायर किया है जिसे आप सभी को सम्मन के द्वारा सूचित किया गया है लेकिन आपलोग उपस्थित नहीं हुए इसलिए पुनः दैनिक समाचार पत्र के द्वारा आप सबो को सूचित किया जाता है कि आप सभी उतरवादी दिनांक 13/12/2024 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के द्वारा उपरोक्त मोकदमा में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।
इसे आवश्यक समझे।

जिला जज-1 के न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मोहर न्यायहित में जारी किया गया।

**जिला जज नं. 1, पलामू।**

## शपथ पत्र



मैं, अवधेश महतो, (AVADESH MAHTO), पिता -स्वर्गीय साखो महतो, (LATE SAKHO MAHTO), निवासी ग्राम -टरिया, पोस्ट ऑफिस-तरहसी, थाना-तरहसी, जिला -पलामू, राज्य -झारखण्ड, पिन नम्बर -822118 एतद द्वारा शपथ पत्र संख्या -2477 दिनांक 05/10/2024 के द्वारा शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं। कि मैं उपरोक्त नाम एवं पत्ते का स्थाई एवं झारखंड राज्य का मूल निवासी हूं' पालक यह कि मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम अवधेश महतो (AVADESH MAHTO) है तथा मेरा आधार नंबर - 5188 79 55 4171 में मेरा नाम सौरभ कुमार (SAURABH KUMAR) है। अपने आधार कार्ड में सौरभ कुमार ( SAURABH KUMAR ) के स्थान पर अपना सही नाम अवधेश महतो (AVADESH MAHTO) करवाना चाहता हूं। इस शपथ- पत्र का निष्पादन पूर्ण जवाबदेही के साथ मैं अपना आधार कार्ड में सही नाम अवधेश महतो (AVADESH MAHTO) करवाने हेतू संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से कर रहा हूं।

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ............. दिनांक .................

**आवश्यक सूचना**

कार्यालय ज्ञापांक 3394 दिनांक 05.10.2024 द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 14/वर्ष 2024–25 से आमंत्रित की गयी थी। चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण अगले आदेश तक आगे की प्रक्रिया स्थगित की जाती है। इसका PR – 338180 है।

ह0/–

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक

PR 339183 District (24-25)_D मेदिनीनगर नगर निगम

## कार्यालयः जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार (MCMC कोषांग)

**सूचना**

एतद द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता हैं कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 491/Paid News/2019 Communication, दिनांक 25.02.2019 के आलोक में 73 मनिका एवं 74 लातेहार विधानसभा आम चुनाव 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MEDIA CERTIFICATION AND MONITORING COMMITTEE) गठित हैं जो प्रिंट/इलेक्ट्रोनिक/सोशल/केबल नेटवर्क मीडिया एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के प्रचार सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व एवं या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से 07 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को इलेक्ट्रोनिक/ सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क के माध्यम से कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र ANNEXURE-A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनके द्वारा दिये गय व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट किया जायेगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु ANNEXURE-B में अनुमति प्रदान की जायेगी।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC का अनुमति अनिवार्य है।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्वः अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगा उसका विवरण।
- आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनीतिक दल/प्रत्याशी के द्वारा बिना (MCMC) कोषांग से अनुमति लिये किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन/प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- (MCMC) कोषांग, लातेहार सूचना भवन, लातेहार में कार्यरत हैं जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24X7 संचालित रहेगी।

प्रचार–प्रसार की अनुमति के लिये प्रारूप Latehar.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार

PR.NO.339180 Election(24-250:D


## सहायक अभियंता ने किया सड़क का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बहुप्रतिक्षित तेतरीया मोड़ से मयूरहंड तक सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही थी। इसकी शिकायत मंझगावा मुखिया मंजीत सिंह ने विभागीय अधिकारियों से कर गुणवत्तायुक्त कार्य कराने की मांग किया। आरईओ के विभाग के सहायक अभियंता श्री देव उपाध्याय गुरुवार को मुखिया व ग्रामिणों की उपस्थिति में अर्धनिर्मित सड़क का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान मुखिया द्वारा किया गया शिकायत को सही पाया, जिसमें सुधार लाने का निर्देश संवेदक को दिया गया। संवेदक द्वारा डब्लूएमएम में मिट्टी युक्त स्टोन डस्ट का उपयोग की जा रही थी। जिस पर रोक लगाते हुए लगभग दो किलोमीटर की गई डब्ल्यूएमएम के उपर फिर से चार इंच स्टोन डस्ट व अन्य मटेरीयल डालने का निर्देश दिया। बता दें कि सड़क निर्माण कार्य दमास सिविल कंशट्रक्शन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रांची द्वारा की जा रही है। इसकी प्राक्कलित राशि 18 करोड़ रुपये की है। सहायक अभियंता से पूछे जाने पर बताया कि सड़क निर्माण कार्य में सुधार लाने का निर्देश संवेदक को दिया गया है। सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। संवेदक को प्राक्कलन के अनुरूप कार्य करना होगा। अन्यथा विधिसम्मत विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मुखिया मंजीत सिंह, सर्जन दांगी, गुंजन सिंह, अच्छुत सिंह के अलावा अन्य ग्रामीण व संवेदक उपस्थित थे।

**धांगरटोला में जलमीनार एक माह से खराब, ग्रामीणों को नदी के दूषित पानी पर निर्भरता**

## अधिकारियों की अनदेखी से परेशान ग्रामीणों ने उपायुक्त से की जलमीनार ठीक कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**गारू।** गारू प्रखंड के धांगरटोला के भुइयां टोली में जोधी साव के घर के पास पिछले एक महीने से जलमीनार खराब पड़ा है, जिससे पूरे गांव में पानी की भारी किल्लत हो गई है। ग्रामीणों को मजबूरन आधा किलोमीटर दूर स्थित कुडील नदी से पानी लाना पड़ रहा है। नदी का पानी दूषित होने के कारण अब तक कई ग्रामीण बीमार हो चुके हैं, जिनका इलाज गारू रेफरल अस्पताल में किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार कि खराबी की शिकायत कई बार प्रखंड कार्यालय में की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव के निवासी निरंजन सिंह, जोधी साव, पिंकू राम, संजय राम और अनील भुइयां ने बताया कि जलमीनार की मरम्मत नहीं होने के कारण पूरा गांव पानी की समस्या से जूझ रहा है। महिलाएं और बच्चे हर दिन दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। दूषित पानी के कारण कई लोग पेट संबंधी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, और गांव में स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं।ग्रामीणों ने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से करवाई करते हुए जलमीनार की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो गांव में स्थिति और गंभीर हो सकती है। अब वे प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं ताकि गांव में जल संकट का समाधान हो सके।

## आदर्श आचार संहिता लगते ही बसिया पुलिस प्रशासन हुई अलर्ट

**बसिया।** झारखंड में 2024 विधानसभा चुनाव के घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिसे लेकर बसिया पुलिस प्रशासन भी अब अलर्ट मोड पर नजर आ रही है। बसिया पुलिस प्रशासन के द्वारा चौक चौराहा पर सघन वाहन जांच किया जा रहा है। इस दौरान प्रशासन के द्वारा चौक चौराहा पर राजनीतिक दल के पोस्टर एवं झंडा भी हटाए जा रहे हैं। अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीओ जयवंती देवगम ने कहा कि क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुका है, क्षेत्र के चौक चौराहा एवं सार्वजनिक स्थानों से राजनीतिक दलों के पोस्टर एवं झंडा हटाने के निर्देश दे दिए गए हैं जो हटाए भी जा रहे हैं।

## शरद पूर्णिमा पर खीर महाप्रसाद का वितरण



**लोहरदगा।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर जिले के शहरी इलाकों में खीर महाप्रसाद वितरण किया गया। गुरुवार को स्थानीय हटिया गार्डेन दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा पर खीर , महाप्रसाद का आयोजन किया गया। पुरोहित देवेन्द्र पाठक के द्वारा भगवान को महाप्रसाद का भोग लगाकर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। वही शास्त्री चौक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा शरद पूर्णिमा पर खीर महाप्रसाद वितरण किया गया। मौके पर विजय महतो कमलेश कुमार, मिथलेश कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

# देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने की है जरूरत : उपायुक्त

## विधान सभा निर्वाचन को लेकर स्वीप जागरूकता बैलून फेस्टिवल कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधान सभा निर्वाचन को लेकर स्वीप जागरूकता बैलून फेस्टिवल कार्यक्रम बड़ा तालाब परिसर में किया गया। जिसमें उपस्थित भारत स्काउट और गाइड के बच्चों से डीसी बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने की जरूरत है। डीसी श्री कृष्ण ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर जाति, धर्म, समुदाय या अन्य प्रलोभन मजबूती के लिए से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। एसपी हारिश बिन जमा ने कहा कि देश केविकास में अपना योगदान के लिए हर हाल में सभी मतदाता को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। स्वीप जागरूकता के तहत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा के अगुवाई में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय परिसर से बड़ा तालाब तक रैली निकाली गई।कार्यक्रम में नगर प्रशासक मुक्ति किंडो के अलावा भारत स्काउट गाइड जिला सचिव शैलेंद्र सुमन, जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन, चुन्नीलाल हाई स्कूल प्रिंसिपल मुकेश कुमार, शिक्षक गणेश लाल,गाइड ट्रेनर संध्या सिंह, पुष्पा बाखला, संध्या कुजूर, रेणु तिग्गा, सरोज तिर्की, सूरज साहू, कृष्णा साहू ,मेराज आलम, जफर आलम गौतम कुमार , रोशन मुंडा समेत विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड के बच्चे उपस्थित थे। इस दौरान डीसी बाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा उपस्थित जनों को मतदाता प्रतिज्ञा कराया गया। हवा में बैलून उड़ाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।







## ईडीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग की बैठक हुई

**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में ईडीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों अपने अधीनस्थ कर्मियों जो आगामी 13 नवम्बर के दिन जो मतदान कार्य में व्यस्त रहेंगे उनके लिए आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही फॉर्म भरने और आवश्यक दस्तावेज साथ में प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, प्रमोद कुमार दास, रेलवे की ओर से नोडल अफसर गजेंद्र यादव, मीडिया की ओर से नोडल अफसर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक, विद्युत विभाग की ओर से दीपक खलखो, बीएसएनएल के मनोज पासवान, पोस्ट एवं टेलीग्राम, स्वास्थ्य, ट्रैफिक, जेल समेत अन्य विभागों के नोडल अफसर उपस्थित थे।





### सावधान! नजर हटी तो दुर्घटना घटी

## गड्ढों में सड़क है या फिर सड़क में गड्ढे

**लोहरदगा।** लोहरदगा की सड़को पर अगर आप चल रहे हैं तो संभलकर चलिए नही तो आप दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि यहाँ की सड़कों पर गढ्ढे ही गढ्ढे है जिससे कोई बड़ा हादसा होने स्वाभाविक है। अगर सावधान होकर नही चले तो आप दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। कालीकरण सड़क समझकर सरपट भागने की कोशिश जान लेवा हो सकती है। क्योंकि शहर की सड़कों की हालत वैसी नहीं हैं। कारण गड्ढे में सड़क है, या फिर सड़क में गड्ढे यह पता भी नहीं चलेगा। इनमें कुछ तो डेंजर जोन के रूप में मुंह बाए खड़ी है। शहर की हालत ऐसी है कि सड़कों पर कभी बारिश का पानी जमा रहता है, तो कभी नाली का। ऐसे में इन गड्ढों वाली सड़कों की हालत ऐसी बन चुकी है कि सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी। हास्यास्पद तो यह कि ही सड़कों की ऐसी दुर्दशा नगर परिषद प्रशासन को दिखाई नही दे रहा है। लाखों खर्च कर बनाई इन सड़कों की दशा और दुर्दशा को देखने वाला कोई नहीं है। दिन के समय में तो फिर भी गनीमत है, पर रात का सफर तो बिल्कुल ही नहीं। हैरत तो इस बात की है कि शहर के सघनतम इलाके की सड़कों की हालत ऐसी है तो गली कूचे की तो भगवान ही मालिक हैं। शहर के विकास पर लाखो करोड़ों रुपए खर्च किए गए है। लेकिन सड़कों की हालत को देखकर यह विकास का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। पिछले दो तीन साल में ही सड़कों की हालत खस्ता हो गई है। हालत यह हो गई कि इन वाहनों का बोझ नहीं सह पाई और जगह-जगह टूट कर जानलेवा गड्ढों में जब्दील हो गई। शहर के राणा चौक स्थित पीएनबी बैंक के पास की सड़क पर भी काफी गड्ढा हो गया है। हल्की बारिश में ही यहां पानी भर जाता है। इसके कारण इस गड्ढे का आकार बढ़ गया। इधर, हर रोज कई वाहन गुजरते है। जसके चलते इसकी हालत और बिगड़ रही है। इस सड़क से गुजरना खतरे से कम नहीं है। आसपास के लोगों ने इस गड्ढे के बारे में कई बार नगर परिषद प्रशासन को अवगत कराया है लेकिन अबतक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। राहगीरों ने बताया कि शहर की मुख्य सड़कों पर गड्ढे हैं। इन पर अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो, यह बड़े होते जाएंगें। इसके अलावा गली मोहल्लों की सड़कों का भी यही हाल है। सड़क पर बने गड्ढे ही हादसों को जन्म देते हैं।



## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आचार्या कविता दीदी ने महर्षि वाल्मीकि की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भैया- बहनों को उनके महान उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह दिन वाल्मीकि धार्मिक समुदाय द्वारा परगट दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, जो अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन, अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार सितंबर-अक्टूबर माह में मनाई जाती है। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, सनोज कुमार साहू, नीतू कुमारी, सत्यम सतलज, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित सभी आचार्य-आचार्या और भैया-बहन उपस्थित रहे।

### विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई, कहा

## मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिंगानुपात में सुधार के लिए सभी डोर टू डोर सत्यापन करें

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व तैयारी को लेकर प्रखंड के लोहरदगा व विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार ने की। बैठक के दौरान बीडीओ व सीओ ने मतदान केंद्र व सहायक मतदान केंद्र की मूलभूत सुविधा के संबंध में बीएलओ से विस्तार से जानकारी से लेते हुए कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिंगानुपात में सुधार के लिए सभी डोर टू डोर सत्यापन करें। मौके पर बीडीओ ने कहा कि मतदान केंद्रों पर शौचालय, पेयजल, रैंप, बिजली, शेड आदि की व्यवस्था करें। वहीं मतदान केंद्रों पर पहुंचने के लिए सड़क की स्थिति तथा मतदान केंद्रों के अंतर्गत समाजिक कार्यकताओं, गणमान्य, और विशिष्ट व्यक्तियों का नाम डोर टू डोर सर्वे कर अविलंब रिपोर्ट कार्यालय में जमा करें। बीडीओ ने सभी बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी प्रकार की कार्य में लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस मौके पर सहित अन्य बीएलओ मौजूद थे ।



### सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मतदाता शपथ का आयोजन

**लोहरदगा।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत स्वीप कोषांग की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। मतदाता जागरूकता के लिए विद्यालयों में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित मतदाता शपथ में आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समेत आसपास के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। मतदाता शपथ में आगामी 13 नवम्बर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सभी को शपथ दिलाई गई। सभी ने इसकी शपथ ली।



## सीओ ने बीएलओ सुपरवाइजर के साथ कि चुनावी बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी प्रखंड सभागार में झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव को लेकर अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निवार्ची पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सर नजर मंसूरी की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ सुपरवाइजर, प्रधानाध्यपक तथा सभी पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ बैठक किया गया. आयोजित बैठक में अंचलाधिकारी ने बीएलओ सुपरवाईजरो से चुनाव के बारे में जानकारी लिया। सेक्टर मजिस्ट्रेट व मतदान केंद्र विद्यालयों के प्रधानध्यापको से विद्यालयों में बिजली, पेयजल, रैम्प तथा शौचालय सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। सीओ ने कहा कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार मतदाताओ का सुविधा के लिये सभी मतदान केंद्रों में बिजली,पेयजल,रैम्प,शौचालय सहित अन्य बुनियादी सुविधा हो जिसे मतदान के दिन मतदाताओं को किसी तरह का असुविधा नही होना चाहिये। जिन मतदान केंद्र में बिजली,पेयजल,रैम्प या शौचालय जैसा अन्य किसी तरह का कोई भी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नही है तो वैसे मतदान केंद्रों को एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त करने का सख्त निर्देश दिया गया.साथ ही स्वयं के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने की बात कही गई.मौके पर बीपीआरओ सुजीत उराँव, पंचायत सचिव गुहा उराँव, आरती चेरमाको,रिझवान अख्तर,डॉली तिर्की, नागमनी उराँव, ओमप्रकाश साहु, माही कुमारी के अलावे सभी रोजगार सेवक और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानध्यापक उपस्थित थे।

> **मतदान केंद्रों में बिजली, पेयजल, रैम्प, शौचालय सहित अन्य बुनियादी सुविधा हो जिसे मतदान के दिन मतदाताओं को किसी तरह का असुविधा नही होना चाहिये।**

## धान की अच्छी फसल से किसानों में है उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा/भंडरा**

भंडरा प्रखंड क्षेत्र में सरकारी आंकड़े के अनुसार 6.50 हजार हेक्टेयर में धान की खेती की गई है। इस वर्ष धान की खेती पिछले कई सालों से बहुत अच्छी हुई है । धान की अच्छी फसल से किसान आनंदित हैं। किसानों का कहना है की इतनी अच्छी धान की फसल बहुत समय के बाद हुई है। इस साल बारिश देर से शुरू हुई परंतु शुरू होने के बाद नियमित रूप से धान की खेती के लायक बरसात होते रही, जिस कारण धान की फसल बहुत ही अच्छी हुई है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी नवप्रभात कुजूर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के 8 हजार हैकटेयर में धान फसल की खेत है। जिसमें 80 प्रतिशत खेतों में धान की फसल की गई है ।सभी खेतों में धान की फसल बहुत ही अच्छी हुई है और खेतों में धान की फसल तैयार हो चुकी है ,किसान धान काटने की तैयारी करने लगे हैं।

## अत्यधिक रफ्तार से चलने के कारण ट्रैक्टर का गुल्ला टूटा, बड़ी दुर्घटना टली



**भरनो ।** भरनो चट्टी मुख्य मार्ग शमशेरा जामटोली के बीच में अवैध बालू परिवहन करने वाले ट्रैक्टर अत्यधिक रफ्तार से चलने के कारण ट्रैक्टर का गुल्ला टूट गया। जिससे ट्रैक्टर सड़क के बीचो बिच पलटते पलटते बचा।उस वक्त रास्ते से मवेशी एवं राहगीर गुजर रहे थे किसी तरह से लोगों की जान बची। स्थानीय ग्रामीणों ने बतलाया की प्रतिदिन भरनो चट्टी सड़क से दर्जनों बालू लदे ट्रैक्टर अत्यधिक रफ्तार में चलते हैं जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है। स्थानीय प्रशासन के आंखों में धूल झोंक कर अवैध बालू का परिवहन कर ऊंचे दामों में बेचकर बालू का काम करने वाले लोग मालामाल हो रहे हैं। जीएनटी के रोक के बावजूद पूरे बरसात में नदी से अवैध बालू परिवहन कर लाखों ट्रैक्टर बेचा गया। सबसे बड़ी बात यह है कि दिन में भी चौक चौराहा एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पूरी रफ्तार से बालू लदा हुआ ट्रैक्टर चलते हैं। कांग्रेस उपाध्यक्ष अजहर अली ने कहा अवैध बालू लदा हुआ में गाड़ी नंबर नहीं रहता है। और भीड़ वाले इलाकों में पूरी रफ्तार से चलते हैं जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है। साथ ही महंगे दामों में बेचने के कारण ग्रामीणों को बालू की ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही है।

### बीडीओ ने विधानसभा चुनाव को लेकर की बैठक



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने मुखिया एवं पंचायत सचिव,जनसेवक के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की। बैठक के माध्यम से प्रखंड निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने उपस्थित मुखिया से कहा विधानसभा चुनाव का तारिख घोषित हो चुकी है। अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र पर शौचालय,पानी,रैम्प का व्यवस्था को दुरुस्त कराने व किसी भी पार्टी का प्रचार-प्रसार करने से परहेज करने की बात कही। वही पंचायत सचिव व जनसेवक को चुनाव से सबंधित विशेष दिशानिर्देश दिया। मौके पर मुखिया सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव, अरबिंद उरांव, चन्द्रमणि उरांव, बीरेंद्र महली, श्रवण मुंडा आदि उपस्थित थे।

## रानी दुर्गावती का जन्म उत्सव बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया**

विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में बड़े ही धूमधाम से और हर्षोउल्लास के साथ रानी दुर्गावती का जन्म उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाचार्य गुलाब कुमार की अगवाई में संपन्न हुई। इस दौरान स्कूल के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। स्कूल के बच्चों के द्वारा झांकी, भाषण, एवं कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। इस प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन का कार्य आचार्य नवीन मिश्रा के द्वारा किया गया। इस दौरान स्कूल के सभी आचार्य एवं दीदी और स्कूल के सभी छात्र और छात्राएं उपस्थित थी। इन्होंने मातृभूमि और अपने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। कालिंजर के राजा कीरत सिंह की पुत्री और गोंड राजा दलपत शाह की पत्नी रानी दुर्गावती का नाम इतिहास के पन्नों में महानतम वीरांगनाओं की अग्रिम पंक्ति में दर्ज किया जाता है रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर, 1524 को उत्तर प्रदेश के बांदा ज़िले में हुआ था। उनका जन्म दुर्गा अष्टमी के दिन हुआ था, इसलिए उनका नाम दुर्गावती रखा गया.रानी दुर्गावती का विवाह गोंड राजा संग्राम शाह के बेटे दलपत शाह से हुआ था। रानी दुर्गावती ने अपने पति की मृत्यु के बाद 1550 से 1564 तक गोंडवाना की रीजेंट के रूप में काम किया।रानी दुर्गावती ने मुगल साम्राज्य के खिलाफ गोंडवाना की रक्षा के लिए कई लड़ाईयां लड़ीं। रानी दुर्गावती ने 52 युद्धों में से 51 युद्धों में जीत हासिल की थी। रानी दुर्गावती ने अपने राज्य में कई झीलें बनवाईं और अपने लोगों के कल्याण के लिए बहुत कुछ किया।



### गुमला वन प्रमंडल के रायडीह बीट में महुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## ग्रामीण महिलाओं ने सीखा रोजगार के लिए महुआ से खाद्य सामग्री बनाना

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुरुवार को गुमला वन प्रमंडल के अंतर्गत रायडीह बीट में वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार महुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को महुआ से विभिन्न खाद्य सामग्री बनाने का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना था। इस प्रशिक्षण में 60 से 70 ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महुआ से लड्डू, अचार, बालूशाही आदि बनाने की विधि सीखी। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को महुआ के उपयोग से जुड़े नए व्यावसायिक अवसरों के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकें। महुआ एक पारंपरिक और महत्वपूर्ण वन उत्पाद है, जिसे सही तकनीक से उपयोग करके रोजगार के नए साधन विकसित किए जा सकते हैं। इस तरह के प्रशिक्षण से ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने घरेलू कार्यों में कुशलता हासिल करेंगी, बल्कि बाजार में भी अपने उत्पादों को बेचकर आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकेंगी। वन विभाग गुमला के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम को ग्रामीण महिलाओं ने अत्यंत उपयोगी बताया और महुआ से बने उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए इसे भविष्य में रोजगार का सशक्त साधन माना।



### वज्रपात की चपेट में आने से गाय एवं बैल की मौत



**घाघरा।** घाघरा थाना के बेलागड़ा में गुरुवार को हुवे बज्रपात की चपेट में आने से मंगल उरांव का एक गाय एवं एक बैल की मौत मौके पर ही हो गयी। घटना उस समय घटी जब मंगल अपने मवेशी को खेत मे चराने गया था। इसी बीच हल्की बारिश के साथ बज्रपात हुवी और दोनो मवेशी की मौत मौके पर हो गयी। गनीमत ये रहा कि वारिश के कारण मंगल मवेशी छोड़ कुछ दूर चला गया था। जिससे वह बच गया। मंगल ने अंचल प्रशाशन से मुवावजे की मांग की है।

## एक नजर

### पोकला गेट में कल होगा नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन

**कामडारा (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के पोकला गेट स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आगामी 19 अक्टूबर को नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दिन के लगभग 11 बजे से शुरू होगा। पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष आयोजन में नागपुरी गायक पवन कुमार रॉय, अनिल मुंडा, नितेश, सुहाना देवी, कयूम अब्बास, और डांसर काव्या, प्रभात सहित अन्य कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय लोगों के लिए मनोरंजन का एक प्रमुख आकर्षण रहेगा। दूरदराज से लोगों को आने की पूरी संभावनाएं हैं। इस कार्यक्रम को देखने के लिए हर उत्साहित हैं।

### विधान सभा चुनाव की घोषणा के सीओ और थानेदार ने हटाया फ्लैक,बैनर, झंडा

**भरनो।** विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही प्रशासन अलर्ट मोड पर आई।बुधवार को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु भरनो सीओ अविनाश कुजूर एवं थाना प्रभारी कंचन प्रजापति भरनो के सड़को पर निकले और उन्होंने चौक चौराहों एवं घरों से विभिन्न राजनीतिक दलों के पोस्टर, बैनर, झंडा होर्डिंग हटवाए। सीओ अविनाश कुजूर ने कहा कि झारखंड में विधान सभा चुनाव के घोषणा के बाद तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लग गया है।सभी राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया जाता है कि निजी, सरकारी या सार्वजनिक स्थानों में लगे अपने पार्टी के बैनर,पोस्टर ,झंडा,होर्डिंग को तत्काल हटा दिया जाये।अन्यथा नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

## चुनाव को लेकर मुद्रण सामग्रियों के उपयोग पर अधिनियम-1951 के अंतर्गत नियम जारी



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** आगामी विधान सभा चुनाव 2024 के दौरान चुनाव प्रचार के लिए मुद्रण सामग्रियों के उपयोग को लेकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के अंतर्गत महत्वपूर्ण आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर नहीं मुद्रित या प्रकाशित कर सकेगा, जिनके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक और प्रकाशक के नाम एवं पते का उल्लेख न हो। आदेश के प्रमुख बिंदु : 1. मुद्रण पर प्रतिबंधः निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर का मुद्रण तभी संभव है जब वह उसके प्रकाशक की पहचान के बारे में प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए। 2. प्रक्रियाः मुद्रक को चुनावी सामग्री मुद्रित करने के पश्चात उसे संबंधित अधिकारियों, जैसे कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी या जिला मजिस्ट्रेट को यथासमय भेजना अनिवार्य होगा। 3. दंड का प्रावधानः उपधारा (1) या उपधारा (2) का उल्लंघन करने पर आरोपी को 6 महीने तक की कैद, 2000 रुपये तक का जुमार्ना, या दोनों का सामना करना पड़ सकता है।

### पुलिस ने फरार गोवंशीय तस्कर के आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत में भेजा

**रायडीह (गुमला)।** गुरुवार को रायडीह पुलिस ने थाना कांड संख्या 29/2023 के तहत लंबे समय से फरार गोवंशीय तस्करी के आरोपी महबूब आलम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह जानकारी थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने दी। महबूब आलम, जो कि ग्राम साई टांगर टोली, थाना लोदाम, जिला जशपुर (छत्तीसगढ़) का निवासी है, पिछले एक वर्ष से फरार था और गोवंशीय पशुओं की तस्करी में लिप्त होने के आरोप में उसे खोजा जा रहा था। महबूब आलम पर भारतीय दंड संहिता की धारा 379/414/34, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)11(क्ष) और झारखंड गोवंशीय पशु हत्या निवारण अधिनियम 2005 की धारा 12(1) के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि महबूब आलम गोवंशीय तस्करी का मुख्य आरोपी था और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### गबन की आरोपी शिक्षिका पर कार्रवाई

## शिक्षिका को किया गया दंडित वसूली जायेगी गबन की राशि

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** गबन के आरोप में निलंबित शिक्षका रेणु कुमारी से गबन की राशि 28410 रुपए की वसूली की जाएगी। इसके अलावा निलंबन अवधि का वेतन आदि नहीं दिया जायेगा। वहीं संख्यात्मक रूप से एक वार्षिक वेतन वृद्धि अवरोधित रहेगी। उक्त निर्णय जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में लिया गया। वहीं रेणु कुमारी को बालिका उच्च विद्यालय रामगढ़ में प्रतिनियुक्त करने का निर्णय पारित किया गया है। रेणु कुमारी बालिका उच्च विद्यालय, भुरकुंडा में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर थी। ऐसे में उनके द्वारा किए गए कार्यों के विरुद्ध गबन की शिकायत की गयी थी। प्राप्त शिकायत की जांच रामगढ़ के अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा गया था। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए जांच प्रतिवेदन को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में विगत 04 सितंबर 2023 में निर्णय लेने के लिए प्रस्तुत किया गया। इसके आधार पर समिति द्वारा आदेश पारित किया गया कि रेणु कुमारी तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक सह शिक्षिका को विभागीय कार्रवाई के अधीन रखते हुए उनके विरुद्ध प्रपत्र क गठित किया जाए। तदनोपरांत जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के ज्ञापांक 1442 दिनांक 11.09.2023 के द्वारा प्रपत्र क गठित करते हुए आरोपों की बिंदुवार जांच करने के लिए जांच पदाधिकारी नियुक्त किया गया। जांच पदाधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया कि रेणु कुमारी के विरुद्ध सभी आरोप सही है। फलस्वरूप जिला स्थापना समिति की बैठक 21 मई 2024 में रेणु कुमारी को निलंबित करने का आदेश पारित किया गया।

### मतदान को लेकर विद्यालयों व कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## गुमला जिले में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होगा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला जिले में मतदाताओं की जागरूकता और नैतिक मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से आज जिले के 15 से अधिक उच्च विद्यालयों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत, लगभग 200 नए मतदाताओं ने फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपने नाम जोड़ने का कार्य किया। उल्लेखनीय है कि गुमला जिले में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी के नेतृत्व में विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज के जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें यह समझाया गया कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते उनका वोट देना कितना महत्वपूर्ण है। जिला स्वीप सेल द्वारा जारी स्वीप कैलेंडर के अनुसार, कल 18 सितंबर को वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत सभी विभागीय कार्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना और आगामी चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है।

## चलंत लोक अदालत से किया गया लोगों को जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय/ गिरिडीह** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के तत्वावधान में चलंत लोक अदालत का आयोजन ताराटांड़ पंचायत सचिवालय में आयोजित कि गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एलएडीएस के चिफ गौरीशंकर सहाय ने बताया कि चलंत लोक अदालत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और इसका लाभ लेने को प्रेरित किया गया , इधर विशिष्ट अतिथि सतेन्द्र नारायण स्थायी लोक अदालत के सदस्य ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को बैंक, टेलिकॉम ,अस्पताल, बिजली से संबंधित समस्या मामले का निदान करने में सहयोग करते हैं वो भी बिल्कुल निशुल्क किया जाता है। कार्यक्रम में शामिल ताराटांड़ पंचायत के मुखिया यशोदा देवी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से लोगों को काफी राहत मिलती है। कहा इस तरह के कार्यक्रम से लोगों में जागरूकता प्राप्त होती है , जिससे जनता अपना कार्य को समझकर उनका लाभ उठा सके यह कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा। मौके पर अशोक वर्मा,रेखा देवी,मिना देवी,रूकमणी देवी,ललीता देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### महिला संगठन ने आयोजित की मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम

## सभी महिलाओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए दिलाई गई शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी (गुमला)** कोठी आजीविका महिला ग्राम संगठन की सदस्यों ने गुरुवार को स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कार्यक्रम के तहत मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संकुल अध्यक्ष सुसरेन लकड़ा ने धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या किसी अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने के महत्व पर जोर दिया और सभी उपस्थित महिलाओं को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान करने का संदेश दिया। मीना लकड़ा ने सभी महिलाओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए शपथ दिलाई कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को चुनाव में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना था, ताकि वे अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझ सकें और स्वतंत्र रूप से मतदान करें। कार्यक्रम के दौरान बिंदेश्वरी कुमारी ने लूडो गेम की मदद से वित्तीय समावेशन की जानकारी दी, जिससे महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन और समावेशन के महत्व को सरल और रोचक तरीके से समझाया गया। इस नवाचारी पहल का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ चुनावी प्रक्रिया में भी सक्षम बनाना था।

---

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता।"

### कार्यालय ; जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू

E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

**विधान सभा चुनाव 2024 के निमित टेन्ट/शमियाना, लाईट, साउण्ड की आपूर्ति एवं सेवाओं की प्राप्ति हेतु अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

पलामू जिला में विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित टेन्ट/शमियाना, लाईट, साउण्ड आदि से संबंधित व्यवस्थाओं हेतु कार्यालय ज्ञापांक 2569/निर्वा0 दिनांक 16.10.2024 के माध्यम से अति अल्पकालिन ई–निविदा दिनांक 24.10.2024 के अपराह्न 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत है –

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Supply of Tent, Light, and Sound and Various Materials | **Tender ID : 2024_PEOD_95862_1**<br>e-Tender Publish Date : 17.10.2024<br>Last Date (Bid Submission) : 24.10.2024 at 01.00 pm<br>Bid Opening Date : 25.10.2024 at 03.00 pm |

इच्छुक निविदादाता/फर्म निविदा हेतु निर्धारित शर्तों के अनुरूप e-Tender Portal https://jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 24.10.2024 के अपराह्न 01.00 बजे तक ई–निविदा समर्पित कर सकते है। ई–निविदा दिनांक 25.10.2024 को अपराह्न 03.00 बजे खोला जायगा। पलामू जिला हेतु आमंत्रित ई–निविदा से संबंधित सामग्रियों की विवरणी, नियम एवं शर्तों का अवलोकन https://jharkhandtenders.gov.in पर एवं जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in पर किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू।

PR 339204 (Palamu) 24-25 (D)

---

### उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार (सामान्य शाखा)

**आदेश**

विधान सभा आम चुनाव–2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु शस्त्र नियमावली–1962 के नियम–63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त–9 एवं 14 के तहत लातेहार जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना आवश्यक है।

अतः शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति/शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करने हेतु निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित थाना/प्रखण्ड क्षेत्र के लिए दण्डाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया जाता है। संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने थाना/ओ0पी0 क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित करते हुए उनके अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए स्थानीय थाना/ओ0पी0 में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। अंचल एवं थानावार शस्त्र सत्यापन की तिथि एवं स्थान निम्न प्रकार से निर्धारित किया जाता है।

| क0 | दण्डाधिकारी का पदनाम | थाना/प्रखंड का नाम | शस्त्र सत्यापन का स्थान | शस्त्र सत्यापन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरविन्द देवासीस टोप्पो, अंचल अधिकारी, लातेहार | लातेहार | लातेहार थाना | दिनांक–17.10.2024 से 22.10.2024 तक |
| 2 | जय शंकर पाठक, अंचल अधिकारी, चन्दवा | चन्दवा | चन्दवा थाना | |
| 3 | विजय कुमार, अंचल अधिकारी, बालूमाथ | बालूमाथ | बालूमाथ थाना | |
| 4 | नन्द कुमार राम, अंचल अधिकारी, बारियातू | बारियातू | बरियातू थाना | |
| 5 | अमित कुमार, अंचल अधिकारी, हेरहंज | हेरहंज | हेरहंज थाना | |
| 6 | संतोष कुमार शुक्ला, अंचल अधिकारी, मनिका | मनिका | मनिका थाना | |
| 7 | मनोज कुमार, अंचल अधिकारी, बरवाडीह | बरवाडीह | बरवाडीह थाना | |
| 8 | दिनेश कुमार मिश्रा, अंचल अधिकारी, गारू | गारू | गारू थाना | |
| 9 | संतोष बैठा, अंचल अधिकारी, महुआडांड़ | महुआडांड़/नेतरहाट | महुआडांड़ थाना | |

उपरोक्त प्राधिकृत सभी दण्डाधिकारी संबंधित थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि तक करते हुए संयुक्त हस्ताक्षर से सत्यापन प्रतिवेदन निम्नांकित विहित प्रप्त्र में अविलम्ब संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रखण्ड/अंचल का नामः–

| क0 | शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी का नाम/पता | शस्त्र अनुज्ञप्ति कब तक नवीनीकृत है। | शस्त्र अनुज्ञप्ति सं0 एवं UIN NO. | धारित शस्त्र का प्रकार एवं संख्याधा | धारित शस्त्र को स्थानीय थाना/ओ0पी0 में जमा कराये जाने की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि को 10.00 बजे पूर्वा0 से 03.00 बजे अपराह्न तक किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम/नियमावली के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति को निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जायगी।

उपायुक्त, लातेहार

PR 339185 District(24-25)#D

---

### समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)

(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में गढ़वा जिला अंतर्गत 80–गढ़वा एवं 81–भवनाथपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (बुधवार) को प्रातः 07:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है। गढ़वा जिला अंतर्गत 80–गढ़वा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 81–भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान दलों/सेक्टर पदाधिकारी के डिस्पैच तथा ई0भी0एम0 के स्ट्रॉग रूम का निर्माण श्री सदगुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा में करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के प्ररिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री सद्‌गुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वां का सम्पूर्ण परिसर एवं भवन उपलब्ध सभी उपस्करों सहित दिनांक 17.10.2024 से दिनांक 25.11.2024 तक निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूँ।

"सभी मतदाता बनें : सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक"

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 339200 (Election)24-25*D

---

### समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)

(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव, 2024 के निर्वाचन हेतु गठित मतदान दलों/निर्वाचन कार्य में संबद्ध अन्य दलों/पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु राजकीयकृत +2 गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा के परिसर में पूरब तरफ अवस्थित नया भवन का 10 कमरा, नया भवन के पीछे अवस्थित 01 कमरा, नये भवन के उत्तर में अवस्थित 01 हॉल एवं तीन कमरा को चिन्हित किया गया है।

अतः निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदान दलों एवं संबद्ध कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजकीयकृत +2 गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा का सम्पूर्ण परिसर एवं उपस्कर के साथ उपरोक्त चिन्हित कमरों को निर्वाचन कार्य हेतु दिनांक 17.10.2024 से दिनांक 10.11.2024 तक के लिए अधिग्रहित करता हूँ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 339199 Election(24-25)#D

---

### कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू। (जिला शस्त्र शाखा)

दूरभाष सं0–06562–224033 (का)/224044(आ) Email Id: dc-pal@nic.in

**आम–सूचना**

झारखण्ड विधानसभा चुनाव, 2024 के घोषणा के मद्देनजर पलामू जिला में स्वच्छ, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों से लाईसेंसी हथियार संबंधित निर्गत थाने में दिनांक–18.10.2024 से 19.10.2024 तक निश्चित रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें।

इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR 339184(Palamu) 24-25 (D)

---

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहतर सहभागिता"

### कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू (कार्मिक कोषांग)

Tel. No. (Election Office)- 06562- 224033 E-mail - electionpalamu1@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विधानसभा आम चुनाव–2024 के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गयी है। इस क्रम में कुछ मतदान कर्मियों द्वारा आवेदन पत्र के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य कठिनाई/दिव्यांगता के कारणों से चुनाव कार्य से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त के आलोक में स्वास्थ्य जांच एवं Exemption हेतु शिविर की तिथि एवं स्थान निम्नवत है :–

| स्थान का नाम | तिथि एवं समय |
|---|---|
| नया समाहरणालय भवन ब्लॉक–A के द्वितीय तल | दिनांक 19.10.2024 से 20.10.2024 पूवाह्न 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक |

संबंधित मतदान कर्मी उक्त तिथि को आवश्यक स्वास्थ्य कागजात एवं अपने कार्यालय प्रधान/प्रभारी के अनुशंसा सहित चिकित्सीय दल के समक्ष जांच हेतु शिविर में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, पलामू

PR 339225 Palamu (24-25)_D

---

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता।"

### कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू

E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

**आम-सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा की जा चुकी है। आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण पलामू जिला में आर्दश आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। निर्वाचन से संबंधित पोस्टर/पम्पलेटस/पुस्तिका आदि के मुद्रण पर Restrictions के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127A में वर्णित प्रावधान के अनुसार ("Restrictions on the Printing of Pamphlets, Posters,etc") –

01. कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर, जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम एवं पता न हो, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित करायेगा।

02. यदि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को –

(क) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा, और न मुद्रित करायेगा जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते है अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा को परिदत्त कर देता है, तथा,

(ख) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न मुद्रित करायेगा, जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित –

(i) उस दशा में जिसमें कि वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन ऑफिसर को तथा

(ii) किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है, जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है।

03. इस धारा के प्रयोजनों के लिए –

(क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बावत जो हाथ से नकल करने ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है, यह समझा जायगा कि वह मुद्रण है और 'मुद्रक' पद का अर्थ तद्नुसार लगाया जाएगा, तथा

(ख) "निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर" से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को सम्प्रवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टयों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्त्ताओं या कार्यकर्ताओं को चर्या संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अन्तर्गत नहीं आता।

04. जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो दो हजार रूपये तक का हो सकेगा, या दोनों से दंडनीय होगा।

अतः पलामू जिलान्तर्गत सभी प्रिन्टिंग प्रेस को निदेश दिया जाता है कि वे विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में प्रिन्टिंग प्रेस से पोस्टर/पम्पलेट्स/ पुस्तिका आदि प्रचार सामग्री के मुद्रण पर निर्बन्धन के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127ए का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निदेश का अनुपालन नहीं किये जाने की स्थिति में नियमानुसार सम्बन्धित प्रेस के विरूद्ध कार्रवाई की जायगी।

"मतदाता बनें– लोकतंत्र को मजबूत करें।"

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO. 339206 Palamu(24-25):D

## संपादकीय

### किसान और पहलवान आंदोलन पर सवाल

झारखंड के अगले 40 दिन पूरी तरह चुनाव को समर्पित रहेंगे और तबतक आदर्श आचार संहिता के भय से कोई प्रत्यक्ष आंदोलन तो नहीं होगा पर वोट के ध्रुवीकरण के लिए अंदरूनी आग तो सुलगाई ही जाएगी जिसका बीजारोपण पूर्व में किया जा चुका है देश ने दिल्ली में हरियाणा के कुछ पहलवानों का आंदोलन भी देखा जो राजनीति के अखाड़े में कूदने के लिए उसी खेल को नुकसान पहुँचाते रहे जिसके बलबूते उन्होंने पैसा और पोजिशन कमाया। देश ने किसान आंदोलन भी देखा। किसानों के कल्याण और उनके बेहतर भविष्य के लिए मोदी सरकार जो तीन कानून लेकर आई जबकि इन्होंने इसे उल्टा बताकर भ्रम फैला देशभर में किसानों का आंदोलन खड़ा कर दिया गया जिसके चलते सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े। खुद को किसान कहने वाले आंदोलनकारियों ने कानून व्यवस्था का भी खूब मजाक बनाया और सरकार को झुकाने का अभियान सफलतापूर्वक चलाकर दिखाया। मगर अब इस किसान आंदोलन का सच एक प्रमुख आंदोलनकारी ने ही देश के सामने रख दिया है। भारतीय किसान यूनियन के चढ़ूनी गुट के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा है कि किसानों ने हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया था। मीडिया में छपी खबरों के अनुसार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा है कि किसानों ने हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया था, लेकिन पार्टी ने सब कुछ वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर छोड़ दिया था। संयुक्त संघर्ष पार्टी के संस्थापक चढ़ूनी ने विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण यही बताया है। चढ़ूनी के बयान पर राजनीति भी शुरू हो गयी है और भाजपा ने कांग्रेस से इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण की मांग भी की है। जाहिर है कांग्रेस चढ़ूनी के बयान से किनारा ही करेगी लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि किसानों के नाम पर खड़ा किया गया आंदोलन पूरी तरह राजनीतिक था और इसका एकमात्र उद्देश्य मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करना था। समय-समय पर इस आंदोलन से जुड़े तमाम सच सामने आते ही रहे हैं। कथित टूलकिट गैंग के सदस्यों ने भोले भाले किसानों को समझा कर अपने राजनीतिक हित तो साध लिये मगर अन्नदाता का नुकसान करवा दिया। आम किसानों का कैसे अपने राजनीतिक हितों के लिए इन तथाकथित किसान नेताओं ने दुरुपयोग किया यह लोकसभा चुनावों के दौरान भी दिखा था। तीनों कृषि कानून काफी पहले ही यानी साल 2022 के अंत में ही वापस लिये जा चुके थे लेकिन उसके बावजूद 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान पंजाब में भाजपा के सभी उम्मीदवारों के घर के बाहर बड़ी संख्या में किसानों को धरने पर बैठा दिया गया था। पंजाब में चुनाव प्रचार के दौरान जब संगरूर, लुधियाना, अमृतसर, पटियाला आदि क्षेत्रों में धरने पर बैठे लोगों से मीडिया ने जब पूछा कि आपकी मांगें क्या हैं तो सबका जवाब एक ही था कि सारी समस्याओं के हल तक हम यहां से नहीं हटेंगे। मीडिया ने जब पूछा कि समस्याएं क्या हैं तो हर जगह से यही जवाब मिला कि स्कूल अच्छे बनने चाहिए, अस्पतालों में सारी सुविधाएं होनी चाहिए, सड़कें अच्छी बननी चाहिए।

> तीनों कृषि कानून काफी पहले ही यानी साल 2022 के अंत में ही वापस लिये जा चुके थे लेकिन उसके बावजूद 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान पंजाब में भाजपा के सभी उम्मीदवारों के घर के बाहर बड़ी संख्या में किसानों को धरने पर बैठा दिया गया था।

# उद्योग बनते निजी अस्पताल और मेडिकल वेस्ट का संदिग्ध निस्तारण

> *कुछ नेताओं ने भी पूरी बेशर्मी से सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जिस कारण लाचार और गरीब मरीज भी जमीन गिरवी रखकर या बेचकर इन निजी अस्पतालों में इलाज करने लगे।*





सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अविभाजित बिहार के जमाने से ही निजी नर्सिंग होम को व्यवसाय का रूप दिया जाने लगा था और इसे बढ़ाने में कुशल सरकारी चिकित्सकों की बड़ी भूमिका थी जो बड़े सरकारी अस्पतालों में कार्यरत थे और ड्यूटी के पहले या बाद निजी प्रैक्टिस करते थे पर जैसे जैसे इसमें नेताओं का दखल शुरू हुआ तो सरकारी चिकित्सा व्यवस्था को कमजोर कर या उनकी सुविधाओं का दुरुपयोग कर तेजी से निजी अस्पताल और नर्सिंग होम खुलने लगे जिसमें एक दो बड़े सरकारी डॉक्टर होते थे और शेष उनके ही बच्चे या रिश्तेदार । कुछ नेताओं ने भी पूरी बेशर्मी से सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जिस कारण लाचार और गरीब मरीज भी जमीन गिरवी रखकर या बेचकर इन निजी अस्पतालों में इलाज करने लगे । यह अलग बात है कि जहां आज भी सरकारी अस्पताल लाखों गरीब लाचार मरीजों की जान बचाते हैं वहीं निजी अस्पताल न हों तो सरकारी अस्पतालों की बदहाली से कितने सुविधा संपन्न लोगों की भी जानें चली जाएं पर इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि पड़ोसी बंगाल और ओड़ीशा की तुलना में यहां के सरकारी अस्पतालों की हालत अधिक चिंताजनक है। दो दिन पहले राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स को पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध न कराने पर झारखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि सुविधाओं की कमी के कारण मरीज निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में जाने को मजबूर हैं। इनमें से अधिकांश चिकित्सा केंद्रों के पास क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत आवश्यक उचित लाइसेंस नहीं हैं। स्वास्थ्य सेवा(हेल्थ) के बजाय निजी अस्पताल धन(वेल्थ) की देखभाल में लिप्त हैं। यहां उल्लेखनीय है कि रिम्स झारखंड सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जिसे एम्स के समकक्ष बताया गया था ।

अदालत ने राज्य सरकार को यह बताने का निर्देश दिया कि उचित लाइसेंस के बिना चल रहे अस्पतालों और नर्सिंग होम के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। स्थिति यह है कि राज्य में नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण की समुचित व्यवस्था नहीं है और राजधानी रांची कुछ अस्पतालों के कूड़े को कई बार पंडरा के आसपास मुख्य सड़क पर नगर निगम के ट्रैक्टर को बिना ढंके झिरी डंप यार्ड ले जाने के क्रम में रास्ते में कमड़े में सड़क पर बिखेरते हुए देखा गया है । सुनवाई के दौरान कोर्ट में स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर इन चीफ ने मौखिक दावा किया है कि झारखंड के 1633 प्राइवेट और पब्लिक नर्सिंग होम से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन कर दिया जाता है। कोर्ट ने उनके इस जवाब पर आश्चर्य जताते हुए मौखिक कहा कि झारखंड में नर्सिंग होम के निकट सड़कों पर मेडिकल वेस्ट फेंके रहते हैं, बायोमेडिकल वेस्ट का डिस्पोजल नहीं होता है। रिम्स जैसे संस्थान में भी मेडिकल वेस्ट अस्पताल के कॉरिडोर में फेंके रहते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि प्राइवेट एवं पब्लिक नर्सिंग होम से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निष्पादन को कंट्रोल करने के लिए क्या कोई मेकैनिज्म है तो लोहरदगा में बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लान संचालित करने वाले हस्तक्षेपकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्होंने मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर लिया है लेकिन कोई नर्सिंग होम मेडिकल वेस्ट उठाव के लिए उनसे संपर्क नहीं करता है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में डायरेक्टर इन चीफ,हेल्थ डिपार्मेंट को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि झारखंड में संचालित कितने नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल निबंधित है, इनमें से कितने नर्सिंग होम अपने बायो मेडिकल कचरे के निष्पादन को लेकर बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े हैं। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झारखंड में अभी 5 स्थानों लोहरदगा रामगढ़ पाकुड़ धनबाद एवं आदित्यपुर में बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं,जबकि जबकि देवघर में अभी बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। वस्तुस्थिति यह है कि रांची सहित झारखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गलियों तक में हजारों की संख्या में निजी नर्सिंग खुल गए हैं जो अपने कथित नर्सिंग होम या अस्पतालों के कूड़े को सामान्य कूड़े की तरह नालियों में बहा रहे हैं या खुली जगह पर फेंक रहे हैं । सूत्रों के अनुसार इनमें से अधिकांश ने निबंधन नहीं कराया है जिसकी जांच होनी चाहिए। मरीजों से ये मनमानी फीस भी वसूलते हैं और इनके संदिग्ध इलाज से मरीजों की मृत्यु होने पर मारपीट तक हो जाती है।

## आपकी बात

### राष्ट्रीय सेवक संघ के 100 वर्ष और बदलाव



विजय कुमार

2025 की विजयादशमी पर संघ सौवें वर्ष में पहुंच गया है। ऐसे में इस यात्रा के कुछ पड़ावों पर नजर डालना उचित होगा।डा. हेडगेवार ने संगठन को देश की राष्ट्रीय आवश्यकता कहा था। उन्होंने कोलकाता में क्रांतिकारियों और नागपुर में कांग्रेस के साथ काम कियाय पर संघ स्थापना के बाद पूरी शक्ति यहीं लगा दी। इसलिए पहले 50 साल संघ ने केवल संगठन किया। यद्यपि अन्य बहुत कुछ भी शीर्ष नेतृत्व के मन में था। दत्तोपंत ठेंगड़ी इसे 'प्रोगेसिव अनफोल्डमेंट' कहते थे। इसके बल पर ही संघ ने हर संकट को झेला। इस पहले दौर में स्वयंसेवकों ने कई संस्थाएं बनायीं। इनमें राष्ट्र सेविका समिति (1936), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (1949), वनवासी कल्याण आश्रम (1952), भारतीय मजदूर संघ (1955), विश्व हिन्दू परिषद (1964), भारतीय जनसंघ/भारतीय जनता पार्टी (1951), सरस्वती शिशु मंदिर/विद्या भारती (1952) आदि प्रमुख हैं। यद्यपि इनके संविधान, कोष, पदाधिकारी, कार्यक्रम आदि अलग हैंय पर प्रेरणा संघ की ही है।संघ पर 1932 और 1940 में शासन ने आंशिक प्रतिबंध लगायेय पर वे ज्यादा नहीं चले। 1948 में गांधी जी की हत्या के बाद फिर प्रतिबंध लगा। तब शासन, प्रशासन और जनता संघ के विरोध में थी। प्रचार माध्यम सरकार के पास थे। संघ के पास अपनी बात कहने का कोई साधन नहीं था। फिर भी संघ ने सत्याग्रह से सरकार को झुका दिया। पर फिर शाखा के साथ ही समविचारी संगठनों का विस्तार और प्रभाव बढ़ने लगा। इसीलिए जब 1975 में इंदिरा गांधी ने संघ पर प्रतिबंध लगाया, तो जनता संघ के साथ रही। संघ ने फिर सत्याग्रह किया। जनता डर से चुप थी, पर चुनाव में उसका आक्रोश फूट पड़ा और इंदिरा गांधी हार गयी। यह संगठन के बल पर ही हुआ। समाज में बढ़ती स्वीकार्यता का लाभ उठाकर संघ ने संगठन को फैलाया तथा स्वयंसेवकों ने अनेक नयी संस्थाएं बनायीं।1992 में बाबरी विध्वंस के बाद सरकार ने फिर प्रतिबंध लगाया, जिसे न्यायालय ने ही खारिज कर दिया। 1975 और 1992 के प्रतिबंध से संघ के संगठन और प्रभाव में वृद्धि हुई। उसका नाम दुनिया भर में फैल गया।1977 के बाद इसे हम दूसरा 50 वर्षीय कालखंड कह सकते हैं। संघ ने अनुभव किया कि हमारा काम समाज के निर्धन वर्ग में नहीं है। इनकी पहली जरूरत रोटी, कपड़ा और मकान है। इस कारण लोग धर्मांतरण भी कर लेते हैं। मीनाक्षीपुरम् कांड इसका उदाहरण था। अतः सेवा के क्षेत्र में प्रवेश किया गया। 1989 में डा. हेडगेवार की जन्मशती पर 'सेवा निधि' एकत्र कर हजारों पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनाये गये। निर्धन बस्तियों को 'सेवा बस्ती' कहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के हजारों छोटे प्रकल्प शुरू किये। अब इनकी संख्या डेढ़ लाख से भी अधिक है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## राजनीति की बात

### जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्रः सरकार से बड़ी उम्मीदें



ललित गर्ग



आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा। जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

बहुत से लोग जो धूम्रपान या अधिक मिठाई खाने को छोड़ने का संकल्प तो कर लेते हैं, परंतु फिर भी वे उन कर्मों को करते रहते हैं। वे नहीं बदलते क्योंकि उनमें मन ये स्याही-सोख्ता कागज की भांति, विचार की आदतों को सोख लिया है।

### अच्छी आदतों को बनाना एवं बुरी आदतों को नष्ट करना



श्री श्री परमहंस योगानंद

ईश्वर की शरण में जाएं और आपको लगेगा कि आप स्वभाव और वातावरण की बेड़ियों को तोड़ते जा रहे हैं। अहंकार से रूप हुआ जीव बन्धन में है, आत्मा से एकाकार होने पर जीव मुक्त हो जाता है। मन आपको कह सकता है कि आप स्वयं को किसी भी एक विशेष आदत से मुक्त नहीं कर सकते, परन्तु आदतें आपके आपने विचारों की पुनरावृत्ति और कुछ नहीं है, और इनको बदलने की क्षमता आपमें है। मन आपको कह सकता है कि आप स्वयं को किसी भी एक विशेष आदत से मुक्त नहीं कर सकते, परन्तु आदतें आपके अपने विचारों की पुनरावृत्ति के अतिरिक्त और कुछ नहीं हैं, और इनको बदलने की क्षमता आपमें है।

बहुत से लोग जो धूम्रपान या अधिक मिठाई खाने को छोड़ने का संकल्प तो कर लेते हैं, परंतु फिर भी वे उन कर्मों को करते रहते हैं। वे नहीं बदलते क्योंकि उनमें मन ये स्याही-सोख्ता कागज की भांति, विचार की आदतों को सोख लिया है। आदत का अर्थ है मन का विश्वास कि वह किसी विशेष विचार से छुटकारा नहीं पा सकता। निःसन्देह, आदत दुराग्राही होती है। एक बार जब आप कोई कार्य कर लेते हैं तो वह चेतना पर एक प्रभाव या छाप छोड़ देता है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**सोच समझ कर आहुति, देना उनके साथ।**
**जल सकते हैं यज्ञ में, वहाँ तुम्हारे हाथ।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## देश की बात

### आतंकवाद : सरकारों को बहुत कुछ सीखना है



राकेश दुबे

इसे जाहिर तौर पुलिस बल की सफलता ही कहेंगे कि 4 अक्टूबर को नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर पुलिस बल ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 साल बाद से किसी एक अभियान में माओवादियों-आतंकियों की यह सर्वाधिक मौतों की संख्या है। इस घटना ने देश में आतंकवाद के घाव फिर से हरे कर दिए और यह सवाल पैदा किया कि देश में हर तरह की आतंकी वारदातें कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में सत्ता में रहने के दौरान ही क्यों होती हैं? वैसे भी कांग्रेस की नीतियों से ऐसी रक्तरंजित घटनाओं का परिणाम अभी तक देश भुगत रहा है। आतंकवाद चाहे जम्मू-कश्मीर का हो, नक्सलियों का, पूर्वोत्तर में या फिर पंजाब में खालिस्तान का रहा हो, देश ने कांग्रेस की गलतियों की भारी कीमत चुकाई है। इसी तरह दशकों तक तीन राज्यों में व्याप्त रहा चंबल के बीहड़ों में डकैतों के अपराधों का काला इतिहास भी कांग्रेस के शासन के दौरान लिखा गया। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि कांग्रेस ने इन गलतियों से सबक नहीं लिया।

आतंकवाद चाहे जम्मू-कश्मीर में हो या फिर नक्सलियों का हो, कांग्रेस ने कभी भी केंद्र की वर्तमान सरकार की तरह सख्ती नहीं दिखाई। इसके विपरीत कांग्रेस का रवैया वोट बैंक की राजनीति के कारण आतंक समर्थकों के प्रति सहानुभूति का रहा है। लापरवाही और उपेक्षापूर्ण नीतियों के साथ ही राजनीतिक फायदे के लिए की गई आतंकवाद की अवहेलना की कीमत कांग्रेस ने भी चुकाई है। 25 मई 2013 को, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के नक्सली विद्रोहियों ने छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में दरभा घाटी की झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के काफिले पर हमला किया। इस हमले में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्या चरण शुक्ला, पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र कर्मा और छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रमुख नंद कुमार पटेल की मौत हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि 2026 में नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। शाह ने कहा कि 30 साल के बाद पहली बार वामपंथी उग्रवाद से मरने वाले लोगों की संख्या 100 से कम रही है। हिंसा की घटनाओं में करीब 53 प्रतिशत की कमी आई है। नक्सली हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या 96 की जगह 42 जिले तक सीमित रह गई है। इन 42 जिलों में से 21 जिले नए बने हैं। इनमें से करीब 16 जिले ही नक्सल हिंसा से प्रभावित हैं।

केंद्र सरकार को आतंकियों से निपटने के लिए न सिर्फ करोड़ों रुपए बहाने पड़ रहे हैं, बल्कि पुलिस और सुरक्षा बलों को काफी मानवीय क्षति उठानी पड़ी है। नक्सल आतंकवाद का उदय पश्चिमी बंगाल से कांग्रेस शासन के दौरान ही हुआ था। यह फैलते हुए देश के करीब आठ राज्यों में तक पहुंच गया। इनमें से ज्यादातर राज्यों और केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस की तत्कालीन सरकारें नक्सलियों की रोकथाम करने में विफल रही। केंद्र और राज्य मिलकर काम नहीं कर सके। नक्सली देश के लिए नासूर बन गए। मुस्लिम वोटों के कारण कांग्रेस कभी भी भाजपा जैसी सख्ती नहीं दिखा पाई।नौबत यह आ गई कि पाकपरस्त आतंकी संगठनों ने केंद्र में कांग्रेस के शासन के दौरान देश में बम धमाके करके कानून-व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दिया।

सरकार की सख्त सुरक्षा नीतियों के कारण पाकपरस्त आतंकियों के हौसले पस्त हुए है। जम्मू-कश्मीर में कुछ आतंकी वारदातों के सिवाय देश में कहीं भी बम धमाके नहीं हुए। इसमें महत्वपूर्ण सफलता धारा 370 हटने के बाद मिली, जिससे पत्थरबाजी खत्म होने के साथ विकास की नई इबारत लिखी गई। सवाल यही है कि क्या कांग्रेस आतंकवाद और कानून-व्यवस्था को लेकर इतिहास से कोई सबक सीखेगी।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



चेन्नई: बुधवार, 16 अक्टूबर, 2024 को चेन्नई में जारी बारिश के बीच लोग जलभराव वाले इलाके से नाव से निकल रहे हैं। (फोटो: आईएएनएस/आर. पार्थिबन)



चेन्नई: बुधवार, 16 अक्टूबर, 2024 को चेन्नई में भारी बारिश के दौरान जलभराव वाले इलाके से गुजरते यात्री। (फोटो: आईएएनएस/आर. पार्थिबन)

# बिहार के सारण और सिवान में जहरीली शराब से 25 की मौत

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सिवान और सारण जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। जिला प्रशासन की तरफ से 25 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है। कई लोग अस्पताल में भर्ती हैं। बिहार के पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि सारण-सिवान में जहरीली शराब पीने से अब तक 25 लोगों की मौत हुई है। सीवान में 20 और सारण में 5 लोगों की मौत की होने की सूचना है। इस मामले में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। शराब माफिया के ऊपर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। निर्माण, भंडारण और सप्लाई करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। पटना मद्य निषेध विभाग के सचिव और पुलिस अधीक्षक को भी क्षेत्र में भेजा गया है। इन लोगों को निर्देशित किया गया है कि पूरी समस्याओं को देखें और एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करें ताकि सब पर कारगर कार्रवाई की जा सके। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। डीजीपी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पर्व त्योहार के दौरान इस तरीके की घटना हमारे पुलिस -प्रशासन की चूक है। जिन लोगों के कारण यह चूक हो रही है उन्हें चिह्नित कर उचित कार्रवाई की जाएगी। दो अलग-अलग टीमों ने दोनों जिलों में छापेमारी की है। फॉरेंसिक टीम ने अहम नमूने भी जुटाए हैं। सारण और सिवान में 25 लोगों की जान चली गई है। कई लोगों की आंखों की रोशनी भी छिन गई है।

**मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा**




**मुख्यमंत्री ने की जहरीली शराब कांड की उच्चस्तरीय समीक्षा**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीवान और सारण जिले में कल जहरीली शराब से हुई मौतों की इस घटना की उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा के पश्चात मुख्यमंत्री ने मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि वे घटनास्थल पर जाकर पूरी स्थिति की जानकारी लेकर सभी बिन्दुओं पर सघन जांच करें। मुख्यमंत्री ने एडीजी (प्रोहिबिशन) की पूरी टीम को घटनास्थल पर जाकर उसकी सघन जांच कर इस कांड में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6 ए की वैधता को रखा बरकरार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपने फैसले में सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा। दरअसल, 6 ए उन लोगों को भी नागरिकता प्रदान करता है, जो संवैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आते हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को भारत में रह रहे बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने और असम की पूर्व सरकार द्वारा एनआरसी के संबंध में दिए निर्देशों को प्रभावी रूप से लागू करने का आदेश दिया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि पहचान और प्रवासी प्रक्रिया की अपने स्तर पर निगरानी की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, जुलाई 1949 के बाद निर्वासित हुए ऐसे लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान 6 ए में है, जिन्होंने नागरिकता के लिए आवेदन नहीं किया था। वहीं, 1 जनवरी 1966 से पहले निर्वासित हुए लोगों को एस 6 ए के तहत नागरिकता प्रदान की जाती है। कोर्ट ने 4:1 के बहुमत के फैसले से सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6 ए की वैधता को बरकरार रखा है। जस्टिस जे पारदीवाला ने इस फैसले पर असहमति जताते हुए इसे असंवैधानिक बताया है। बता दें कि सिटीजनशिप एक्ट 1955 की धारा 6 ए को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा असम में 40 लाख और पश्चिम बंगाल में 56 लाख प्रवासी हैं। वहीं 6 ए के विरोध में दाखिल की गई याचिका में इसे असंवैधानिक बताया गया था, क्योंकि यह संविधान के अनुच्छेद 6 और 7 की तुलना में नागरिकता के लिए अलग-अलग प्रणाली निर्धारित करता है।

## घरेलू नौकरानी मालिक के परिवार को खिला रही थी मूत्र वाली रोटी

**एजेंसी। गाजियाबाद**



मालिक की डांट से नाराज और अपमानित महसूस कर रही एक घरेलू सहायिका रीना बदला लेने के लिए गत चार महीने से पूरे परिवार को अपने मूत्र से सने आटे की रोटी खिलाती रही। इस सनसनीखेज मामले का खुलासा चुपके से रसोई में लगवाए गए सीसीटीवी कैमरे से हुई। घरेलू सहायिका रीना ने पुलिस के पूछताछ में आरोप को स्वीकार कर लिया है। उसने कहा कि अपने अपमान का बदला लेने के लिए मैंने खाने में अपना मूत्र मिलना शुरू कर दिया। क्रॉसिंग रिपब्लिक की सोसायटी के रीयल एस्टेट कारोबारी ने रीना के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी जो आठ साल से रीयल एस्टेट कारोबारी के यहां काम कर रही थी। पुलिस पूछताछ में पहले वह मूत्र मिलाकर खाना बनाने से इन्कार करती रही, लेकिन जब उसे सीसीटीवी फुटेज दिखाया तो चुप्पी साध गई। इसके बाद सख्ती से की गई पूछताछ में उसने अपना जुर्म कुबूल किया। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि रीना चार महीने से ऐसा कर रही थी। उसे पता नहीं था कि कारोबारी ने कुछ दिन पहले ही रसोईघर में सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया है। उसने बताया कि रोटी बनाते समय वह पानी की जगह मूत्र का इस्तेमाल करती थी। वह खाना परोसने के बाद जब देखती थी कि उन रोटियों को मालिक और उनके परिवार के लोग खा रहे हैं, तो उसे ऐसे लगता था जैसे अपने अपमान का बदला ले रही हो। उसे बुधवार को जेल भेज दिया गया।

**त्वचा रोग होने पर लगवाया कैमरा**

रीयल एस्टेट कारोबारी ने बताया कि कुछ समय से परिवार के लोग बीमार पड़ने लगे। सभी को त्वचा संबंधी रोग हुए। उन्हें लगा कि शायद खाने में कुछ गलत ले रहे हैं। लेकिन, ऐसा नहीं था। इस पर शक हुआ कि रीना खाने में कुछ गलत चीज मिला रही है। सच्चाई जानने के लिए उसे बताए बगैर रसोईघर में कैमरा लगवा दिए। इसकी फुटेज देखकर पता चला कि वह रोटी बनाने में पानी की जगह मूत्र इस्तेमाल करती है। इसके बाद पुलिस से शिकायत की। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह उस पर पूरा भरोसा करते थे। कभी सोचा नहीं था कि वह ऐसा कर सकती है।

**लोनी में जूस में मूत्र मिलाता था दुकानदार**

इससे पहले एक मामला लोनी में सामने आया था। वहां खुशी जूस कार्नर पर दुकानदार आमिर फलों के जूस में मूत्र मिलाकर देता था। उसे गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कई मामले थूककर रोटी बनाए जाने के भी सामने आ चुके हैं।

## प्रधानमंत्री से सपरिवार मिले शिवराज दोनों बेटों की शादी का दिया न्योता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुरुवार को सपरिवार मुलाकात की और अपने दोनों बेटों के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए उनको आमंत्रित किया। शिवराज ने सोशल मीडिया एक्स पर इस मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपनी धर्मपत्नी साधना और दोनों बेटों कार्तिकेय एवं कुणाल के साथ भेंट की। हमने प्रधानमंत्री को दोनों बेटों की शादी में आने का निमंत्रण दिया और उनसे आशीर्वाद लिया। स्नेह, प्रेम, आत्मीयता और अपनेपन से भरे प्रधानमंत्री जी अभिभावक और बड़े भाई हैं। वह मानवीय संवेदनाओं से भरे अत्यंत सहज और सरल हैं। प्रधानमंत्री से मिलकर मन भावुक हो गया। उनके साथ देश और किसानों के लिए काम करना जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है।'

## नायब सिंह सैनी ने ली हरियाणा के सीएम पद की शपथ

**एजेंसी। पंचकूला**



**अनिल विज समेत अन्य नेता बने मंत्री**

हरियाणा में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई। नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ ली। उन्हें राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने कुरुक्षेत्र की लाडवा सीट से कांग्रेस के मेवा सिंह को मात देकर चुनाव जीता था। नायब सिंह सैनी के अलावा अनिल विज ने मंत्री पद की शपथ ली है। अनिल विज अंबाला कैंट से विधायक हैं। इसके अलावा भाजपा विधायक कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सोनीपत सीट की गोहाना सीट से विधायक अरविंद कुमार शर्मा को भी नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। भाजपा विधायक श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी और आरती सिंह राव ने मंत्री पद की शपथ ली। नायब सिंह सैनी ने शपथ लेने से पहले पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित दशहरा मैदान में हुए नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और अन्य सीएम, डिप्टी सीएम, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के तमाम नेता मौजूद हैं। प्रधानमंत्री ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को बधाई दी।

## बहराइच में बहाल की गई इंटरनेट सेवा, भ्रामक सूचनाएं न फैलाने की अपील

**बहाराइच।** जनपद के महसी इलाके में अब पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम है। लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से फोर्स अभी भी तैनात रखी गयी है। बुधवार की देर रात इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गयी है। हिंसा भड़काने के कारण इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई थी ताकि अफवाहों को रोका जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक पवित्र मोहन त्रिपाठी ने गुरुवार को बताया कि महसी इलाके में रविवार को प्रतिमा विसर्जन के दौरान भड़की हिंसा में एक युवक की मौत हो गई थी। स्थिति को संभालने के लिए आसपास के जिलों से फोर्स बुलवायी गई थी। अब यहां के हालात सामान्य है। इस हिंसा में अब तक दस मुकदमें लिखे जा चुके हैं। एक मुकदमा मृतक राम गोपाल मिश्रा के परिवार की ओर से हत्या करने वालों के खिलाफ दर्ज किया गया है। पुलिस ने दानिश उर्फ शहीर को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपितों की धरपकड़ की जा रही है। छह मुकदमें पूरे इलाके में बवाल,दंगा और आगजनी करने वालों पर दर्ज किया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## प्रॉपर्टी बेचने के नाम पर वीके सिंह की बेटी से 3.38 करोड़ की धोखाधड़ी

**एजेंसी। गाजियाबाद**



पूर्व केंद्रीय मंत्री और गाजियाबाद के पूर्व सांसद जनरल (रिटायर्ड) वीके सिंह की बेटी योगजा सिंह ने हाईटेक इंस्टीट्यूट के चेयरमैन आनंद प्रकाश के खिलाफ कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें योगजा सिंह का आरोप है कि आनंद प्रकाश ने मकान बेचने के नाम पर उनके साथ 3.38 करोड़ की धोखाधड़ी की। एफआईआर में राजनगर निवासी योगजा सिंह की ओर से बताया गया कि आनंद प्रकाश ने उनसे 14 जून 2014 में मकान बेचने का सौदा किया था। कुल 5.50 करोड़ रुपये दिए जाना तय हुआ था। उन्होंने 10 लाख रुपये एडवांस दे दिए। बाकी रकम धीरे-धीरे देने का तय हुआ। इसके बाद आनंद प्रकाश ने मकान में मरम्मत का काम कराया जिसमें 4.50 लाख रुपये खर्च हुआ। इस रकम का चेक उन्होंने उन्हें दे दिया और 15 जुलाई 2014 को उन्हें मकान पर कब्जा मिल गया। उनका कहना है कि उन्हें मकान पर ऋण लेना था। इसके लिए 13 फरवरी 2017 को उनके बीच एक अनुबंध हुआ था। इसके बाद उन्होंने 14 व 15 फरवरी 2017 को 33.50 लाख रुपये आनंद प्रकाश को ट्रांसफर किए। इसके बाद उन्होंने ऋण लेने के लिए मूल कागज मांगे लेकिन आनंद प्रकाश ने नहीं दिए। वह और रकम की मांग करने लगे। उन्होंने फिर 14 अक्तूबर 2018 को संदीप तंवर के माध्यम से रुपये उधार लेकर एक करोड़ रुपये दे दिए। इसके बाद 15 नवंबर 2019 और 12 अक्तूबर 2023 को भी एक-एक करोड़ रुपये दिए। 21 अक्तूबर 2023 को जब बैंक से दो करोड़ रुपये का ऋण मिला तो आनंद प्रकाश से बैनामा करने के लिए कहा लेकिन उन्होंने बैनामा नहीं किया। इसके बाद 16 अगस्त 2024 को एक नोटिस गलत व झूठे तथ्यों के आधार पर उन्हें दे दिया।

## 3 बिहार के उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन मीटर रिचार्ज में बनाया रिकॉर्ड

**एजेंसी। पटना**



▸ एक दिन में 11 करोड़ रुपये का राजस्व हुआ प्राप्त

उत्तर बिहार के बिजली उपभोक्ता डिजिटल माध्यमों को तेजी से अपनाते हुए नए मील के पत्थर स्थापित कर रहे हैं। बिजली वितरण के क्षेत्र में उपभोक्ताओं की बढ़ती जागरूकता का उदाहरण बुधवार (16अक्टूबर) को देखा गया। एक ही दिन में कुल 3 लाख 83 हजार उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन रिचार्ज किया और इस माध्यम से लगभग 11 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यह पहली बार है कि एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन रिचार्ज के माध्यम से भुगतान किया है। इससे पहले 18 सितम्बर,2024 को 333,763 ट्रांजेक्शन के जरिये सर्वाधिक 7.58 करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र किया था। रिकॉर्ड रिचार्ज ट्रांजेक्शन के अलावा कल पुनः कनेक्शन में भी लोगों की बेहतर भागीदारी देखी गई। 396,688 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, जिनमें से 311,910 उपभोक्ताओं को उसी दिन जोड़ दिया गया। जिसका श्रेय भी कुशल डिजिटल री कनेक्शन प्रणाली को ही जाता है। अक्टूबर 2024 के लिए औसत दैनिक राजस्व 2.73 करोड़ रुपये रहा। जो राजस्व प्रवाह और उपभोक्ता संतुष्टि बढ़ाने में डिजिटल सेवाओं के महत्व को प्रदर्शित करता है। उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक नीलेश देवरे, आईएएस ने अपने एक ट्विट में यह जानकारी देते हुए इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा , उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हम लगातार ऑनलाइन सेवाओं को सरल और सुगम बना रहे हैं। इस प्रकार की रिकॉर्ड रिचार्ज संख्या से स्पष्ट है कि उपभोक्ता डिजिटल माध्यमों को अपनाकर बिलिंग और शुल्क जमा करने में आ रही समस्याओं से निजात पा रहे हैं।

## पांच वर्ष में 200 फीसदी बढ़े नोएडा-ग्रेनो में प्रॉपर्टी के दाम

**एजेंसी। नोएडा**

यूपी ही नहीं दिल्ली की शान बन चुके नोएडा और ग्रेनो में पांच वर्ष में प्रापर्टी की कीमतों में 200 फीसदी तक उछाल आया है। नई लांच हुई परियोजनाओं की कीमत भी आसमान पर पहुंच गई हैं। हालांकि आधे दशक में सबसे ज्यादा कीमतों में बढ़ोत्तरी होने वाले देश टॉप-10 शहरों में गुरुग्राम सबसे आगे है। यहां सबसे अधिक 260 फीसदी उछाल दर्ज किया गया है। सबसे कम कीमत मुंबई में बढ़ी है, यहां 37 फीसदी की बढ़त मिली है। हालांकि प्रति वर्गफीट कीमतों की बात करें तो मुंबई इस दृष्टि से सबसे महंगा है। यहां औसत कीमत 35500 रुपये प्रति वर्गफीट है। इसके बाद गुरुग्राम में 19500 रुपये प्रति वर्ग फीट और नोएडा में 16 हजार रुपये प्रति वर्ग फीट है। एक रियल एस्टेट फर्म के सर्वे आंकड़े के अनुसार वर्ष 2019 में औसतन 3810 रुपये प्रति वर्गफीट की कीमत पर ग्रेटर नोएडा में मिलने वाले घर की कीमत वर्ष 2024 में 8403 रुपये प्रति वर्गफीट तक पहुंच गई है। ऐसे ही नोएडा में पांच वर्ष पहले घर की औसत कीमत 6500 रुपये प्रति वर्गफीट तक थी, जो बढ़कर 16 हजार रुपये प्रति वर्गफीट तक पहुंच गई है।




**गुरुग्राम में आसमान छू रही कीमतें**

गुरुग्राम में 2019 में हाउसिंग की औसत कीमतें 7500 रुपये प्रति वर्गफीट थी जो 2024 में बढ़कर 19500 रुपये प्रति वर्ग फीट पर पहुंच गई हैं। इसके पीछे बुनियादी सुविधाओं का विकास, एनआरआई की बढ़ती रूचि, हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल को बढ़ा कारण माना गया है। इसके अलावा स्टॉक मार्केट में मुनाफा हासिल करने वालों द्वारा रियल एस्टेट में निवेश और घर खरीदने की चाह के साथ ही लग्जरी घरों की ओर झुकाव ने कीमतों को उछाल दिया है। कीमत में उछाल भी तब है जब यहां परियोजनाओं का काम तय समय पर पूरा नहीं हो पाया है। टियर-1 में ग्रेटर नोएडा में सबसे ज्यादा 74,645 यूनिटों का काम रुका हुआ है। पहले हुए सर्वे में पाया गया था कि ग्रेटर नोएडा में सबसे ज्यादा 17 फीसदी यूनिटों का काम रूका हुआ है। इसमें 167 परियोजनाओं में 74,645 युनिटों का काम आठ वर्ष में पूरा नहीं पूरा नहीं हो पाया है।

# IND vs NZ : बेंगलुरु टेस्ट में भारत 46 रन पर ऑल आउट



**46** रन पर भारत की पूरी टीम पहले टेस्ट की पहली पारी में ढेर

**0** पर ऑवट हुए विराट कोहली, सरफ़राज़ खान, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे बड़े खिलाड़ी शामिल हैं।

**20** रन की पारी खेल ऋषभ पंत ने भारत की तरफ से पहले स्थान पर रहे

**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला आत्मघाती साबित हुआ। पूरी भारतीय टीम 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड ने इसके बाद दिन का खेल समाप्त होने तक 50 ओवर में 3 विकेट पर 180 रन बनाकर 134 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है।

न्यूजीलैंड की पारी में डेवोन कॉन्वे ने 105 गेंदों पर 11 चौकों और 3 छक्के की मदद से 91 रन की जबरदस्त पारी खेली। हालांकि, उनका दुर्भाग्य रहा कि वह रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर बोल्ड होकर 9 रन से शतक से चूक गए। लेकिन, उन्होंने इससे पहले कप्तान टॉम लैथम (15) के साथ ओपनिंग साझेदारी में 67 रन और विल यंग (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की। लैथम को कुलदीप यादव ने और यंग को रवींद्र जडेजा ने आउट किया।

दूसरे दिन का खेल खराब रोशनी के कारण 11 ओवर पहले समाप्त किए जाने तक रचिन रवींद्र 22 और डेरिल मिचेल 14 रन बनाकर क्रीज पर थे। दोनों ने तीसरे विकेट की अविजित साझेदारी में 38 रन जोड़ दिए। दोनों ही बल्लेबाजों की कोशिश कल तीसरे दिन अपनी टीम की बढ़त को और मजबूत करने पर होगी। जबकि, पहले दिन भूलने वाला प्रदर्शन करने के बाद भारत मेहमान टीम को जल्दी समेटना चाहेगा।

इससे पहले, बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सुबह बारिश के कारण खेल थोड़ा देर से शुरू हुआ। पहले दिन का खेल बारिश के कारण बिना टॉस हुए रद्द हो गया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन इसका नतीजा टीम इंडिया के पक्ष में नहीं रहा। भारत की शुरुआत खराब रही और मात्र 10 रन पर उसके तीन बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। लंच तक भारत का स्कोर 34 रन पर 6 विकेट था। लंच के बाद टीम इंडिया की पहली पारी 31.2 ओवर में मात्र 46 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने मैट हैनरी और विलियम ओ'रूर्के ने भारत के 9 विकेट निकालते हुए मेजबान टीम को समर्पण करने के लिए मजबूर किया। भारत का 46 रन का स्कोर घरेलू जमीन पर उसका सबसे कम टेस्ट स्कोर और ओवरऑल तीसरा सबसे कम स्कोर है।

### भारत पहली पारी

| बल्लेबाज़ी | R | b | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल | 13 | 63 | 1 | 0 |
| रोहित शर्मा | 2 | 16 | 0 | 0 |
| विराट कोहली | 0 | 9 | 0 | 0 |
| सरफ़राज़ ख़ान | 0 | 3 | 0 | 0 |
| के एल राहुल | 0 | 6 | 0 | 0 |
| रवींद्र जाडेजा | 0 | 6 | 0 | 0 |
| रवि अश्विन | 0 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव | 2 | 17 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह | 1 | 3 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज | 4 | 16 | 1 | 0 |

## केरल के लिए रणजी ट्रॉफ़ी मैच खेलेंगे सैमसन

**तिरुवनंतपुरम।** विकेटकीपर बल्लेबाज़ संजू सैमसन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी को तैयार हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि वह केरल के लिए 18 अक्टूबर से शुरू हो रहे दूसरे राउंड के रणजी मैच में हिस्सा लेंगे और तब तक रणजी ट्रॉफ़ी खेलते रहेंगे, जब तक उन्हें राष्ट्रीय ड्यूटी के लिए बुलावा ना आ जाए। भारत को न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ टेस्ट सीरीज़ के बाद नवंबर में चार मैचों की टी20 सीरीज़ के लिए दक्षिण अफ़्रीका जाना है।

हालांकि सैमसन टीम की कप्तानी नहीं करेंगे और सचिन बेबी कप्तान बने रहेंगे, जिन्होंने पंजाब के ख़िलाफ़ पिछले मैच में टीम को जीत दिलाई थी। अब केरल का अगला मुक़ाबला कर्नाटक के ख़िलाफ़ अलूर में है।

सैमसन ने पिछले साल रणजी ट्रॉफ़ी के चार मैच खेले थे, जहां उन्होंने 35.40 की औसत से 57 के उच्चतम स्कोर के साथ 177 रन बनाए थे। इस साल की शुरुआत में हुए दलीप ट्रॉफ़ी के मैचों में भी उन्होंने भाग लिया था, जहां उनका स्कोर 106, 45, 5 और 40 का रहा था। वहीं बेबी की बात करें तो पिछले रणजी सीज़न उन्होंने चार शतकों और इतने अर्धशतकों के साथ 83 की औसत से 830 रन बनाने के साथ वह टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज़ थे। हालांकि टीम को तब सात मैचों में बस एक में जीत मिल पाई थी और पांच मैच ड्रॉ रहे थे।

## तालिका में शीर्ष स्थान के लिए भिड़ेंगे पंजाब एफसी और बेंगलुरु एफसी



**बेंगलुरु, (आईएएनएस)।** इंडियन सुपर लीग 2024-25 सीजन में, अब तक की अजेय टीमों के बीच होने वाले मुकाबले में पंजाब एफसी का सामना बेंगलुरु एफसी से होगा, जो शुक्रवार को यहां श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब एफसी इस सीजन में अब तक तीनों मैच जीतकर अजेय है, जबकि बेंगलुरु एफसी ने तीन मैच जीते हैं और एक ड्रॉ खेला है। इस मुकाबले में जीतने वाली टीम तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच जाएगी। यह मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा। पंजाब एफसी तीन सप्ताह के लंबे अंतराल के बाद मैदान पर उतरेगा, जबकि बेंगलुरु एफसी ने अपने पिछले मैच में मुंबई सिटी के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था। मैच से पहले पंजाब एफसी के मुख्य कोच पनागियोटिस डिलबेरिस ने कहा, "सीजन की शुरुआत में हमने तीन अच्छे मैच खेले हैं, और हमारे परिणाम कोचों और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। इस सीजन में हमारे कई मैच बाहर के मैदान पर हैं। इस लंबे अंतराल में हमारा लक्ष्य ध्यान बनाए रखना और प्रशिक्षण में अपनी प्रक्रिया जारी रखना था। कल का मैच दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विजेता शीर्ष स्थान पर पहुंच जाएगा। हम अपने फुटबॉल शैली को जारी रखेंगे, और खिलाड़ियों ने इसे बहुत तेजी से अपनाया है।

## इगा स्वियाटेक ने विम फिसेट को अपना नया कोच नियुक्त किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विश्व नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने अगले महीने रियाद में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स से पहले विम फिसेट को अपना नया कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। फिसेट, स्वियाटेक के पहले गैर-पोलिश कोच और साथ ही उनके करियर के शीर्ष स्तर पर तीसरे कोच बने।

इगा स्वियाटेक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, "मैं एक नया अध्याय शुरू करने के लिए उत्साहित और प्रेरित हूं। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि विम फिसेट हमारी टीम में शामिल हो रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं, मैं डब्ल्यूटीए फाइनल्स की तैयारी कर रही हूं, लेकिन मेरा दृष्टिकोण हमेशा की तरह है काफी आगे तक का है, न कि शॉर्ट टर्म। मैंने कई बार कहा है कि मेरा करियर मेरे लिए मैराथन है, स्प्रिंट नहीं और मैं इसी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही हूं, संचालन कर रही हूं और निर्णय ले रही हूं।"

पोस्ट में लिखा गया है, "मैं यह कहना चाहती हूं कि मैं विम के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। ऐसा लगता है कि उनके पास टेनिस के शीर्ष स्तर पर एक शानदार दृष्टिकोण, दूरदर्शिता और अच्छा अनुभव है। एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने की कोशिश करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है, लेकिन हमने अच्छी शुरुआत की है और मैं जल्द ही प्रतिस्पर्धा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।"

## भारत को एएफसी महिला फुटसल क्वालीफायर में इंडोनेशिया

**कुआलालंपुर (आईएएनएस)।** भारतीय महिला राष्ट्रीय फुटसल टीम को गुरुवार को यहां एएफसी हाउस में आयोजित ड्रा के बाद एएफसी महिला फुटसल एशिया कप 2025 क्वालीफायर के ग्रुप बी में इंडोनेशिया, हांगकांग, पाकिस्तान और किर्गिज गणराज्य के साथ रखा गया है। यह पहली बार होगा जब भारत एएफसी महिला फुटसल एशियाई कप क्वालीफायर में भाग लेगा। ग्रुप बी की मेजबानी इंडोनेशिया 11-19 जनवरी, 2025 तक करेगा। एएफसी महिला फुटसल एशिया कप 2025 में नौ स्थानों के लिए कुल 19 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसकी मेजबानी मई 2025 में चीन करेगा। टीमों को पांच के तीन समूहों और चार के एक समूह में विभाजित किया गया था। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें और सभी समूहों में सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम - फाइनल में पहुंचेगी और मेज़बान चीन तथा एएफसी महिला फुटसल चैम्पियनशिप के फाइनलिस्ट ईरान और जापान के साथ मिलकर गौरव की अपनी खोज जारी रखेगी। 2015 और 2018 में दोनों पिछले संस्करण ईरान ने जीते थे। एएफसी महिला फुटसल एशिया कप चीन 2025 में शीर्ष तीन फिनिशर फिलीपींस द्वारा आयोजित किए जाने वाले उद्घाटन फीफा फुटसल महिला विश्व कप 2025 में अपनी जगह पक्की करेंगे।

## सिंधु डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में

अब जीत की लय में लौटीं सिंधु को आज क्वार्टर फाइनल में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जहां उनका सामना इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग, पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता या डेनमार्क की स्थानीय पसंदीदा मिया ब्लिचफेल्ड से होगा।

**ओडेंस,(आईएएनएस)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में चीन की हान यू को हराकर शानदार वापसी की। सिंधु ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद चौथी वरीयता प्राप्त और दुनिया की 7वें नंबर की खिलाड़ी को एक घंटे से अधिक समय तक चले कड़े मुकाबले में 18-21, 21-12, 21-16 से हराया।

विश्व में 18वें नंबर की भारतीय शटलर ने हान यू के खिलाफ 6-1 के मजबूत रिकॉर्ड के साथ प्रतियोगिता में प्रवेश किया, लेकिन मैच की शुरुआत उनके पक्ष में नहीं रही। पहले गेम में, हान की सटीकता और ताकत ने उन्हें मध्य-खेल अंतराल पर 11-9 की बढ़त दिलाई, और उन्होंने इस बढ़त को 18-13 तक बढ़ाया, क्योंकि सिंधु अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही थीं। चार गेम पॉइंट बचाने के बावजूद, सिंधु हान को एक धमाकेदार क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ ओपनर जीतने से नहीं रोक सकीं।

पीछे हटने से इनकार करते हुए, सिंधु ने दूसरे गेम में तीन त्वरित पॉइंट हासिल करते हुए एक मजबूत शुरुआत की। हान की अनफोर्स्ड गलतियाँ बढ़ने लगीं, और सिंधु ने इसका फ़ायदा उठाते हुए अंतराल पर 11-6 की बढ़त बना ली। नए आत्मविश्वास के साथ, उन्होंने बाकी गेम पर अपना दबदबा बनाया, और इसे 21-12 से समाप्त करके मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में हान ने एक बार फिर बढ़त हासिल की, ब्रेक पर 11-7 की बढ़त बना ली। हालांकि, सिंधु ने जोशीली वापसी की, और लगातार चार पॉइंट जीते, जिसमें 29 शॉट की एक रोमांचक रैली भी शामिल थी, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। 15-16 से पिछड़ने के बाद भारतीय स्टार ने शानदार खेल दिखाया और लगातार छह अंक जीतकर मैच अपने नाम किया तथा क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

इससे पहले टूर्नामेंट में सिंधु को पहले राउंड में आसान प्रदर्शन करना पड़ा था। जहां उन्होंने चीनी ताइपे की पाई यू पो के खिलाफ 21-8, 13-7 से बढ़त बनाई थी, लेकिन उसके बाद उनकी प्रतिद्वंद्वी ने मैच छोड़ दिया। यह जीत सिंधु के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जिन्हें फिनलैंड में आर्कटिक ओपन में अपने पिछले प्रदर्शन में निराशा का सामना करना पड़ा था।





## भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने हालांकि कहा कि बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में बढ़ती चुनौतियों को प्रस्तुत करती है और उत्पादकता बनाए रखने के लिए निवेश की बढ़ती जरूरतें भी सामने आती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं की अगले दशक और उससे आगे के लिए उच्च महत्वाकांक्षाएं हैं। वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एसएंडपी ने कहा, "भारत अगले तीन साल में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और 2030 तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निवेश बैंकिंग कंपनी जेपी मॉर्गन के 'सरकारी उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक' में 2024 में इसका प्रवेश अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण प्रदान कर सकता है और घरेलू पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच बना सकता है।" एसएंडपी ने अपनी 'उभरते बाजारों पर भविष्य की नजर: एक निर्णायक दशक' रिपोर्ट में कहा कि उभरते बाजार अगले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जहां 2035 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की औसत वृद्धि दर 4.06 प्रतिशत रहेगी, वहीं उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह दर 1.59 प्रतिशत रहेगी। साल 2035 तक उभरते बाजार वैश्विक आर्थिक वृद्धि में लगभग 65 प्रतिशत का योगदान देंगे। इस वृद्धि में मुख्य रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान होगा। इनमें चीन, भारत, वियतनाम और फिलिपीन शामिल हैं। एसएंडपी ने कहा, "इसके अलावा, 2035 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो जाएगा, जबकि इंडोनेशिया और ब्राजील क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर होंगे।" इसमें कहा गया है कि भारत ने अपने पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर अपने कमजोर राजकोषीय क्षमता को सुधारने के लिए भी कदम उठाए हैं, जिससे दीर्घकालिक वृद्धि को और अधिक समर्थन मिलेगा।

**आइएमएफ के डेटा के मुताबिक दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था**

1. अमेरिका
2. चीन
3. जर्मनी
4. जापान
5. भारत

**2035** तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो जाएगा

**2047** तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य है भारत का

जबकि इंडोनेशिया और ब्राजील क्रमश: आठवें और नौवें स्थान पर होंगे

## हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ आखिरी दिन दोगुना से अधिक हुआ सब्सक्राइब

**मुंबई,(आईएएनएस)।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) गुरुवार शाम 4 बजे तक 2.34 गुना सब्सक्राइब हुआ है। पब्लिक इश्यू में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व हिस्सा सबसे अधिक 7 गुना सब्सक्राइब हुआ है।

लेटेस्ट डेटा (प्रोविजनल) के मुताबिक, क्यूआईबी के रिजर्व हिस्सा सबसे ज्यादा 6.94 गुना सब्सक्राइब हुआ है। गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए रिजर्व हिस्सा 0.57 गुना और रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व हिस्सा 0.48 गुना सब्सक्राइब हुआ है।

हुंडई मोटर इंडिया के आईपीओ को शुरुआत में ठंडा रिस्पॉन्स मिला था। आईपीओ सब्सक्रिप्शन के पहले दिन 18 प्रतिशत और दूसरे दिन 42 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था।

इस पब्लिक इश्यू का प्राइस बैंड 1,865 रुपये से लेकर 1,960 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। यह पूरा आईपीओ ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) था, क्योंकि ओएफएस के तहत जुटाया गया सारा पैसा सीधे कंपनी के निवेशकों या प्रवर्तकों के पास जाता है।

आईपीओ से पहले हुंडई मोटर इंडिया की ओर से सोमवार को एंकर निवेशकों से 8,315 करोड़ रुपये जुटाए थे। कंपनी की ओर से 225 एंकर निवेशकों को 1,960 रुपये के भाव पर 4.24 करोड़ शेयर आवंटित किए गए थे।



हुंडई मोटर इंडिया, मारुति सुजुकी इंडिया के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी कार कंपनी है। जून 2024 में कंपनी का मार्केट शेयर करीब 14 प्रतिशत था। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 7.77 लाख वाहनों की बिक्री की थी, जिसमें से 21 प्रतिशत का निर्यात अफ्रीका, मध्यपूर्व, यूरोप और लैटिन अमेरिका जैसे देशों में किया गया था। कंपनी के पास देश में 1,366 सेल्स आउटलेट्स और 1,550 सर्विस आउटलेट्स हैं।

हुंडई मोटर इंडिया की वित्त वर्ष 2023-24 में आय 69,829 करोड़ रुपये की थी। इस दौरान कंपनी को 6,060 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था और कंपनी का मार्जिन 13.1 प्रतिशत था।

## मेटा करेगा व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम में छंटनी



**नई दिल्ली।** मेटा ने अपनी विभिन्न डिवीज़नों जैसे व्हाट्सएप,इंस्टाग्राम, और रियलिटी लैब्स में कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी है। The Verge की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी यह कदम अपने खर्चों में कटौती और संचालन को और कुशल बनाने के लिए उठा रही है। सूत्रों का कहना है कि मेटा के इस फैसले से कई डिपार्टमेंट्स प्रभावित होंगे। इस छंटनी की पुष्टि 2023 में मेटा की s टीम से जुड़ने वाली कुछ अन्य कर्मचारियों ने बुधवार को की। मेटा के प्रवक्ता डेव अर्नाल्ड ने कहा है कि कंपनी अपने दीर्घकालिक लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए अपने रिसोर्सेज का पुनर्वितरण कर रही है। इसके तहत टीमों को एक यूनिट से दूसरी यूनिट में शिफ्ट किया जा रहा है और कर्मचारियों के रोल्स में भी बदलाव किए जा रहे हैं।

The Verge की रिपोर्ट के मुताबिक, डेव अर्नाल्ड ने यह भी बताया कि जब किसी पद को खत्म किया जाता है, तो मेटा प्रभावित कर्मचारियों को नए मौके देने के लिए हर संभव प्रयास करती है। Meta ने नवंबर 2022 से अब तक करीब 21,000 नौकरियों में कटौती की है, ताकि कंपनी के खर्चों को कम किया जा सके। CEO मार्क जुकरबर्ग ने 2023 को "Year of Efficiency" यानी कुशलता का साल कहा है, जिसके तहत ये कदम उठाए गए हैं। हाल ही में जारी हुए दूसरे तिमाही के नतीजों में Meta ने रेवेन्यू के मामले में बाजार की उम्मीदों को पीछे छोड़ दिया है इससे संकेत मिलता है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर डिजिटल-एड खर्च बढ़ने से कंपनी के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में हो रहे इन्वेस्टमेंट्स के खर्च की भरपाई हो सकती है।

## तीसरे दिन कमजोरी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार सेसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेशी निवेशकों की ओर से की गई चौतरफा बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। बिकवाली के दबाव के कारण निवेशकों को एक दिन में ही 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का सामना करना पड़ा। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के कुछ मिनट बाद ही विदेशी निवेशकों ने आक्रामक तरीके से बिकवाली शुरू कर दी। इस बिकवाली के कारण शेयर बाजार अपनी सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.61 प्रतिशत और निफ्टी 0.89 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में ऑटोमोबाइल, टेलीकम्युनिकेशंस और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही।



**निवेशकों को 1 दिन में लगा 6.03 लाख करोड़ रुपये का चूना**

## गुलाम अहमद मीर रांची पहुंचे, कहा
# 19 के बाद पहली सूची जारी करेगी कांग्रेस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रांची पहुंचे हैं। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मीर ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आएंगे, जहां वे डोरंडा के शौर्य सभागार में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। गुलाम अहमद मीर ने बताया कि 19 अक्टूबर के बाद कांग्रेस अपनी पहली प्रत्याशियों की सूची जारी करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस 2019 से झारखंड में गठबंधन में शामिल है, इसलिए सीटों के बंटवारे में कोई विवाद नहीं है। सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला तैयार हो चुका है और इसकी घोषणा सीईसी की बैठक के बाद की जाएगी।

प्रत्याशियों के नाम 21 अक्टूबर तक घोषित करने की संभावना है। बता दें कि इसके अलावा, राजद नेता तेजस्वी यादव भी 18 अक्टूबर को रांची पहुंचेंगे और सीएम हेमंत सोरेन के साथ बैठक करेंगे, जिसमें कांग्रेस और वामदल के नेता भी शामिल होंगे। इस बैठक में इंडिया गठबंधन के सीट शेयरिंग पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में करीब 500 प्रतिनिधियों को बुलाया गया है, और इसकी तैयारी में कांग्रेस और विभिन्न सामाजिक संगठन जुटे हुए हैं।

### प्रत्याशियों के नाम से पहले कांग्रेस का घोषणापत्र होगा जारी

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अपना मेनिफेस्टो भी तैयार करने में जुटी हुई है। झारखंड कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी झारखंड के आदिवासियों, मूलवासियों और झारखंडी मानस के हितों को ध्यान में रखते हुए घोषणापत्र तैयार कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक में राज्य भर से प्राप्त सुझावों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें सिख समुदाय से लेकर बंगाली समुदाय को न्याय दिलाने का मुद्दा भी शामिल रहा। बैठक के बाद मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस अपना चुनावी घोषणापत्र रियलिटी यानी वास्तविकता पर आधारित रखेगी। बंधु तिर्की ने कहा कि घोषणापत्र में उन्हीं वादों को शामिल किया गया है, जिन्हें कांग्रेस पूरा कर सकती है। घोषणापत्र को लेकर जिला और प्रमंडल स्तर पर चौपाल आयोजित कर जनता की राय ली गई है। बंधु तिर्की ने कहा कि घोषणापत्र जारी करने से पहले इसका प्रारूप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य सहयोगी दलों के साथ भी साझा किया जाएगा, ताकि सभी सहयोगी दलों में सामंजस्य बना रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड कांग्रेस द्वारा तैयार घोषणापत्र कांग्रेस घोषणापत्र समिति के राष्ट्रीय समन्वयक टी एस सिंहदेव को सौंपा जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी के नाम की घोषणा से पहले चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया जाएगा।

## मंईयां सम्मान योजना बनी मंईयां अपमान योजना : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना मंईयां अपमान योजना बन गई है। पिछले 5 साल से महिलाओं को सिर्फ ठगने वाले हेमंत सोरेन ने चुनाव नजदीक आते देख दिखावे की राजनीति के चलते मंईयां सम्मान योजना चालू तो की गई, लेकिन मंईयां सम्मान योजना, मंईयां अपमान योजना बनकर सामने आ रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन मंईयां सम्मान योजना के नाम पर चल रही ठगी का खुलासा हो रहा है। कभी फॉर्म के नाम पर पैसा लिया जा रहा है तो कभी लिस्ट में नाम चढ़ाने के नाम पर, तो कभी खाते में पैसा भेजने के लिए भी पैसे लिये जा रहे हैं।

श्री मरांडी ने कहा कि माताओं-बहनों का अपमान करना झामुमो-कांग्रेस की पुरानी परम्परा रही है। इसी को आगे बढ़ाते हुए हेमंत सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे महिलाओं का अपमान किया जा सके। माताओं-बहनों को ठगा जा सके। उनके अधिकारों को छीना जा सके और उनके मान सम्मान अभिमान पर ठेस पहुंचाया जा सके।

प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि अब और नहीं। अब परिवर्तन की बेला आ गई है। प्रदेश की माताओं-बहनों ने आपके बेईमान इरादों को बखूबी जान लिया है। माताओं बहनों के नाम पर योजनाएं चलाकर पैसे वसूलने के आपके इरादों को भी जनता ने समझ लिया है, जिसका परिणाम आगामी चुनाव में आपको देखने को मिलेगा।

## न्यूज | बॉक्स

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश के द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित किया। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार कौशल किशोर जी ने कहा रत्नाकर की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने दर्शन दिए. रत्नाकर के शरीर पर दीमकों का पहाड़ बन गया। इसलिए उन्होंने रत्नाकर को वाल्मीकि का नाम दिया, क्योंकि दीपकों के घर को वाल्मीक कहा जाता है। साथ ही ब्रह्माजी ने रत्नाकर को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरणा भी दी। इसके बाद से रत्नाकर को वाल्मीकि के नाम से जाना जाता है। इस तरह राम का नाम जपते हुए डाकू रत्नाकर महर्षि वाल्मीकि बन गए। क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा महर्षि वाल्मीकि के जन्मदिन के मौके पर वाल्मीकि जयंती मनाई जाती है। वाल्मीकि जी भगवान राम के सबसे बड़े भक्त माने जाते थे और इन्होंने ही पूरी रामायण लिखी थी। यूं तो इस तिथि को सभी लोग धूमधाम के साथ मनाते हैं लेकिन खासतौर पर वाल्मीकि समुदाय के लोगों के लिए यह तिथि विशेष मानी जाती है। इस दिन ऋषि वाल्मीकि की पूजा की जाती है। उनके मंदिरों को फूलों से सजाया जाता है साथ ही रामायण की चौपाई पढ़ी जाती है। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा महर्षि वाल्मीकि भारत के दर्शन और इतिहास में एक बहुत ही चर्चित नाम हैं।

### राजद संसदीय बोर्ड की बैठक संपन्न कहा- 22 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रांची में झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल संसदीय बोर्ड की आवश्यक बैठक पूर्व मंत्री सुरेश पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड में हो रहे विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल 22 सीटों पर चुनाव लड़ने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि सभी सीटों का चयन और प्रत्याशियों का चयन राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव करेंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव,संसदीय बोर्ड के सदस्य और झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ मनोज कुमार, संसदीय बोर्ड के सदस्य श्रीमती अनीता यादव, संसदीय बोर्ड के सदस्य रंजन यादव, संसदीय बोर्ड के सदस्य रानी कुमारी, संसदीय बोर्ड के सदस्य विक्रम यादव, संसदीय बोर्ड के सदस्य चंद्रिका यादव, संसदीय बोर्ड के सदस्य राजकुमार यादव सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

### नीरज सिंह मर्डर केस के आरोपी डब्ल्यू मिश्रा को मिली जमानत

**रांची।** धनबाद के हाई प्रोफाइल नीरज सिंह मर्डर केस के आरोपी डब्ल्यू मिश्रा को हाईकोर्ट ने गुरुवार को जमानत दे दी है। जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने डब्ल्यू मिश्रा को जमानत प्रदान की है। डब्ल्यू मिश्रा के वकील मो जावेद ने बताया कि पूर्व विधायक संजीव सिंह की भी जमानत अर्जी कोर्ट में लगी हुई है। वे फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में हॉस्पीटल में इलाजरत हैं।

**क्या है पूरा मामला**

धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह और उनके तीन समर्थकों की हत्या 21 मार्च 2017 को कर दी गई थी। नीरज सिंह पर यह हमला उस वक्त हुआ, जब वे अपनी गाड़ी से स्टील गेट स्थित अपने आवास रघुकुल जा रहे थे। नीरज सिंह की गाड़ी जैसे ही स्टील गेट के पास पहुंची, उस वक्त हमलावरों ने तीन ओर से गाड़ी पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। इस हमले में नीरज सिंह के अलावा उनके निजी बॉडीगार्ड मुन्ना तिवारी और चालक अशोक यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी।

**डब्ल्यू मिश्रा पर रेकी करने का आरोप**

डब्ल्यू मिश्रा पर नीरज सिंह की रेकी करने का आरोप है। वह शूटरों को नीरज सिंह की गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराता था। मिश्रा पर यह भी आरोप है कि वह घर किराये में लेकर शूटरों को ठहराया था। पुलिस ने डब्ल्यू मिश्रा को 11 अप्रैल 2017 को धनबाद के सरायढ़ेला थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था।

### स्पीकर के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** स्पीकर सह नाला विधायक रवींद्र नाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरुवार को बहस पूरी हो गई। इसके बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। बताते चलें कि यह याचिका संतोष हेंब्रम से दाखिल की थी। प्रार्थी की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान रवींद्रनाथ महतो ने पंपलेट के जरिए दुष्प्रचार किया, जिससे मेरे जनाधार पर असर पड़ा। इस कारण रवींद्रनाथ महतो का निर्वाचन रद्द किया जाना चाहिए।

## अपने स्वार्थ में लिप्त नेता लड़ा रहे हैं आदिवासियों व मूलवासियों को : डॉ सूरज मंडल

☐ विधानसभा चुनाव में झारखंड आंदोलनकारियों को गोलबन्द करेगा मोर्चा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा के नेतृत्व में शुरू किया गया झारखण्ड आंदोलन असफल रहा था। क्योंकि तब बिहार के नेता झारखण्ड के आदिवासियों एवं मूलवासियों को आपस में लड़वाने, फूट डालने एवं उसका फायदा उठाने के लिये हमेशा ही साजिश रचते थे। अब वही सारे तत्व यही काम रांची में बैठकर करते हैं। डॉ मंडल ने कहा कि उन्होंने झारखण्ड गठन आंदोलन को नये सिरे से एकजुट किया। लेकिन वैसे नेताओं की फूट डालो राज करो वाली नीति के कारण ही अलग राज्य का गठन होने में दशकों गुजर गये।

डॉ मंडल गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखण्ड गठन के बाद ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत जबकि अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढाकर 27 प्रतिशत कर दिया।

डॉ मंडल ने कहा कि हेमंत सोरेन ने सत्ता में आने पर ओबीसी आरक्षण को पुनः 27 प्रतिशत करने, ओबीसी वर्ग को पाँच लाख नौकरी देने, पुरानी गलतियों को सुधारने जैसी अनेक बातें कही थी लेकिन सत्ता में आते ही वह कांग्रेस की गोद में बैठ गये। डॉ मंडल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखण्ड के विकास की अहमियत समझने वाले को झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा अपना समर्थन देगा।

झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा के वरिष्ठ नेता प्रभाकर तिर्की ने कहा कि झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा की कोर कमेटी का गठन कर दिया गया है। यह विधानसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभायेगी।

## जेएलकेएम की तीसरी लिस्ट जारी, आठ प्रत्याशियों के नाम की घोषणा
# देवेंद्र महतो सिल्ली से लड़ेंगे चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने अपने प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। तीसरी लिस्ट में आठ प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की गई है।

शहर के एक निजी होटल में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सुशील मंडल ने प्रत्याशियों की लिस्ट मीडिया के समक्ष जारी की। केंद्रीय प्रवक्ता ने बताया कि रांची के सिल्ली विधानसभा से देवेन्द्र नाथ महतो प्रत्याशी होंगे। जबकि ईस्ट सिंहभूम की घाटशिला विधानसभा से रामदास मुर्मू पार्टी की तरफ से चुनावी मैदान में प्रत्याशी के रूप उतरेंगे। वहीं पोटका सीट से भागीरथ हांसदा को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। तरुण कुमार डे को जमशेदपुर ईस्ट से प्रत्याशी बनाया गया है। गोड्डा के महगामा विधानसभा सीट के लिए पार्टी ने




जवाहर लाल यादव पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है। रांची की कांके विधानसभा सीट के लिए फुलेश्वर बैठा प्रत्याशी हैं। राजीव यादव को दुमका की जरमुंडी सीट से प्रत्याशी के रूप में उतारा गया है। गोड्डा की पोड़ैयाहाट सीट पर प्रवीण कुमार महतो प्रत्याशी होंगे। जयराम महतो की दूसरी सीट के लिए केंद्रीय प्रवक्ता ने बताया कि मांडू या गोमिया सीट से वह चुनाव लड़ सकते हैं। शेष बची हुई सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा भी 24 घंटे के अंदर करने का दवा किया है। सिंदरी सीट पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा के बाद पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा विरोध किया गया था। इस सवाल के जवाब में केंद्रीय प्रवक्ता ने कहा कि विरोध कोई जनता नहीं कर रही है। पार्टी के नेता कर रहे हैं। ढुल्लू महतो को जब बीजेपी ने लोकसभा में धनबाद से प्रत्याशी बनाया था, उस वक्त भी विरोध हुआ था। विरोध होना स्वाभाविक है। यह कोई बड़ी बात नहीं है।

### किरायेदार युवती से जबरदस्ती के आरोप में मकान मालिक गिरफ्तार

**रांची।** चुटिया निवासी युवती से जबरदस्ती करने के आरोप में दर्ज केस के आधार पर पुलिस ने आरोपी मकान मालिक संदीप साहू को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पीड़िता ने चुटिया थाने में दर्ज केस में बताया था कि वह संदीप के मकान में किरायेदार थी। इसी बीच संदीप ने इंस्टाग्राम पर उससे दोस्ती कर ली। इसके बाद वह अश्लील वीडियो व फोटो भेजने लगा। विरोध करने पर भी नहीं माना। आरोपी 16 अक्तूबर को उसके घर आया और जबरदस्ती करने लगा। शोर मचाने पर मौके से फरार हो गया। इसके बाद उसने थाने में केस दर्ज कराया।

### एक भी गवाह नहीं पहुंचा, तीन आरोपी बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अक्षत श्रीवास्तव की अदालत ने मारपीट व धमकी से जुड़े 12 साल पुराने केस की सुनवाई कर 3 आरोपियों डोरंडा निवासी राजेश खलखो, राहुल सिंह परिहार व अभिषेक सिंह को साक्ष्य के अभाव में गुरुवार को बरी कर दिया। तीनों पर सेल्समैन रंजीत प्रसाद ने 2012 में डोरंडा थाना में उक्त आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## रांची में आज भी होगी बारिश, कल से छंटेंगे बादल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में पलामू और आसपास के जिलों को छोड़कर शुक्रवार को भी हल्के बादल छाए रहेंगे। रांची समेत राज्य में कुछ जगह हल्की बारिश के साथ वज्रपात की आशंका है। हालांकि अगले 24 घंटे के बाद बादल छंट जाएंगे और मौसम शुष्क रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में बना सिस्टम कमजोर पड़ रहा है। इससे हवा का रुख बदलेगा। वहीं, पश्चिमी हवा के कारण मौसम शुष्क रहेगा। राज्य में पिछले 24 घंटों में संताल परगना प्रमंडल और आसपास के क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा महेशपुर में 80.0 मिमी हुई। बोकारो में 62.8 मिमी, हजारीबाग में 54.0, दुमका में 49.6, धनबाद में 42.6, गिरिडीह में 42.2, रांची के ओरमांझी में 18.6, जामताड़ा में 11.8 मिमी बारिश हुई।

लगातार बादल छाए रहने से रांची में 29.1 डिग्री अधिकतम और 22.2 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। मेदिनीनगर में अधिकतम 32.8 और न्यूनतम 24.6 डिग्री तथा जमशेदपुर में 34.5 अधिकतम और न्यूनतम 23.7 डिग्री सेल्सियस रहा। पश्चिमी सिंहभूम का अधिकतम सबसे अधिक 34.8 डिग्री रहा।

### झारखंड कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति की बैठक आज शुक्रवार को होगी। ये जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी मजबूत नींव के साथ तैयारी प्रारंभ कर चुकी है। जीत की दिशा में आगे बढ़ने के लिए कल प्रदेश के विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार चयन हेतु चुनाव समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बुलाई गई है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उलाका, सीरीबेला प्रसाद, स्क्रीनिंग समिति के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर, प्रकाश जोशी, पूनम पासवान, वरीय पर्यवेक्षक सांसद तारीक अनवर, अधीर रंजन चौधरी, भट्टी विक्रमार्का मल्लू, वरीय कोऑर्डिनेटर बी के हरिप्रसाद,मोहन मारकम सहित चुनाव समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे। बैठक में सभी विधानसभा से प्राप्त आवेदनों के आधार पर उम्मीदवारों की समीक्षा कर सभी सदस्यों का मंतव्य लेकर सूची बनाई जाएगी।

## आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले 6 अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले छह अपराधी गिरफ्तार हुआ है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने मेसरा ओपी क्षेत्र के चुट्टू गांव से छह अपराधियों को गिरफ्तार किया। ये सभी अपराधी डकैती की घटना को अंजाम देने वाले थे। इससे पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में मास्टरमाइंड वशी अहमद उर्फ बसी अहमद उर्फ अरमान, इमरान अंसारी उर्फ बडकू, आफताब अंसारी उर्फ रेंचो, सत्यम कुमार महतो उर्फ सतू, अरसद आलम उर्फ छोटका और सनु अंसारी शामिल है। गुरुवार शाम एसएसपी चंदन सिन्हा ने अपने ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि सभी अपराधी चुट्टू गांव में अशरफ अंसारी के घर में डकैती योजना बना रहे थे। लेकिन पुलिस ने सूचना मिलते ही सभी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, तीन जिंदा गोली, दो बाइक और दस हजार रुपये नकद बरामद किया है।




## सरकार को पांच सालों में जनता की याद नहीं आई : सुदेश महतो
### जेएमएम और कांग्रेस की जोड़ी ने राज्य का हाल बेहाल कर दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार ने जनादेश का अपमान कर जनता को सिर्फ छलने का काम किया है। इन्हें पिछले पांच सालों में जनता की याद तक नहीं आई और चुनाव सामने देख फिर लोगों को भ्रामित करने में जुट गए हैं। जनता इनकी वादाखिलाफियों का जवाब अपने मताधिकार से देगी।उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अपने कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डाड़ी प्रखण्ड के रिझु चौधरी और दिवाकर महतो के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं और माण्डू मुखिया अनिता देवी और छोटेलाल भुइयाँ के नेतृत्व में भुइँया समाज के कई लोगों ने पार्टी के सदस्यता ग्रहण की।

जेएमएम और कांग्रेस की जोड़ी ने राज्य का हाल बेहाल कर दिया। युवा, महिला, किसान, बुजुर्ग समेत समाज का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है। सरकार के आचरण से त्रस्त जनता अब बदलाव के लिए तैयार है। सैकड़ों वादों की पोटली लेकर सत्ता में आई इस सरकार ने अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया।

राजनीति एक जवाददेह विषय है। सरकार इस जवाबदेही का निर्वहन नहीं कर पाई। युवाओं को नौकरी के नाम पर बरगला कर इन्होंने उनका मत हासिल किया और सत्ता पर काबिज हो गए लेकिन पांच साल से युवा अपने हक अधिकार के लिए सड़कों पर है। सरकार का युवाओं से वादा नौकरी का था लेकिन उन्हें केवल लाठियां ही मिली। जनता इनके द्वारा किए गए वादों और कार्यों का मूल्यांकन करेगी।



**इन्होंने ली सदस्यता**

सुदर्शन भुइयां बालसागरा मुखिया, छोटेलाल भुईयां मांडू मुखिया, पांचू भुईयां हेसालौंग मुखिया, रिशु नाथ चौधरी बलसगरा, दिबाकर महतो, हुवे,मिथुन भुईयां, विजय राय, विनोद राय, बादल राय, अनिल प्रजापति, जगरनाथ भुइयां, अमन भुइयां, राजू भुईयां, दिलिप प्रजापति, विक्रम कुमार, राजेश्वर भुईयां, छोटन राय, भिखराज भुईयां, सरभु भुईयां, मदन राय, रवि प्रजापति, उमेश महतो , मांडू चट्टी मुखिया श्रीमती अनिता देवी पति छोटेलाल, बालेश्वर भुईयां, लालमोहन कुमार, जगेश्वर भुईयां, गोपी भुईयां, छोटन भुईयां, सीटन भुईयां,सोनू कुमार, राहुल कुमार, रिंकू कुमार, आयुश कुमार, रितिक ठाकुर, अमन बिरहोर समेत अन्य कई लोगों ने पार्टी का दामन थामा।

### कोल परियोजना विस्थापन में कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में मगध व आम्रपाली कोल परियोजना के विस्थापितों के पुनर्वास मामले में दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने राज्य सरकार और सीसीएल को जवाब दायर करने का निर्देश दिया। अदालत ने जानना चाहा है कि सरकार द्वारा जो जमीन रैयत को सेटल किया गया है, उसका मुआवजा किसको मिलेगा। सीसीएल यह भी बताएं कि तीन गांवों में हजारों विस्थापितों के पुनर्वास के लिए क्या-क्या कदम उठाया गया है। मामले की अगली सुनवाई चार दिसंबर को होगी। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि तीन गांव में 60,000 विस्थापित हैं। उनका पुनर्वास नहीं किया गया है।

## आज | कल




## पृष्ठ एक के शेष

**दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए...**

मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके लिए फार्म 12 डी भरना अनिवार्य होगा। उन्होंने वरिष्ठ मतदाताओं को चिन्हित कर चुनाव प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

**विधायक भानू पर आचार...**

दिया, जिसमें सड़क का फोटो भी अपलोड किया गया। लेकिन गढ़वा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ संजय कुमार ने सीओ के ऑनलाइन अपलोड किए गए जवाब को ड्रॉप कर दिया। इस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जमुआर ने कम समय में सीओ के जांच रिपोर्ट देने को संदिग्ध मानते हुए पुनः जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद, सीओ अनिल रविदास ने थाना में प्राथमिकी दर्ज की। इस घटनाक्रम के बाद, निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण सी-विजिल पोर्टल पर गलत रिपोर्ट के आरोप में सीओ के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

**विधायक पर भी दर्ज हुई प्राथमिकी :** वहीं, भवनाथपुर के विधायक भानू प्रताप शाही पर बंशीधर नगर के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज कराई है। विधायक ने बिना रिटर्निंग ऑफिसर की अनुमति के आशीर्वाद रथ यात्रा कार्यक्रम का संचालन किया था, जिसके तहत उनका वाहन संख्या यूपी 81-सीटी 0139 का उपयोग किया गया। इस मामले में विधायक भानू प्रताप शाही के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के तहत कार्रवाई की गई है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# कनाडा के सांसदों ने पीएम टूडो के इस्तीफे की मांग तेज की

एजेंसी

**ओटावा।** घरेलू और विदेशी, दोनों मोर्चों पर मुश्किलों में घिरे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो की परेशानी और बढ़ सकती है। उनकी अपनी पार्टी के तथा कुछ अन्य सांसदों ने, जो अब तक सार्वजनिक रूप से उनकी आलोचना कर रहे थे, अब आधिकारिक तौर पर उनका इस्तीफा मांगने की योजना बनाई है। कनाडा के प्रमुख दैनिक 'द ग्लोब एंड मेल' ने गुरुवार को बताया कि कम से कम 20 सांसद टूडो को पद से हटाने की मांग पर हस्ताक्षर के लिए सहमत हुए हैं। अखबार के अनुसार, उन्हें बाहर करने की कोशिशें अब एक गंभीर प्रयास में बदलती दिख रहा हैं। अखबार ने कहा कि उम्मीद है कि कॉकस सदस्य कुछ ही दिनों में पार्टी नेतृत्व से टूडो के आधिकारिक इस्तीफे की मांग करेंगे। अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है, तीन लिबरल सांसदों ने 'द ग्लोब एंड मेल' को बताया है कि उन्हें उम्मीद है कि मांग दो चरणों में प्रस्तुत की जाएगी : पहला, इस सप्ताह के अंत तक लिखित में कहा जाएगा कि घटक सांसदों को बता रहे हैं कि टूडो को पद छोड़ने की जरूरत है; और दूसरा, बुधवार को ओटावा में पार्टी की अगली कॉकस बैठक में एक ओपन माइक्रोफोन सत्र में।

इससे पहले बुधवार को, लंबे समय से चार्लोटटाउन के लिबरल सांसद सीन केसी ने खुले तौर पर पार्टी के प्रमुख के रूप में टूडो के इस्तीफे की मांग की थी। केसी ने एक साक्षात्कार में सीबीसी न्यूज नेटवर्क को बताया, लोग काफी बर्दाश्त कर चुके हैं। वे अब उन्हें महत्व नहीं दे रहे हैं। वे चाहते हैं कि वह हट जाएं। उन्होंने कहा, मुझे जो संदेश मिल रहा है वह जोरदार और स्पष्ट है - और समय के साथ और भी अधिक मजबूती हो रहा है - कि अब (टूडो के) जाने का समय है। और मैं सहमत हूं। भारत ने कई बार यह स्पष्ट किया है कि टूडो राजनीतिक लाभ के लिए भारत को बदनाम करने की सोची-समझी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा, आज हमने जो सुना है वह केवल उस बात की पुष्टि करता है जो हम लगातार कहते आ रहे हैं - कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों के समर्थन में हमें कोई भी सबूत नहीं दिया है। इस गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण भारत-कनाडा संबंध को हुए नुकसान के लिए सिर्फ प्रधानमंत्री टूडो जिम्मेदार हैं।



## टूडो ने 'ठोस सबूत' न होने की बात कबूली

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के कबूलनामे के बाद विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने जो सुना है वह नई दिल्ली के रुख की पुष्टि करता है। बताता है कि ओटावा ने हमें हमारे अधिकारियों और राजनयिकों के खिलाफ कोई सबूत पेश नहीं किया है। इससे पहले बुधवार को कनाडा की विदेशी हस्तक्षेप जांच कमिटी के समक्ष गवाही देते हुए टूडो ने कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या को लेकर भारत कनाडा द्वारा लगाए गए आरोपों पर सबूतों मांग रहा है, लेकिन उनकी (टूडो) सरकार ने केवल खुफिया जानकारी दी है, कोई ठोस सबूत नहीं।

# निकिता पोरवाल बनीं मिस इंडिया



**29 सुंदरियों के बीच हुआ मुकाबला**

### अब मिस वर्ल्ड में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

*दादरा-नगर हवेली की रेखा पांडेय पहली रनर अप और गुजरात की आयुषी ढोलकिया दूसरी रनर अप रहीं।*

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उज्जैन की रहने वाली निकिता पोरवाल ने फेमिना मिस इंडिया-2024 का खिताब जीत लिया है। निकिता अब मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। अपनी उपलब्धि पर निकिता ने कहा कि उन्हें मिस इंडिया ही बनाना था, इसलिए मॉडलिंग और थियेटयर में अपना करियर बनाना शुरू किया। मैंने कई बार रामलीला में माता सीता का किरदार निभाया है। जब छोटी थी तो मम्मी अक्सर मुझे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में मिस इंडिया बनाकर ही भेजा करती थीं। अब मैं सच में मिस इंडिया बन गई। निकिता उज्जैन के पेट्रो केमिकल व्यापारी अशोक पोरवाल की बेटी हैं। निकिता ने अपनी स्कूली शिक्षा उज्जैन में ही की और फिर उच्च शिक्षा के लिए बाहर गईं। निकिता फिल्म अभिनेत्री बनने का सपना संजोए सात वर्ष पहले स्कूली शिक्षा पूरी कर मुंबई शिफ्ट हो गई थीं। निकिता को मिस इंडिया का खिताब मिलने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है और उनके अरविंद नगर स्थित घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इससे पहले अगस्त 2024 में निकिता को फेमिना मिस इंडिया मध्य प्रदेश का खिताब भी मिला था। मिस इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले बुधवार की रात मुंबई के वर्ली में आयोजित किया गया था, जिसमें विजेता निकिता पोरवाल चुनी गई, जबकि दादरा और नगरी हवेली की रेखा पांडेय पहली रनर अप और गुजरात की आयुषी ढोलकिया दूसरी रनर अप रहीं। प्रतियोगिता में उनका चयन देश की 29 सुंदरियों के बीच हुआ। निकिता ने मिस इंडिया का खिताब जीतने के बाद कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए खुद को तैयार करना आसान नहीं था। अब तक जितना भी कुछ कर पाई, माता-पिता के सहयोग और अपने संकल्प से। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें पशुओं से बहुत प्रेम है। पशुओं की देखरेख के लिए वे देश में कुछ बड़ा करना चाहती हैं।

# महाराष्ट्र , झारखंड चुनाव को लेकर कांग्रेस व सहयोगी दलों की चिंता

## भाजपा के पात-पात की काट करें तो कैसे

कृष्णमोहन सिंह




**नई दिल्ली।** हरियाणा विधान सभा चुनाव में चाहे जैसे भी, हार जाने के बाद कांग्रेस नेतृत्व को गलतियों का अहसास होने लगा है। डर भी हो गया है कि भाजपा ने जिस भी तरह हरियाणा जीत लिया, और जम्मू-कश्मीर में भी तख्ता पलटने के प्रयास की चर्चा है, इससे पार पाने का एक ही तरीका है गंभीरता व एकजुटता से उसकी हर चाल की काट के लिए लगना, जूझना। इसी के मद्देनजर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने महाराष्ट्र के पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि अति आत्मविश्वास से बचें और चुनाव जीतने के लिए साथ मिलकर एकजुटता से काम करना होगा। कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत से दूर रखने में कामयाब होने के बाद हरियाणा व जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में बहुत उम्मीद व जोश से चुनाव लड़ा था। जिसमें एग्जिट पोल ने भी उम्मीद बढ़ा दी थी। लेकिन परिणाम आया तो हरियाणा हाथ में आने का सपना समाप्त हो गया। हार के बाद कांग्रेस ने 20 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आयोग से पुनर्मतगणना की मांग की है। आयोग को लिखे पत्र में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए नारनौल, करनाल, डबवाली, रेवाडी, होडल (एससी), कालका, पानीपत सिटी, इंद्री, बड़खल, फरीदाबाद एनआईटी, नलवा, रानियां, पटौदी (एससी), पलवल, बल्लभगढ़, बरवाला, उचाना कलां, घरौंडा, कोसली व बादशाहपुर सहित अन्य जगह गड़बड़ी की बात कही है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि 8 अक्तूबर को गिनती के दौरान कुछ ईवीएम की बैटरी 99 प्रतिशत चार्ज थी व कुछ ईवीएम की बैटरी 60 से 80 प्रतिशत चार्ज थी। जिन ईवीएम की बैटरी 99 प्रतिशत चार्ज थी उसमें भाजपा को अधिक मत मिले, जबकि जिन ईवीएम की बैटरी 60 से 80 प्रतिशत चार्ज थी उसमें कांग्रेस को ज्यादा वोट मिले हैं।यह किस तरह की याचिका है', सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की 20 सीटों पर दोबारा चुनाव कराने की मांग खारिज की। इससे चिंतित कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं ने महाराष्ट्र के 288 विधान सभा सीटों पर एक चरण में ही 20 नवंबर को तथा झारखंड के 81 विधान सभा सीटों पर 13 व 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए पूरी तरह से एकजुट होने व हरियाणा वाली गलती नहीं करने की बात कही।

यह भी बात हुई है कि 23 मतगणना के समय जिन ईवीएम की बैटरी 90 प्रतिशत चार्ज दिखे , उस पर तुरंत आपत्ति जता केस किया जाए। इंडिया गठबंधन ने महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में ठीक प्रदर्शन किया ।कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें से 13 सीटों पर जीती थी ।उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने 9 सीटें तो शरद पवार की एनसीपी ने 8 सीटें जीती । लेकिन हरियाणा के विधान सभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाने से महाराष्ट्र में इसका थोड़ा असर दिखने लगा है। कांग्रेस से गठबंधन वाली पार्टी उद्धव ठाकरे की शिवसेना विधान सभा सीटों के बंटवारे के पहले सीएम पद का प्रत्याशी तय करने की बात कर रही है। जबकि कांग्रेस चाहती है कि लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीतने के कारण उसका ही से ज़्यादा रहे। चुनाव बाद जब मुख्यमंत्री बनाने की नौबत आये तो उसका ही कोई मुख्यमंत्री बने । जबकि उद्धव ठाकरे चाहते हैं कि उनको गठबंधन दल की तरफ से मुख्यमंत्री के तौर पर पेश करके चुनाव लड़ा जाए। कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस की पूरे महाराष्ट्र में पैठ है ,इसलिए वह ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 17 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ी थी, जिसमें से 13 सीटों पर जीती , शिवसेना यूबीटी 21 सीटों पर लड़ी 9 सीटों जीती, शरद पवार की एनसीपी 10 सीटों पर लड़ी 8 सीटों पर जीती। महाराष्ट्र के नेताओं के साथ कांग्रेस नेतृत्व की जो बैठक हुई उसमें तय हुआ कि गठबंधन को पहले एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए, अभी मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस ने 288 में से 112 के लगभग सीटों पर , शिवसेना यूबीटी लगभग 93 सीटों पर ,शरद पवार की एनसीपी लगभग 83 सीटों पर लड़ना चाहती है। लेकिन महत्वपूर्ण चुनौती एकजुटता के साथ चुनावी अभियान चलाने की है।

जहां तक झारखंड का सवाल है तो वहाँ झारखंड मुक्ति मोर्चा ही प्रमुख है। कांग्रेस उसकी छोटी सहयोगी पार्टी है। बीते विधान सभा चुनाव में झामुमो ने 81 में से 43 विस सीटों पर चुनाव लड़ा था , जिसमें से 30 पर जीता था। कांग्रेस 31 सीटों पर लड़ी , 16 जीती थी। राजद 7 सीटों पर लड़ा था ,एक सीट जीता था। इस बार सीपीआई एमएल भी 5 सीटें मांग रही है। कांग्रेस इस बार 33 सीटें मांग रही है। लोकसभा चुनाव में मिले मतों के हिसाब से देखें तो एनडीए ने झारखंड की 81 विधानसभा सीटों में से 49 पर बढ़त ली थी, अकेले भाजपा ने 46 सीटों पर बढ़त ली थी। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन को उम्मीद इस बात से है कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में कुछ नुकसान हुआ है, और उसकी सीटें 11 से घटकर 8 रह गई हैं। 14 लोकसभा सीटों में से भाजपा-आजसू गठबंधन ने 9 सीटें जीतीं। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने 5 सीटें जीती। लेकिन हरियाणा में तो भाजपा कुल 10 लोकसभा सीटों में से 5 हार गई, कांग्रेस 5 सीटें जीत गई,फिर भी भाजपा हरियाणा विस चुनाव में लगातार तीसरी बार जीती है।

## प्रधानमंत्री का 20 को वाराणसी दौरा, देश को देंगे कई उपहार

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सुरक्षा के अभेद्य किलेबंदी के बीच छह घंटे प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री वाराणसी सहित पूरे देश को दीपावली के पहले 3254.03 करोड़ की परियोजनाओं की बड़ी सौगात भी देंगे। इसमें 380.13 करोड़ की 15 परियोजनाओं का लोकार्पण व 2874.17 करोड़ की दो परियोजनाओं का शिलान्यास होना है। वाराणसी प्रवास में प्रधानमंत्री मोदी सिगरा खेल स्टेडियम में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए जिले में प्रशासनिक सरगर्मी बढ़ गई है। अफसर और भाजपा के काशी क्षेत्र के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। सिगरा स्टेडियम में तैयारियां अन्तिम दौर में है। एसपीजी टीम भी शहर में पहुंच गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से ही छह अन्य जिलों को एयरपोर्ट की सौगात देंगे। इसमें बागडोगरा, दरभंगा, आगरा एयरपोर्ट में नए सिविल एन्क्लेव का निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इनकी लागत 3041 करोड़ रुपये हैं।

# एजुकेशन/करियर

स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन कोर्स हैं। यह पाइपलाइन इंजीनियरिंग से लेकर ब्रिज इंजीनियरिंग और बिल्डिंग इंजीनियरिंग से लेकर विमान और जहाजों जैसी विशाल वायु और जल संरचनाओं तक के बारे में हो सकता हैं। स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग इमारतों, पुलों, भूकंप और औद्योगिक संरचनाओं के लिए संरचनात्मक सहायता प्रणालियों का डिज़ाइन है। इंजीनियरिंग की यह शाखा एक लोड को सुरक्षित रूप से समर्थन करने पर केंद्रित है, और इन समर्थनों को डिजाइन करने के लिए भौतिकी और गणित के सिद्धांतों पर निर्भर करती है। भारत में, स्ट्रक्चरल इंजीनियरों की मांग अधिक है क्योंकि प्रत्येक निर्माण के लिए कुशल इंजीनियरों की आवश्यकता होती है ताकि इसकी स्थायित्व और गुणवत्ता बनाए रखी जा सके। बड़ी संख्या में बिल्डर, ठेकेदार या आर्किटेक्ट स्ट्रक्चरल इंजीनियरों को अपने सलाहकार के रूप में नियुक्त करते हैं।

## स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में बना सकते हैं करियर



### स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग कोर्स

- स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग अध्ययन के सबसे लोकप्रिय क्षेत्रों में से एक है। स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग क्षेत्र के उद्योग में मांग लगातार पिछले 10 वर्षों की तुलना में ज्यादा बढ़ रही है।
- स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग के कोर्स के पूरा होने पर छात्रों को आसानी से विभिन्न आईटी फर्मों और मल्टी नेशनल कंपनियों में प्लानिंग इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर, प्रोजेक्ट इंजीनियर, साइट इंजीनियर के रूप में नौकरी मिल जाती है।
- सिविल टेक्नोलॉजी के सभी पहलुओं को समझने में रुचि रखने वाले उम्मीदवारों को निश्चित रूप से इस कोर्स को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहना चाहिए।
- स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में बी.टेक के छात्र के लिए औसत पैकेज निजी और सार्वजनिक दोनों संगठनों के लिए उच्च लेवल पर हैं।
- स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वेतन अत्यधिक आकर्षक है और करियर के विकास के लिए बहुत सारे अवसर हैं।

### स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग के लिए आवेदन प्रक्रिया

- विश्वविद्यालयों द्वारा प्रवेश परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म जारी किया जाता है।
- छात्रों को अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन फॉर्म शुल्क के साथ भरा जा सकता है।
- प्रवेश पत्र कॉलेजों और विश्वविद्यालयों द्वारा आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाते हैं।
- परीक्षा की तारीख संबंधित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों द्वारा आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाती है।
- इसके बाद परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाता है।
- काउंसलिंग सेशन सभी छात्रों को ऑफलाइन मोड में प्रदान किया जाता है।
- दस्तावेज़ वेरीफिकेशन की तारीख कॉलेजों और विश्वविद्यालयों द्वारा दी जाएगी। छात्रों को ट्यूशन फीस के साथ अपने मूल दस्तावेज कॉलेज में जमा करने होंगे।
- आवश्यक दस्तावेज हाई स्कूल मार्कशीट, इंटरमीडिएट मार्कशीट, पासपोर्ट साइज फोटो, बैचलर्स डिग्री, मास्टर डिग्री हैं।
- स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में बीटेक+एमटेक एंट्रेटिव कोर्स, बीटेक और एमटेक कोर्स कर के अपना करियर बना सकते है।

### स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग के बाद जॉब्स

*कुछ जॉब प्रोफाइल जिनमें स्ट्रक्चरल इंजीनियर अपना फ्यूचर आजमा सकते हैं-*

- क्वालिटी एनालिस्ट
- स्ट्रक्चर इंजीनियर
- स्ट्रक्चरल कंसलटेंट
- ब्रिज इंजीनियर
- ऑफसोर कंस्ट्रक्शन इंजीनियर
- ऑफ शोर डिजाइन इंजीनियर
- कंस्ट्रक्शन इंजीनियर

